लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:11 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

वर्ष 5, अंक 71, पृष्ठ 20+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 28 जनवरी 2024

www.amritvichar.com




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मरते पक्षियों का शोकगीत व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।



इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका में कंगना...19

**आज का मौसम** — 17.0° अधिकतम तापमान | 8.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 07 : 02 | सूर्यास्त 05 : 48

## राबड़ी देवी, बेटी मीसा दिल्ली की कोर्ट में तलब

▸▸ नौकरी के बदले जमीन मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। न्यायाधीश ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ भी पेशी वारंट जारी किया, जो फिलहाल मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के एक कथित करीबी सहयोगी कात्याल (49), रेलवे कर्मचारी एवं कथित लाभार्थी हृदयानंद चौधरी, दो फर्म 'ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को उनके साझा निदेशक शारिकुल बारी के माध्यम से भी आरोप पत्र में नामजद किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार करके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संचालित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। शनिवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस ने जिले के करनाह इलाके में आतंकवादियों से जुडे पांच लोगों गिरफ्तार करके हथियारों तथा गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने एक विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया, जो लश्कर-ए-तैयबा के पीओके स्थित दो आकाओं द्वारा इस ओर भेजे गए हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल था।

## आस्ट्रेलियाई ओपन जीत बोपन्ना ने रचा इतिहास

▸▸ बोपन्ना-इबडेन ने जीता पहला पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब

▸▸ ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने रोहन

**43** वर्ष की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी रोहन के नाम



**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना ने शनिवार को मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। दूसरी वरीय बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने 1 घंटा 39 मिनट तक चले फाइनल में इटली की जोड़ी पर 7-6(0) 7-5 से जीत दर्ज की। लिएंडर पेस और महेश भूपति ही पुरुष टेनिस में मेजर खिताब जीत पाए हैं जबकि सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

## अब हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने किया एलान खिलाड़ियों को निश्चित मानदेय पर खेलो यूपी सेंटर में नियुक्त किया जाएगा कोच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की। कहा कि केंद्र की ओर से हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, उसी तर्ज पर प्रदेश के हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके लिए खेल विभाग के साथ मिलकर बजट तय होगा। खिलाड़ी खेलों के उपरांत अपना समय दे सकते हैं, उनको सेंटर में निश्चित मानदेय पर कोच नियुक्त किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेताओं को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

### आज सरकार पैसा भी दे रही और नौकरी भी : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज 189 खिलाड़ियों को 62 करोड़ की राशि प्रदान की गई है तो 7 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पहले पैसा देकर नौकरी खरीदते थे, आज सरकार नौकरी भी दे रही है और पैसा भी। सरकार ने पहले से संकल्प लिया है कि हम हर जनपद में स्टेडियम बनाएंगे, हर ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाएंगे, हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान और ओपन जिम बनाएंगे। इसके साथ ही खेल और खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी हो, इसका भी प्रावधान करेंगे। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।







## दंगा नहीं, उत्सव प्रदेश बना यूपी

### बदायूं के दातागंज क्षेत्र के सैजनी में मुख्यमंत्री योगी ने किया बायोगैस प्लांट का लोकार्पण

### 2014 से पहले था बीमारू, आज समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव सिंह, बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, एमएलसी वागीश पाठक, सिनोद शाक्य।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 से पहले बदायूं जनपद में आने से लोग डरते थे। असुरक्षित वातावरण था, लेकिन आज बदलाव सभी को दिख रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश में कहीं भी दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश दंगा नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बदायूं की विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र का लोकार्पण करने के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट विकास की नई शुरूआत है। जो अन्नदाता की आमदनी बढ़ाएगा। युवाओं को रोजगार देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का उत्तर प्रदेश है। जहां समृद्धि, सुरक्षा और सुशासन व सुव्यवस्था है। छह साल पहले बदायूं और आसपास के जिलों में सुरक्षा में खिलवाड़ जैसा था। बेटी, बहन के सामने सुरक्षा का संकट था। वह स्कूल नहीं जा पाती थीं। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। आज न तो प्रदेश में गुंडागर्दी है और न ही कहीं दंगे होते हैं। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश था, वह उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कहीं रामोत्सव हो रहा है तो कहीं कृष्णोत्सव हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति देश में सबसे तेजी से हो रही है। उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश था। जून 2015 से योजनाएं लागू हुईं तो प्रदेश की व्यवस्थाओं में बहुत सुधार आया। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर होने जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में 36374.08 लाख की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 6055.23 लाख की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

### उप्र. में जल्द लगेंगे 100 बायो गैस प्लांट : पुरी

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके अलावा राज्य के 8 अन्य जनपदों में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री से बड़ा सहयोग मिल रहा है। बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह से पूर्व लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उप्र ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं प्लांट के बारे में कहा कि करीब 135 करोड़ के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। बायो गैस पराली के निदान के लिए अत्यंत उपयोगी है।

## नीतीश कुमार का गठबंधन से हुआ मोहभंग, देंगे इस्तीफा

### शाम 4 बजे ले सकते हैं नई शपथ, जदयू नेता केसी त्यागी ने भी दिए संकेत

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने जोर देकर कहा, 'वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।

यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश रविवार सुबह 10 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को भी कहेंगे। पार्टी सूत्रों का दावा है कि नीतीश 2 उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे। इस बीच जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। एक सवाल के जवाब में त्यागी शायराना अंदाज में कहते हैं कि मेरी फितरत तो देखिए, मेरा सलीका तो देखिए। जब उलझ जाती है गुत्थी तो सुलझाने में लग जाता हूं मैं। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में नीतीश का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि नीतीश के इस्तीफा देने तक कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं की जाए।

**बिहार में प्रमुख दलों की स्थिति**

- जदयू-45
- राजद-79
- बीजेपी-78
- कांग्रेस-19
- हम-04
- अन्य-18
- विधानसभा में कुल सीटें-243

### लालू ने राजद विधायकों से कहा- पटना में ही रहें


बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरिष्ठ नेता भोला यादव, श्याम रजक समेत पार्टी के विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक के दौरान लालू यादव ने अपने विधायकों को पटना में ही रहने का निर्देश दिया है। लालू ने कहा कि इस्तीफा नहीं देना है।

### गिरिराज बोले- भाजपा रख रही घटनाक्रम पर नजर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में मचे सियासी घमासान के बीच कहा कि न तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और न ही लालू प्रसाद यादव ने अभी तक कहा कि वे महागठबंधन से बाहर जा रहे हैं। इसलिए उनकी पार्टी प्रदेश के बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है। गिरिराज ने कहा कि इस मुद्दे पर उन्हें कुछ कहने की जरूरत नहीं है।

### एक नजर

#### 'सहेली' के जनक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन



**लखनऊ।** देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक व सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन हो गया। 99 साल के डॉ. नित्यानंद को तबीयत बिगड़ने के बाद 29 नवंबर को एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती किया गया था। तभी से उनका इलाज एक्सपर्ट डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा था। इस बीच इन्फेक्शन बढ़ने के साथ उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट भी दिया गया।

#### तीन आईएएस के तबादले कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में तबादलों का सिलसिला जारी है। शनिवार को तीन आईएएस के तबादले किए गए। आईएएस बी. चन्द्रकला को सचिव पंचायती राज से सचिव महिला कल्याण बनाया गया है। चन्द्रकला से अपर निबंधक सहकारिता का प्रभार भी हटाया गया है। वहीं, छुट्टी से लौटे अनुराग यादव को सचिव नियोजन बनाया गया है। प्रमुख सचिव सहकारिता बाबूलाल मीना के छुट्टी पर जाने के चलते सचिव कृषि राजशेखर को सहकारिता विभाग का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है।

## अखिलेश का खुलासा, कांग्रेस को देंगे लोकसभा की11 सीटें

▸▸ सपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट के माध्यम से दी जानकारी

▸▸ कांग्रेस नेताओं ने कहा, बातचीत जारी, सीट संख्या फाइनल नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट देने की बात का खुलासा किया है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। वहीं, सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 25 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, ऐसे में अभी बातचीत फाइनल नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व ने भी सीटों के समझौते पर बातचीत जारी रहने की प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्पष्ट किया है कि, मंथन जारी है, तस्वीर साफ होने के बाद हम घोषणा कर सकेंगे। इससे पूर्व रालोद का 7 सीटों पर लड़ने का सपा के साथ समझौता हो चुका है।

## शादी से इन्कार पर प्रेमी ने युवती की मां-भाई को मार डाला

### दूसरे समुदाय के युवक ने इज्जतनगर में शुक्रवार की रात घने कोहरे के बीच वारदात को दिया अंजाम

▸▸ अपनी नर्सरी पर थे दोनों, हथौड़े नुकीले औजार से सिर पर वार

▸▸ पिता ने मीरगंज के युवक पर लिखाई रिपोर्ट, बाद में खुली असलियत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मीना



नेत्रपाल

**अमृत विचार :** शादी करने से इन्कार करने पर युवती के दूसरे समुदाय के प्रेमी राशिद ने उसकी मां मीना (45) और भाई नेत्रपाल (22) की हथौड़े और नुकीले औजार से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। शुक्रवार रात घने कोहरे के दौरान राशिद ने उस वक्त वारदात की जब मीना और नेत्रपाल दोनों इज्जतनगर इलाके में अपनी नर्सरी पर थे। युवती का रिश्ता कुछ ही दिन पहले मीरगंज के गांव मसीहाबाद के संजीव के साथ तय होकर टूट गया था। युवती के पिता भूपराम ने संजीव के खिलाफ रिपोर्ट लिखवा दी, लेकिन कुछ ही देर बाद साफ हो गया कि मां-बेटे की हत्या संजीव ने नहीं बल्कि राशिद ने की है।

डोहरा गौंटिया में रहने वाले भूपराम बड़ा बाईपास पर लालपुर गांव के पास त्रिदेव नाम से नर्सरी चलाते हैं, पास ही में उन्होंने एक कमरा ले रखा था जिसमें रात को पत्नी मीना के साथ रुकते थे। बेटा नेत्रपाल शाम को नर्सरी से घर चला जाता था। भूपराम के मुताबिक शुक्रवार शाम वह एक व्यक्ति के यहां पौध लगाने गए थे। इसी बीच करीब साढ़े आठ बजे उनकी पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। नजदीक ही पंक्चर जोड़ने की दुकान चलाने वाले अबरार उधर से गुजरे तो नर्सरी के बराबर रास्ते पर नेत्रपाल को लहूलुहान पड़ा देखकर भूपराम को फोन किया। बाद में मीना का शव भी पास ही एक प्लॉट में पड़ा मिला। दोनों के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए थे। पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद रात में ही आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ अनीता चौहान मौके पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने डॉग स्क्वाड, साइबर और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर छानबीन की।

भूपराम ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मसीहाबाद के संजीव के साथ बड़ी बेटी का रिश्ता तय किया था। बाद में पता चला कि उसका चालचलन ठीक नहीं है तो रिश्ता तोड़ दिया। दोनों पक्षों में कुछ दिन पहले समझौता भी हो गया था लेकिन फिर भी संजीव उनके परिवार को धमकियां दे रहा था। पुलिस ने संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि संजीव तो पंजाब में है। इसके बाद युवती की कॉल डिटेल चेक की गई तो सारा राज खुल गया। इज्जतनगर के ही गांव रजपुरा माफी निवासी आरोपी राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया।

**सुविधा** डायल-112 मुख्यालय में बनाई गई पांच स्पेशल हेल्प डेस्क, तमिल, बंगाली, पंजाबी, उड़िया समेत अन्य भाषाओं के लोगों को मिलेगी राहत

## पर्यटकों की भाषाई राह आसान करेगी डायल-112 की हेल्प डेस्क

विनय शुक्ला, लखनऊ



▸▸ अयोध्या, लखनऊ समेत अन्य जगहों पर आने वाले पर्यटकों को मिलेगा फायदा

**अमृत विचार :** देश के कई हिस्सों से भारी संख्या में लोग प्रदेश के पर्यटन स्थलों की सैर करने आते हैं। कई बार पर्यटकों के समक्ष भाषाई संकट खड़ा हो जाता है। अपराधिक घटनाओं में तो भाषा की और दिक्कतें आती हैं। ऐसे में पुलिस कंट्रोल रूम यानि 112 पर मुख्यालय में बैठे कर्मियों को उनकी भाषा समझने और बोलने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों की भाषा समझने में दिक्कत न होने पाए इसे देखते हुए डायल-112 ने एक नई सेवा शुरू की है। नई सेवा के तहत देश के किसी भी शहर में रहने वाले कॉलर अपनी भाषा में पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर हर संभव मदद ले सकता है।

> रोजाना 50 से 100 कॉल औसतन अन्य भाषाओं में आती है। जिसे समझने के लिए काफी दिक्कतें आती हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से हर भाषा में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी और समस्या का हल निकाला जाएगा।
> -नीरा रावत, एडीजी, डायल-112 यूपी

### हेल्प डेस्क सेवा की शुरुआत पहली बार

दरअसल, प्रदेश के शहरों और ग्रामीण अंचलों से डायल-112 मुख्यालय में हजारों कॉल आती हैं। अक्सर मदद मांगने के लिए ऐसी कॉल आती है कि उसकी भाषा समझ पाना मुख्यालय में बैठे कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो जाता है। खासतौर यह कॉल पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, हैदराबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों से जुड़ी होती है। कॉल रिसीव होने पर यह लोग अपनी भाषा में मदद की गुहार लगाते हैं। फोनकर्ता की समस्या समझने और उन्हें हर संभव मदद के लिए डायल-112 के मुख्यालय में पहली बार पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां बैठने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग भाषाओं का प्रशिक्षण दिया गया है।

### वालंटियर को कॉल कांफ्रेंस कर निकाला जाएगा हल

डायल-112 के एडिशनल एसपी मोहिनी पाठक के मुताबिक, मुख्यालय में अलग-अलग भाषाओं से रही कॉल को समझने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। अब पांच हेल्प डेस्क के माध्यम से इस तरह की कॉल को स्पेशल हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। डेस्क पर कार्यरत कर्मचारी पीड़ितों की संभव मदद करेंगे।

### घटनास्थल पर पुलिस ऐसे करेगी कम्युनिकेट

एडिशनल एसपी ने बताया कि शिकायत लिखने के बाद पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारी फौरन नजदीकी पीआरवी में सूचना देंगे। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुचंते ही शिकायतकर्ता से मिलने के बाद भाषणी एप्लीकेशन का इस्तेमाल करेंगे। इस एप में देश में बोली जाने वाली तमाम भाषाओं का संग्रह है। जिसके माध्यम से पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता को समझाने का जतन करेंगे। मसलन, जो भी बातचीत होगी, बोलकर या लिखकर एक दूसरे की बातें समझ लेगी।

## केरल के राज्यपाल को जेड प्लस सुरक्षा



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की सुरक्षा बढ़ाकर जेड प्लस कर दी है। राजभवन ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। केरल के कोल्लम जिले में उस घटनाक्रम के बाद यह कदम उठाया गया है जिसमें राज्यपाल खान केरल में कोल्लम जिले के निलमेल में शनिवार को उनके खिलाफ 'स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया' के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन करने पर अपने वाहन से बाहर निकले और प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क किनारे एक दुकान के सामने बैठ गए।

## पांच हजार रुपये रिश्वत लेते जेई और लाइनमैन गिरफ्तार

▸▸ बिजली चोरी में कार्रवाई का दबाव बनाकर मांगी थी रिश्वत

▸▸ एंटी करप्शन टीम के अफसरों ने रंगेहाथ दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम ने बिजली विभाग के जेई सूरज पाल गुप्ता और लाइनमैन (कुली) नरेन्द्र सिंह रावत को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी ने दोनों आरोपियों समेत बिजली विभाग के एसडीओ राम जगत वर्मा के खिलाफ सुभाषनगर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुभाषनगर में नवजीवन अपार्टमेंट निवासी परमीत सिंह मकान बनवा रहे हैं। उन्होंने पड़ोसी के घर से बिजली ले रखी है। चेकिंग के दौरान जेई सूरज लाल गुप्ता और लाइनमैन नरेंद्र सिंह रावत ने बिजली चोरी बताते हुए दबाव बनाया और 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी। रुपये न देने पर रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भेजने की धमकी दी। जिससे परेशान होकर परमीत ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। टीम के साथ शुक्रवार को परमजीत रुपये देने पहुंचे तो टीम ने आरोपियों को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम ने दोनों आरोपियों समेत एसडीओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊँचा रहे हमारा
संजीव सक्सेना
पूर्व चेयरमैन न.पा.प., आंवला एवं भाजपा नेता
सीमा सक्सेना
समाज सेविका


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मितपाल सिंह
ब्लॉक प्रमुख पति
विजेता सिंह
ब्लॉक प्रमुख
ब्लॉक रामनगर, आंवला (बरेली)





Happy Republic Day
सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा,
हम बुलबुले हैं इसके,
ये गुलिस्तान हमारा...
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
गोविंद मौर्य
उप जिलाधिकारी, आंवला (बरेली)


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सर गंगाराम सरस्वती ज्ञान पीठ
भमोरा रोड, आंवला (बरेली)
प्रबन्धक
वेद प्रकाश यादव
ब्लॉक प्रमुख पति
आरती यादव
ब्लॉक प्रमुख
विकास खंड आलमपुर जाफराबाद, बरेली


बी.एम.आर. इण्डेन गैस सर्विस
बदायूँ रोड, आंवला, बरेली
की ओर से
Indane
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. शिविका उपाध्याय
पुत्री आर.एस. लाल शर्मा
सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि
1. सरकार की फ्री सिलेन्डर व सब्सिडी प्राप्त करने हेतु अपने मोबाइल फोन एजेंसी पर दर्ज कराएं।
2. अपने कनेक्शन की EKYC यदि नही हुई है तो तुरंत हमारे, हॉकर या जनसेवा केंद पर तुरंत कराएं।
3. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नं से गैस बुक कराएं DAC से अपना फीडबैक दर्ज कर सब्सिडी सुनिश्चित करें।
चूल्हे की रबड़ पाँच वर्ष में अवश्य बदलें।


समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
1. स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।
2. सभी राशन विक्रेता निर्धारित समय पर अपनी दुकानें खोलें।
3. राशन कार्डधारकों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों व मूल्य पर आवश्यक वस्तुयें प्रदान करें।
4. राशन लेते समय ही मशीन में अंगूठा लगायें।
5. दुकानों के बाहर मूल्य सूची व बोर्ड पर स्टाक प्रस्तुत करें।
गोविंद मौर्य
उप जिलाधिकारी, आंवला
कुमार सौरभ
पूर्ति निरीक्षक
दिलीप कुमार चौधरी
पूर्ति निरीक्षक
एवं समस्त स्टाफ पूर्ति कार्यालय, आंवला (बरेली)


HAPPY
REPUBLIC
DAY

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877





## सलामत रहे हमारा गणतंत्र

देश का 75वां गणतंत्र दिवस तिरंगे के साए में संविधान की रक्षा की शपथ के साथ मनाया गया। पूरा जिला इस दौरान देशभक्ति के माहौल में सराबोर रहा। शिक्षण संस्थानों में रंगारंग कार्यक्रमों हुए और सड़कों पर तिरंगा लेकर प्रभातफेरियां भी निकाली गईं। पुलिस लाइन में आयोजित परेड की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने सलामी ली।





### रंगारंग कार्यक्रम

संजय कम्युनिटी हॉल का मंच दिन भर देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों के लिए समर्पित रहा। इससे पहले आजादी के दीवानों को याद करते हुए रंगयात्रा भी निकाली गई।

## एक नजर

### रोडवेज बसों का अयोध्या आना-जाना रोका

**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक हो जाने की वजह से अयोध्या जाने वाली रोडवेज बसों के संचालन पर रोक लगा दी गई है ।बरेली रीजन से अयोध्या जाने वाली एसी और साधारण बसों का संचालन अब लखनऊ तक ही किया जा रहा है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से दर्शन के लिए रोजाना लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहां भारी भीड़ को देखते हुए 18 जनवरी से शुरू की गई बस सेवा रोक दी गई है। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि अब सिर्फ लखनऊ तक ही बसों का संचालन किया जा रहा है। मुख्यालय के निर्देश मिलने के बाद बस सेवा फिर से अयोध्या के लिए शुरू कर दी जाएगी।

### भिश्ती कॉलोनी में गेट लगाने के विवाद में रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में भिश्ती कॉलोनी में गेट लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद में मनीष बंसल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फर्राशी टोला निवासी मनीष बंसल के मुताबिक उनके क्षेत्र के सभासद और नगर निगम के जेई अपनी टीम के साथ भिश्ती कालोनी के पास लगा एक एंगल हटवा रहे थे। इस बीच शाने, अकबर, बादशाह, इशी, शहंशाह और करीब 30 लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों में महिलाएं भी शामिल थीं। इन लोगों ने समुदाय विशेष के खिलाफ नारेबाजी कर माहौल खराब करने की कोशिश की और मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। मनीष बंसल की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोहरे की वजह से कई रूट पर बसों का संचालन रोका

**बरेली, अमृत विचार :** कोहरे से रोडवेज बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को कोहरा अधिक होने पर पुराना बस अड्डा और सेटेलाइट से कई रूट पर बसों का संचालन रोक दिया गया। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। दरअसल, मुख्यालय की ओर से निर्देश हैं कि कोहरा अधिक होने पर बसों का संचालन न किया जाए। इस कारण सेटेलाइट बस अड्डे पर रुपैडिया, कानुपर, लखनऊ और गोला जाने वाली पांच बसों को रोक दिया गया। वहीं, पुराने बस अड्डे से आगरा, रामपुर, गाजियाबाद की बसों को नहीं भेजा गया। सेटेलाइट बस अड्डे की इंचार्ज ममता सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम अधिक कोहरा था। साथ ही 25 से कम सवारी थीं। इस वजह से यह कदम उठाया गया।

# डबल मर्डर : शुरुआत में ही लड़खड़ाई रिश्ता तोड़ने पर हत्या की कहानी, युवती के फोन से खुला सच

## जिस पर रिपोर्ट दर्ज कराई वह पंजाब में निकला, युवती के प्रेम प्रसंग की बात छिपाता रहा परिवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नर्सरी चलाने वाले भूपराम की पत्नी मीना और बेटे नेत्रपाल की हत्या बेटी का रिश्ता तोड़ने की रंजिश में किए जाने की कहानी शुरुआती जांच में ही लड़खड़ा गई। पुलिस ने आरोपी संजीव की लोकेशन के बारे में छानबीन की तो पता चला कि वह पंजाब में है। पुलिस के कहने पर वह फौरन बरेली के लिए भी रवाना हो गया। इसके बाद भूपराम के आरोपों पर सवाल खड़े हो गए। पुलिस ने इसके बाद दूसरे पहलुओं पर जांच शुरू कर भूपराम की बेटी के फोन की कॉल डिटेल चेक की तो चौंकाने वाला सच सामने आ गया।

भूपराम ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता मीरगंज के मसीहाबाद गांव में लटूरी के बेटे संजीव के साथ करीब दो महीने पहले तय किया था। बाद में पता चला कि संजीव का चालचलन ठीक नहीं है तो रिश्ता तोड़ दिया। 13 दिन पहले दोनों पक्षों के बीच गोदभराई में लिया-दिया गया सामान भी लौटाने का समझौता हो गया था। भूपराम के मुताबिक शुक्रवार को ही दिन में संजीव ने पहले उनकी सलहज और फिर उनके ससुर को फोन कर धमकाया था कि रिश्ता तोड़ने का अंजाम भुगतना पड़ेगा। पुलिस ने इसके बाद संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

शनिवार को पुलिस ने सर्विलांस के जरिए आरोपी संजीव की लोकेशन का पता लगाया तो मालूम हुआ कि वह बरेली में है ही नहीं, बल्कि पंजाब में है। पुलिस ने उसे बरेली आने को कहा तो वह फौरन तैयार हो गया। उसने बताया कि वह फौरन निकल रहा है और रविवार को पुलिस के सामने पेश हो जाएगा। उधर, हिरासत में लिए गए संजीव के पिता लटूरी ने भी भूपराम के आरोपों को झुठला दिया। उन्होंने बताया कि रिश्ता भूपराम ने नहीं, उन्हीं लोगों ने तोड़ा था। भूपराम की कहानी पर पुलिस को इसलिए भी शक हो रहा है क्योंकि लटूरी के घर पर दबिश दी तो परिवार के सारे लोग घर पर ही मिले। परिवार का माहौल भी सामान्य था। भूपराम ने किसी और से रंजिश न होने की बात पुलिस को बताई है।



डोहरा गौटिया में अपने घर पर घटना के बारे में बताते भूपराम। ● अमृत विचार

### शादीशुदा राशिद से पांच साल से थे बेटी के प्रेम संबंध, मां और भाई नहीं करने दे रहे थे शादी

पुलिस के अनुसार भूपराम की बेटी के करीब पांच साल से रजपुरा माफी में रहने वाले दूसरे समुदाय के राशिद के साथ थे। राशिद शादीशुदा था, इसके बावजूद भूपराम के परिवार पर अपनी बेटी से शादी करने का दबाव डाल रहा था। युवती की मां मीना और भाई नेत्रपाल इसके लिए तैयार नहीं थे। राशिद ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात को वह शादी की बात करने के इरादे से ही भूपराम की नर्सरी पर गया था। उसने वहां मीना और नेत्रपाल से फिर शादी करने के लिए कहा तो दोनों ने उसके दूसरे समुदाय और शादीशुदा होने के कारण रिश्ता करने से इन्कार कर दिया। इस पर उसकी दोनों से कहासुनी हुई। इसी बीच उसने पहले नेत्रपाल को सिर पर नुकीले हथियार से वार उसे गिरा दिया। इसके बाद हथौड़ा मारकर मीना की भी हत्या कर दी। इसके बाद अपने घर चला गया। उसे यकीन था कि उसका नाम नहीं आएगा। इसी कारण युवती की कॉल डिटेल चेक करने के बाद पुलिस उसके घर पहुंची तो वह घर पर ही मिला। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि राशिद से पूछताछ की जा रही है।

### कामयाब नहीं होने दी बचकर भागने की कोशिश



आरोपी राशिद।

नर्सरी के पास चकरोड पर नेत्रपाल का शव पड़ा था। मीना का शव पड़ोस के प्लॉट में मिला। कमरे की दरवाजे के पास ईंटों पर भी खून के धब्बे दिखाई दे रहे थे। पुलिस शुरू में गोली से हत्या होना मान रही थी लेकिन पोस्टमार्टम से साफ हुआ कि दोनों हत्या वजनदार और धारदार हथियार से की गई है। मीना के सिर पर इस कदर ताबड़तोड़ वार किए थे कि खून के साथ मांस के लोथड़े 12 फुट दूर तक छिटके पड़े थे। घटनास्थल का नजारा साफ कर रहा था कि मीना और नेत्रपाल ने भागने की कोशिश की लेकिन राशिद ने उन्हें बचकर भागने नहीं दिया। नेत्रपाल का मोबाइल फोन भी सड़क पर पड़ा मिला।

▸▸ घटनास्थल पर दूर तक बिखरा हुआ था खून और मांस के लोथड़े

### चाय का दूसरा कप..! तो कोई और भी था राशिद के साथ

नर्सरी के कोने पर बने जिस कमरे में भूपराम और मीना रहते थे, उसमें चाय के दो जूठे कप और एक प्लेट में नमकीन रखी मिली। शाम करीब सात बजे नेत्रपाल स्कूटी से डेयरी पर दूध लेने भी गया था। वहां जल्दबाजी दिखाते हुए उसने खड़े-खड़े दूध लिया और तुरंत लौट गया। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि दूसरे कप में नेत्रपाल या मीना में से किसी ने चाय पी थी या फिर राशिद के साथ कोई और भी था।



इसी कमरे में थे मीना व नेत्रपाल।

### पहले पिता, फिर बेटी ने भी पुलिस को किया गुमराह

पुलिस शाम को जब मीना की बेटी का मोबाइल फोन लेने पहुंची तो उसने मोबाइल तो दे दिया, लेकिन उसका पैटर्न लॉक बताने में आनाकानी करती रही। पुलिस के सख्ती करने पर उसने पैटर्न लॉक खोला। फोन चेक करने पर पता चला कि एक नंबर पर उसकी बहुत ज्यादा बात होती है। इसके बाद राशिद का नाम सामने आया। बेटी के साथ ही भूपराम और उनके रिश्तेदारों ने भी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। भूपराम ने तो बेटी का राज खुलने से बचाने के लिए बेकसूर संजीव के ही खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इससे पहले उसने पुलिस को यह कहकर बेटी से पूछताछ भी नहीं करने दी कि उसकी हालत खराब है। उधर, संजीव के पिता लटूरी का बयान पूरी तरह सच निकला। रिश्ता भूपराम के परिवार ने नहीं बल्कि उन्होंने ही तोड़ा था।

### मीना और नेत्रपाल ही करते थे घर के सारे फैसले

आसपास के लोगों ने भूपराम को सीधा इंसान बताया। उनके मुताबिक उनकी पत्नी मीना और बड़ा बेटा नेत्रपाल ही घर के सारे निर्णय लेते थे। मीना और नेत्रपाल की हत्या के बाद बड़ी बेटी सुमन, काजल, शुभि, कोमल और बेटे आर्यन के साथ भूपराम का भी रो-रोकर बुरा हाल था। मोहल्ले में भी सदमे जैसा माहौल दिखा। शनिवार शाम श्मशान घाट पर पास-पास चिता सजाकर मीना और नेत्रपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## सरकारी तंत्र पर भ्रष्टाचार-गोलमाल के दाग

# गिरफ्तारी के बाद जेई ने लगाया आरोप एसडीओ के कहने पर ली थी रिश्वत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एंटी करप्शन ने एसडीओ को भी बनाया आरोपी

**अमृत विचार :** बिजली चोरी का कथित मामला निपटाने के लिए जेई और लाइनमैन ने 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी और पांच हजार रुपये में सौदा तय कर लिया था। एंटी करप्शन की टीम के हाथों पकड़े जाने के बाद जेई ने कहा कि एसडीओ के कहने पर उसने रिश्वत ली थी। मामले में एसडीओ को भी आरोपी बनाया गया है।

परमीत ने बताया कि मकान में काम कराने के लिए पड़ोसी रविन्दर सिंह की सहमति से उनके घर से 24 जनवरी को बिजली ली थी। उसी दौरान सुभाषनगर सबस्टेशन के जेई सूरजलाल गुप्ता अपने सहायक संविदाकर्मी लाइनमैन नरेंद्र सिंह रावत के साथ पहुंचे। सूरजलाल ने बाद में अपने सीयूजी नंबर से फोन कर जेल भेजने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये की मांग करने लगे। काफी तोलमोल के बाद पांच हजार रुपये में सौदा तय हो गया। 25 जनवरी को जेई ने दोबारा फोन कर पैसे लेकर आने को कहा। वह 26 जनवरी की शाम को सबस्टेशन पर पहुंचे जहां एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

जेई सूरजपाल ने पूछताछ में बताया कि रिश्वत उसने एसडीओ रामजगत वर्मा के कहने पर ली थी। वह जहां से भी पैसा लेता है, पहले एसडीओ को इसकी सूचना देते हैं। टीम ने जब मोबाइल फोन खंगाला तो दोनों की आपस में बातचीत के भी प्रमाण मिले। इसके बाद टीम ने एसडीओ को भी आरोपी बनाया है।

### जेई होगा निलंबित एसडीओ की होगी जांच

**बरेली, अमृत विचार :** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए बिजली विभाग के जेई को निलंबित किया जाएगा। चीफ इंजीनियर रणविजय सिंह ने रिपोर्ट में नामजद हुए एसडीओ की भूमिका की भी जांच कराने की बात कही है। उन्होंने बताया कि जांच में एसडीओ दोषी पाए गए तो मुख्यालय स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

# परमिट होने के बाद भी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज, चौकी इंचार्ज-सिपाही सस्पेंड

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में खनन का परमिट होने के बावजूद एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करने के मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बभिया चौकी इंचार्ज समेत दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

चौकी बभिया इंचार्ज जितेन्द्र कुमार और सिपाही सुमित कुमार के खिलाफ परमिट होने के बावजूद 11 जनवरी को ट्रैक्टर-ट्राली को अवैध खनन के आरोप में सीज करने की शिकायत एसएसपी से की गई थी। एसएसपी ने पुलिस की छवि धूमिल करने के साथ पदीय दायित्वों के विपरीत कार्य करने और कदाचार के आरोप में दोनों को निलंबित कर दिया।

# छात्रा का फोन नंबर न बताने पर जिम ट्रेनर पर चलाई तीन गोलियां



शिकायत करने थाने पहुंचे गौरव।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बाल-बाल बचा जिम संचालक गोली लगने से कार क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार :** एक छात्रा की जानकारी न देने पर बाइक सवार दो बदमाशों ने जिम संचालक पर तीन राउंड फायरिंग की।

संचालक बाल-बाल बच गया लेकिन, गोली लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस जांच कर रही है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी गौरव मनोचना घर के पास ही जिम चलाते हैं। उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले युवक ने जिम में आने वाली एक छात्रा के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने जानकारी देने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोबारा काल कर वह जिम ज्वाइन करने की बात करने लगा।

गौरव ने जिम में आने से भी मना कर दिया। शनिवार को गौरव कार से सौफुटा रोड से होकर जा रहे थे। दो बाइक सवारों ने उनकी कार के आगे बाइक लगाकर रोक लिया। वह कुछ समझ पाते कि दोनों ने तीन राउंड फायरिंग की जिसमें वह बाल-बाल बच गए। जबकि, कार छतिग्रस्त हो गई। इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गले में फंदा कसने से मरे सांड़ की मौत की वजह रैबीज बताने पर नगर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी पर रिपोर्ट

▸▸ अपर नगर आयुक्त प्रथम ने इज्जतनगर थाने में लिखाई रिपोर्ट

▸▸ 24 जनवरी को सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई थी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी के सेंट्रल स्टेट कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग की सांड़ के हमले में मौत हो गई थी। इस मामले में अपर नगर आयुक्त प्रथम ने नगर निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी पर थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि 24 जनवरी को सुबह आठ बजे सेंट्रल स्टेट कॉलोनी निवासी बुजुर्ग करुणा शंकर पांडेय पर सांड़ ने हमला कर दिया था जिससे उनकी मौत हो गई थी। वहीं चंद्रमणि नगर बुद्धविहार निवासी नीलेश गुप्ता, विपिन गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुदेश गुप्ता और संजयनगर निवासी अभिषेक सहित 12 लोगों को सांड़ ने घायल कर दिया था। स्थानीय लोगों व मॉडल टॉउन चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता ने कई बार नगर निगम की टीम को फोन कर सांड़ को पकड़ने का अनुरोध किया लेकिन टीम रात 11 बजे पहुंची। बताया गया कि पकड़ते समय सांड़ के गले में रस्सी का फंदा खिंच गया जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि नगर निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी आदित्य तिवारी ने बताया कि उसकी मौत रेबीज के चलते हुई है। सांड़ में रेबीज की जांच भी नहीं कराई गई। अपर नगर आयुक्त प्रथम सुनील कुमार यादव ने पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी आदित्य तिवारी को लापरवाह मानते हुए थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए अग्निवीर बना युवक गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/कैंट

▸▸ लेफ्टिनेंट कर्नल ने कैंट थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेजों से एक युवक सेना में अग्निवीर बन गया। जाट रेजिमेंट यूनिट के अधिकारियों ने उसे कैंट पुलिस के हवाले कर दिया। कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पंजाब के जिला फाजिल्का के सदर थाना क्षेत्र के गांव निओला निवासी मंगल सिंह ने आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेजों में नाम बदल कर फर्जी नाम सुखदेव सिंह रख लिया और इसी से पंजाब में अग्निवीर भर्ती में शामिल हुआ और उसकी नौकरी लग गई। तीन महीने पहले उसे भर्ती के बाद पंजाब से जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली में ट्रेनिंग पर भेज गया। यहां पर वेतन के लिए उसके फिंगरप्रिंट को स्कैन किए गए तो मामला पकड़ में आ गया। आरोपी 27 अक्टूबर 2023 को जाट रेजिमेंट में भर्ती होकर आया था। जाट रेजिमेंट ट्रेनिंग बटालियन में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार देर रात कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पाई नौकरी

आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड, इंटर की मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी हासिल की थी। उसने किसी दूसरे के भी फर्जी दस्तावेज नौकरी में लगाए थे। उसने अग्निवीर भर्ती में सुखदेव सिंह पुत्र रेशम सिंह के दस्तावेज इस्तेमाल किए। आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों पर अपना फोटो लगा लिया।

### सेना ने बर्खास्त कर किया पुलिस के हवाले

सेना के कर्नल युवराज सिंह के मुताबिक आरोपी को सेना से बर्खास्त कर दिया गया है। इंस्पेक्टर विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सेना अधिकारियों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जनता को दी बधाई

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व जनसभा के लिए जाते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर किया। बदायूं जाने के लिए उनका हेलीकॉप्टर करीब पौने दो बजे एयरपोर्ट पर पहुंचा। इस दौरान करीब पांच मिनट तक वह एयरपोर्ट पर रुके। मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, वन मंत्री अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, मीरगंज विधायक डीसी वर्मा, नवाबगंज विधायक एमपी आर्या, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा समेत अन्य ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ इसके लिए सभी नेता, अधिकारी और प्रदेश की जनता बधाई की पात्र है। इसके अलावा कुछ और भी बातें हुईं। बदायूं से मुख्यमंत्री शाम करीब साढ़े चार बजे एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान भी करीब पांच मिनट तक रुके। विधायकों से जिले का हाल पूछा फिर रवाना हो गए।

# बारिश के साथ होगी फरवरी की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी रात में ठंडी हवा से कांपे लोग

**अमृत विचार :** फरवरी की शुरुआत हल्की बारिश से हो सकती है। मौसम विभाग ने एक से तीन फरवरी तक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। हालांकि जनवरी में अभी कोहरे से निजात नहीं मिलने वाली है, हालांकि दिन में धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। शुक्रवार रात घने कोहरे के बाद शनिवार को दिन में तेज धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। शनिवार रात में ठंडी हवा चलने से लोगों की कंपकपी छूट गई।

शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 16.8 और न्यूनतम तापमान दो डिग्री कम 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सतही स्तर पर हवा का रुख बदल कर पुरवा/दक्षिणी-पूर्वी होने से वायु संचालन बढ़ा है।

# सर्दी की वजह से रुका कुतुबखाना पुल पर सड़क का निर्माण

## पीडब्ल्यूडी मंत्री से 15 फरवरी तक पुल को उद्घाटन के लिए तैयार करने का वादा कर चुके हैं सेतु निगम के अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद की सख्ती के बाद कुतुबखाना पुल के निर्माण में तेजी आई है लेकिन कड़ाके की सर्दी की वजह से सड़क बनाने का काम रुका हुआ है। सेतु निगम के अधिकारी तापमान के 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल पुल पर कंक्रीट समेत फिनिशिंग के काम कराए जा रहे हैं।

पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने 18 जनवरी को सांसद संतोष गंगवार और अफसरों के साथ पुल का निरीक्षण किया था। उन्होंने सेतु निगम के महाप्रबंधक केएन ओझा को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले हर हाल में 15 फरवरी तक काम पूरा करने के निर्देश दिए थे ताकि उसका उद्घाटन किया जा सके। इसके बाद काम में तेजी आ गई है। डीपीएम अरुण कुमार का कहना है कि कार्यदायी संस्था ने छत डाल दी। 15 फरवरी तक पुल से यातायात शुरू कराने का भरोसा भी दिया है।



सर्दी के कारण कुतुबखाना पुल पर सड़क का निर्माण रुक गया है। ● अमृत विचार

### हादसे रोकने को लगाए जा रहे व्यू कटर



शहामतगंज, किला और लालफाटक पुल की तरह कुतुबखाना पुल पर भी मांझे से होने वाले हादसों का रोकने के लिए व्यू कटर (फाइबर शीट) लगाई जाएगी। डीपीएम अरुण कुमार ने बताया कि यह काम शुरू हो चुका है। कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर सभी काम कराए जाएं। 10 फरवरी तक व्यू कटर लगाने का काम पूरा हो जाएगा। रेलिंग पर डेढ़ मीटर ऊंची फाइबर शीट लगाई जाएगी।

**मस्जिद का अतिक्रमण बना बाधा :** कार्यदायी संस्था के ठेकेदार का कहना है कि कोहाड़ापीर रोड पर मस्जिद का अतिक्रमण हट गया होता तो पिलर पर स्लैब का काम कई दिन पहले पूरा हो जाता। पिलर संख्या 20-21 को आपस में जोड़ने के बाद पुल बन जाएगा। स्लैब 15 से 28 दिन में पक्की होगी। तब कंक्रीट और फिर डामर बिछाया जाएगा।

# जे.पी. क्लीनिक

## डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

## डॉ. अमित कुमार कुशवाहा

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)

श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर व अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ

ट्यूलिप ग्रान्ड बिल्डिंग, पीलीभीत रोड, बरेली
9411477351
9720159129

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

## डा० आदित्य त्यागी

ADITYA Trust your eyes with us
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## डॉ. रजनीकांत साहू

MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433

सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

## डा. सतेन्द्र शर्मा

M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## कैंसर लाइलाज नहीं है।

रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
क्रनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

## नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# फतेहगंज पश्चिमी में राजमिस्त्री की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

## बेटी के जन्मदिन पर सब्जी लेकर लौट रहा था, रास्ते में दबोचकर गला घोटा

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए सब्जी खरीदने निकले गांव चितौली में रहने वाले 35 वर्षीय राजमिस्त्री रामबाबू की फतेहगंज पश्चिमी बाजार से लौटते वक्त रास्ते में गला घोटकर हत्या कर दी गई और शव झाड़ियों में फेंक दिया गया। रामबाबू की पत्नी जावित्री ने एक कातिब समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जावित्री के मुताबिक 25 जनवरी को उनकी बेटी का जन्मदिन था। इसी वजह से उनके पति रामबाबू शाम छह बजे सब्जी लेने फतेहगंज पश्चिमी बाजार गए थे लेकिन देर रात तक नहीं लौटे। तलाश करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। 26 जनवरी को सुबह हाईवे पर रहपुरा अंडरपास से करीब 50 मीटर दूर उनका शव झाड़ियों में पड़ा मिला। बाइक सड़क पर खड़ी थी। जावित्री का कहना है कि करीब दो साल पहले रामबाबू ने रहपुरा रोड पर 250 और 160 वर्ग गज के दो प्लॉट खरीदे थे जिनका बैनामा गांव के ही कातिब देवेंद्र सक्सेना उर्फ डिंपल ने कराया था। कुछ दिन पहले लेनदेन को लेकर रामबाबू और कातिब के बीच मारपीट हुई थी।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

जावित्री ने पुलिस को बताया कि इसके बाद कुछ दिन पहले प्लॉट को लेकर रामबाबू का उनकी देवरानी सुमन से भी विवाद हुआ। समझौता होने के बाद रामबाबू ने सुमन के नाम 160 वर्ग गज के प्लॉट का बैनामा करा दिया था। इसके बाद भी सुमन और उसका भाई देवेंद्र, प्रदीप, महेंद्र रामबाबू से 2.30 लाख रुपये मांग रहे थे। इस पर कई बार विवाद भी हुआ था। बृहस्पतिवार को इन लोगों ने रामबाबू को जान से मारने की भी धमकी दी थी। जावित्री की तहरीर पर पुलिस ने गांव के कातिब देवेंद्र सक्सेना और गांव मनकरी के महेंद्र, शाही के गांव बगरऊ निवासी देवेंद्र और प्रदीप के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। रामबाबू के चचेरे भाई को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस फिलहाल जांच कर रही है।

▸▸ पत्नी ने कातिब समेत चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

## भमोरा में सड़क हादसा शाहजहांपुर में तैनात इंस्पेक्टर की मौत

**भमोरा/ शाहजहांपुर अमृत विचार :** शाहजहांपुर पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद गोस्वामी (55) की शनिवार शाम को भमोरा में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से ड्यूटी कर लौट रहे थे। शाहजहांपुर पुलिस लाइंस के प्रतिसार निरीक्षक सतीश चंद्र ने बताया कि अरविंद गोस्वामी 24 जनवरी को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में वीआईपी ड्यूटी में बदायूं गए थे।

ड्यूटी के बाद शनिवार की शाम बाइक से वापस लौट रहे थे। बल्लिया-देवचरा रोड पर तखतपुर गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल भेजा जहां मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अरविंद मूल रूप से आगरा के थाना एतमा दौला क्षेत्र के मोहल्ला कटरा वजीद खां के निवासी थे।

## सात दिन में रकम जमा नहीं की तो सेवानिवृत्त सचिवों पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों में गबन की धनराशि नहीं जमा करने वाले दो और सेवानिवृत्त सचिवों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। डीपीआरओ की ओर से दोनों को नोटिस भेजकर अंतिम चेतावनी देकर गबन के 223,810 रुपये एक सप्ताह में जमा करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद दोनों पर एफआईआर करा दी जाएगी।

नवाबगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिथरी में सचिव बाबूराम की तैनाती के दौरान कराये गए विकास कार्यों का 2010-11 में ऑडिट हुआ था। ऑडिट टीम ने 44418 रुपये का गबन पाया था। 30 अगस्त 2022 को इससे संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए लेकिन ऑडिट टीम इससे संतुष्ट नहीं हुई। ऐसे में सेवानिवृत्त हो चुके सचिव बाबूराम को गबन की आधी धनराशि 22210 रुपये जमा करने के लिए 25 जनवरी 2023 को नोटिस जारी कर एक माह का समय दिया गया था, लेकिन धनराशि जमा नहीं की गई। अब 27 जनवरी को फिर से नोटिस जारी कर सात दिन में धनराशि जमा कराने का आदेश दिया है। इसके बाद एफआईआर की चेतावनी दी गई है।

ब्लॉक की ग्राम पंचायत रिछौला ताराचंद्र, मिलक अलीनगर, रसूला तालिब हुसैन, रिछौला किफायतुल्ला, दुआवट में कराए गए विकास कार्यों के ऑडिट में 403200 रुपये का गबन निकला। सेवानिवृत्त सचिव छत्रपाल ने 12 मार्च 2023 तक गबन की आधी धनराशि पंचायत निधि के खाते में जमा करने का आश्वासन दिया था, अब तक धनराशि नहीं जमा की है। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों तत्कालीन सचिवों को अंतिम अवसर दिया गया है। सात दिन में पैसे नहीं जमा कराए तो दोनों पर एफआईआर करा दी जाएगी।

▸▸ गबन मामले में तत्कालीन सचिवों को नोटिस जारी कर दी अंतिम चेतावनी

## माधोबाड़ी में शॉर्ट सर्किट से कार में आग



**बरेली, अमृत विचार :** माधोबाड़ी में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। संजयनगर निवासी शिवम शर्मा ने पुलिस से शिकायत की कि 27 जनवरी को सुबह तीन बजे कार में किसी न आग लगा दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि कार में शार्ट सर्किट से आग लगी है।

## युवक को पीटने के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सब्जी चोरी करने का विरोध करने पर युवक को पीटने वाले चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जानलेवा हमले समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। चौधरी मोहल्ला निवासी आदित्य शुक्ला ने बताया कि उनके साढ़ू गुलाबनगर निवासी राजेश दीक्षित उर्फ राजू गुरुवार रात गुलाबनगर बजरिया में सब्जी खरीदने गए थे। इसी दौरान आरिफ समेत तीन लोगों सब्जी चुराते देखा तो उन्हें टोक दिया और सब्जी विक्रेता से शिकायत कर दी। इस पर चारों आरोपियों ने लाठी डंडों और धारदार हथियार से राजेश पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार कर लिया, अन्य तीनों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## रेलवे स्टाफ की सजगता से मां को मिला ट्रेन में बिछड़ा बेटा

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे स्टाफ की सजगता से ट्रेन में बिछड़ा बच्चा मां को मिल गया। दस साल का शाहिद मां बुद्धि बीबी के साथ 15715 गरीब नवाज एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। वह अपना फोन चार्ज करने दूसरे डिब्बे में चढ़ गया। मां को लगा कि बच्चा गुम हो गया है तो वह शाहजहांपुर में उतर गईं। ट्रेन में मौजूद आरपीएफ स्टाफ ने बच्चे को ढूंढ़कर बरेली जंक्शन पर उतारा।

आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सूचना पर ट्रेन के बरेली आने पर हेड कॉस्टेबल जयवीर सिंह बच्चे को उतार कर आरपीएफ पोस्ट लेकर आए। रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के वाद निरीक्षक सौरभ दीक्षित के सुपुर्द किया गया। बच्चे की मां के जंक्शन पहुंचने पर उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष पर अब रंगदारी मामले में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इज्जतनगर थाना में एक स्कूल संचालक ने करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल ठाकुर समेत पांच लोगों के खिलाफ स्कूल बंद कराने की धमकी देते हुए 50 हजार की रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें दो तथाकथित पत्रकार भी शामिल हैं।

बिहारमान नगला निवासी राजेश चंद्र के मुताबिक उनका एक जूनियर हाईस्कूल है। जिसके वह प्रबंधक हैं। उनके स्कूल के शिक्षक आरबी सिंह के खिलाफ स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र के पिता ने रिपोर्ट लिखाई थी। इसके बाद तथाकथित पत्रकार गुलाम साबिर, चांद मोहम्मद और करणी सेना का पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल ठाकुर उनके स्कूल में पहुंचे। जहां पर वीडियो बनाने लगे। जब विरोध किया तो सभी धमकी देते हुए 50 हजार की रंगदारी मांगने लगे।

आरोप है कि रंगदारी न देने पर स्कूल बंद कराने और उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की भी धमकी दी। जिसके बाद तीनों लोग वहां से चले गए। कुछ समय बाद उनके नंबर रुपेन्द्र कुमार ने फोन किया। फोन उठाते ही खुद को पत्रकार बताते हुए 50 हजार रुपये न देने पर कार्रवाई कराने की बात कहते हुए धमकी दी। इसी नंबर पर आरिफ उर्फ सोनी निवासी बड़ी बिहार ने भी बात की और खुद को पड़ोसी बताते हुए रुपये देने को कहा। रुपये जल्द न देने पर कहा कि स्कूल को बदनाम कर देंगे। जिसके बाद स्कूल भी बंद हो जाएगा। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

▸▸ स्कूल बंद कराने की धमकी देकर मांगे थे 50 हजार रुपये चार अन्य भी नामजद

### राहुल ठाकुर और चांद पर गोकशी की पहले ही दर्ज है रिपोर्ट

बता दें कि राहुल ठाकुर और चांद मोहम्मद के खिलाफ गोकशी कराने के आरोप में भोजीपुरा थाना में पहले ही मुकदमा दर्ज है। जिसमें दोनों आरोपी फरार चल रहे हैं। उस मामले में भी पत्रकारों के नाम सामने आए थे। इस मुकदमे में भी उनके नाम शामिल किए जाएंगे। गुलाम साबिर पर इससे पहले भी कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वह सीबीगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# डीएम ने बिजली विभाग से मांगा भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में हो रही ट्रिपिंग का रिकॉर्ड

## उद्योग बंधु की बैठक में उठा इंडस्ट्री फीडर से ग्रामीण इलाकों में कनेक्शन दिए जाने का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र को उसके लिए बनाए गए अलग फीडर से ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर घरेलू कनेक्शन दे दिए जाने से बेतहाशा ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ रहा है। शनिवार को उद्योग बंधु की बैठक में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद डीएम रविंद्र कुमार ने बिजली विभाग से औद्योगिक क्षेत्र में हो रही ट्रिपिंग का रिकॉर्ड तलब किया है। उद्यमियों की शिकायत पर उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र की लाइन पर बिना पूर्व सूचना शट डाउन लिए जाने पर भी सख्त नाराजगी जताई।

विकास भवन सभागार में हुई बैठक में उद्यमी अजय शुक्ला ने डीएम को बताया कि भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में कई बड़ी फैक्ट्रियां हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर दोहना सबस्टेशन से औद्योगिक क्षेत्र को 24 घंटे आपूर्ति देने के लिए अलग फीडर बनाया गया है लेकिन इसी फीडर से दियोरनियां तक ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों कनेक्शन दे दिए गए हैं। इस वजह से औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बिजली संकट बना हुआ है और उद्यमियों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं।

डीएम ने इस पर सख्त नाराजगी जताई और बिजली विभाग के एक्सईन को भोजीपुरा औद्योगिक संस्थान में ट्रिपिंग का रिकार्ड पेश करने का निर्देश दिया। उद्यमियों ने भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में पानी के निकास की समस्या भी बैठक में रखी। बताया गया कि जल निगम ने इस समस्या के हल के लिए 29.55 लाख रुपये का एस्टीमेट दिया था, जिसे सीडीओ मुख्यालय भेज चुके हैं। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को रिमाइंडर भेजकर मुख्यालय स्तर पर पैरवी करने को कहा। उद्यमी विनय सिंह गंगवार ने बताया कि भोजीपुरा में उन्हें और पारसनाथ इंडस्ट्रीज की चेतना जैन को आवंटित भूखंड निरस्त हो चुका है। इसे बहाल करने का अनुरोध उद्योग विभाग से किया जा चुका है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पिछली बैठक में समिति ने दोनों इकाइयों के भूखंड आवंटन बहाली की संस्तुति कर दी है।


शनिवार को विकास भवन सभागार में उद्योग बंधु की बैठक लेते डीएम रविंद्र कुमार सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ बिना पूर्व सूचना औद्योगिक क्षेत्र में शटडाउन पर भी जताई नाराजगी

उपायुक्त उद्योग की ओर से बहेड़ी के मेगा फूड पार्क में डेयरी क्राफ्ट इंडिया लिमिटेड को आवंटित भूखंड के नदी के बहाव से कटने के खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि भूखंड से नदी की दूरी 30 मीटर रह गई है। यूपीसीडा रिटेनिंग वाल बनाने के लिए 5.93 लाख रुपये सिंचाई विभाग को दे चुका है। सिंचाई विभाग के एई ने बताया कि यूपीसीडा को 22 सौ मीटर लंबी और 25 मीटर चौड़ी भूमि भी उपलब्ध करानी है, तभी रिटेनिंग वाल बन पाएगी। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण तय समय सीमा में कराने का निर्देश दिया। कहा, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, उद्यमी आशुतोष शर्मा, एसके सिंह, लाखन सिंह गंगवार, आस मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### व्यापार बंधु की बैठक में उठा अंधेरे में डूबे अटल पुल और कुतुबखाना रोड पर बेतुके डिवाइडरों का मुद्दा

**बरेली, अमृत विचार :** जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने डीएम के सामने अटल पुल पर स्ट्रीट लाइट न लगाए जाने और कुतुबखाना पुल के नीचे दो-दो मीटर लंबे अस्थाई डिवाइडर लगाए जाने से आवागमन में समस्या होने का मुद्दा उठाया। बाजारों में साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन कराने की भी मांग की। डीएम ने अटल पुल पर जल्द स्ट्रीट लाइटें लगाने का आदेश देने के साथ एसपी ट्रैफिक को कुतुबखाना पुल के नीचे अस्थाई डिवाइडर लगाए जाने के मामले में अगली बैठक में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। व्यापारियों ने डीएम को बताया कि तहसील और नगर पंचायतों में साप्ताहिक बंदी का पालन न होने से दुकानदारों को दिक्कतें होती हैं। जो दुकानदार दुकानें बंद रखना चाहते हैं, उन्हें भी प्रतिस्पर्धा की वजह से दुकानें खोलनी पड़ती हैं। डीएम ने इस पर श्रम विभाग को शासनादेश की प्रति के साथ फाइल पेश करने को कहा। बैठक में एडीएम प्रशासन दिनेश, बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर बृजेश आदि मौजूद रहे।

▸▸ व्यापारियों की डीएम से साप्ताहिक बंदी के कड़ाई से पालन की भी मांग

### साहू रामस्वरूप कॉलेज में मोबाइल म्यूजियम

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के इतिहास विभाग में शनिवार को एसएस पीजी कॉलेज शाहजहांपुर और डॉ. जनक सिंह सोशियो कल्चरल एजुकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में मोबाइल म्यूजियम हुआ। इसके माध्यम से सरलता से इतिहास से जुड़ी कई सामग्रियों को छात्राओं से परिचित कराया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. सीमा गौतम, डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. अलका मिश्रा और अनम उपस्थित रहीं।

### अयोध्या के रामोत्सव में भजन प्रस्तुत करेंगी डॉ. हितु मिश्रा

**बरेली, अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं संत कबीर अकादमी की ओर से 31 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामोत्सव- 24 में बरेली की गायिका डॉ. हितु मिश्रा को कबीर वाणी में भजन प्रस्तुति के लिए निमंत्रण मिला है। वह कार्यक्रम में कबीर के पदों को अलग-अलग राग और तालों में स्वरबद्ध कर गायन करेंगी।



### स्मार्ट फोन न मिलने पर प्राचार्य का किया घेराव

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी बैच-2023 के पास आउट छात्रों ने शनिवार को स्मार्टफोन न मिलने पर प्राचार्य प्रो. ओपी राव का घेराव किया। छात्रों ने जल्द स्मार्टफोन वितरित करने की मांग की।

प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि सोमवार को वितरण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान रोहित सिंह, रजनीश सिंह, इमरान खान, अजमी, अनुष्का, दीक्षा गंगवार, दिव्या यादव, पूजा, अर्पिता, राहुल, गौरव, अरुण, प्रेमापाल, वार्षिका, तान्या, शिवम भारद्वाज, कामिनी, सोनी, वंश, विपिन और सचिन मौजूद रहे।

# एक परीक्षा खत्म होते ही शुरू होगी दूसरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 31 जनवरी को होंगी खत्म

▸▸ एक फरवरी से एलएलबी की होंगी शुरू, 17 फरवरी से 4 मार्च तक परास्नातक की परीक्षा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एक परीक्षा समाप्त होती है, उससे पहले ही दूसरी का परीक्षा कार्यक्रम जारी हो जाता है। लगातार परीक्षा की वजह से बरेली कॉलेज समेत अन्य में कक्षाएं भी प्रभावित होती हैं। जब से सत्र 2023-24 शुरू हुआ है, उसके कुछ दिन बाद से लगातार कोई न कोई परीक्षा हो रही है। 27 अक्टूबर से 7 नवंबर तक सुधार परीक्षा, 15 दिसंबर 2023 से स्नातक प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 31 जनवरी 2024 को समाप्त होगी। 18 जनवरी से बीएएमएस, एमएसडब्ल्यू, बीबीए, बीसीए, बीकॉम फाइनेंस, बीकॉम फाइनेंशियल सर्विस, बीलिब और एमलिब की परीक्षा शुरू हुई। 1 फरवरी से एलएलबी, बीएएलएलबी और एलएलएम की परीक्षा शुरू होगी।

यह परीक्षा खत्म होते ही 17 फरवरी से 4 मार्च तक स्नातकोत्तर प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा होगी। इसके बाद स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा शुरू होने की उम्मीद है। इनके भी परीक्षा फार्म भरवाए जा रहे हैं। इस दौरान मिड टर्म और कई प्रयोगात्मक परीक्षा भी हुई।

### 28 तक भरे जाएंगे स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा फार्म 10 जनवरी से भरे जा रहे हैं। परीक्षा फार्म भरने की पहले तिथि बढ़ाकर 26 जनवरी की गई थी। अब छात्रहित में तिथि बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी गई है। छात्रों को 29 जनवरी तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

# मोनोक्लोनल एंटीबॉडी और एंटीबॉडी की विशेषताओं पर साझा की अहम जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मास्युटिकल जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति, नवाचार और चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

▸▸ देश भर के शिक्षाविदों ने भाग लिया, ओरल एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन में रिसर्च स्कॉलर अंशिका और छात्र ओमकार पुरस्कृत

**अमृत विचार :** बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से शनिवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के सभागार में फार्मास्युटिकल जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति, नवाचार, रुझान और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें देश भर के शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया और मोनोक्लोनल एंटीबॉडी और एंटीबॉडी की विशेषताओं पर जानकारी साझा की।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, रजिस्ट्रार डॉ. सुशील ठाकुर, बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की डीन प्रो. डॉ. कमला पाठक ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडी और एंटीबॉडी की विशेषताएं और उनके मुख्य सिद्धांतों की जानकारी साझा की।



कार्यक्रम में मंच पर मौजूद प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल व अन्य अतिथि।

एनएमआईएनएस मुंबई के डीन प्रो. डॉ. जगन्नाथ साहू ने सम्मेलन के मुख्य विषय के बारे में जानकारी दी। उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी सैफई के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के सहचार्य डॉ. पुष्पेंद्र यादव ने ओरल प्रेजेंटेशन के लिए निर्णायक की भूमिका निभाई, जिस पर बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड भी घोषित किया। बरेली संभाग के सभी प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य ने भी विचार रखे। कार्यक्रम समिति ने सभी को सम्मानित किया।

छात्र-छात्राओं, रिसर्च स्कॉलर, इंडस्ट्री प्रोफेशनल, अकादमी एवं प्रोफेशनल ने भी प्रेजेंटेशन दिया। सर्वश्रेष्ठ ओरल एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए रिसर्च स्कॉलर अंशिका और टीएमयू मुरादाबाद के एमफार्म फार्माकोलॉजी के छात्र ओमकार को पुरस्कृत किया गया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए फार्मेसी टीम को बधाई दी। सम्मेलन का आयोजन संयोजक डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया, सह संयोजक प्रो. डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. शैलेन्द्र कुमार वर्मा के संयोजन में हुआ। संचालन आयोजन सचिव पंकज कुमार शंखधार और असिस्टेंट प्रो. ऋचा गंगवार ने आभार जताया।





















# बड़ी कुर्बानियां देने के बाद मिली है स्वतंत्रता इसलिए अपने अंदर जीवित रखें कर्तव्यबोध

## कमिश्नरी में मंडलायुक्त और कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कमिश्नरी में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और कलेक्ट्रेट में डीएम रविंद्र कुमार ने ध्वज फहराया। मंडलायुक्त ने लोगों के साथ संविधान के संकल्प को दोहराया। शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। परिसर में ही अमरूद का पौधा लगाया।

उन्होंने कहा कि, हम सभी लोग 75वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। यह बड़े ही गर्व की बात है। बड़ी कुर्बानियों के बाद आजादी मिली है। अपने अंदर के कर्तव्यबोध को हमेशा जीवित रखना होगा। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हर जरूरतमंद परिवार को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन कर राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल ने कहा कि आम जन को विकसित भारत के पंच प्रण के विषय में जानकारी दी जाए।


कलेक्ट्रेट में गणतंत्र दिवस परेड की सलामी लेते डीएम रविन्द्र कुमार। ● अमृत विचार

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें आजादी दिलाने के लिए प्राणों की आहूति दी है, उन्हें सदैव स्मरण रखना चाहिए। अकेले बरेली से 398 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची उपलब्ध है।

कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजनों का कोई कार्य लंबित है उसे प्राथमिकता से निस्तारित करें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक आशीष कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन और छात्राएं सम्मानित

डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सूबेदार खान के परिजन सलीम खां, महरुन निशा, फरहाना, स्व. केएम असद कृष्ण मुरारी के परिजन उर्मिला असद को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। देश भक्ति गीत गाने वालीं द्रोपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं प्रज्ञा सक्सेना, खुशी, वन्दिता शर्मा, सेजल, संजना, मुस्कान, उमरा, प्रतिक्षा अवस्थी को पुरस्कृत किया। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा प्रमोद कुमार डागर, डिविजनल वार्डन रंजीत कुमार वशिष्ठ को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। फोटो जर्नलिस्ट सोसाइटी ऑफ बरेली के कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

## सार-संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम



**बरेली, अमृत विचार**, जेपीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्रुप के चेयरमैन एवं ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, एमडी वैभव पटेल, निदेशक डा. मनोज कांडपाल, डा. ललित सिंह, परशुराम मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### ध्वज फहराने के बाद किया मिष्ठान वितरण



**बरेली, अमृत विचार** : आरडब्ल्यूए महानगर टाउनशिप की ओर से ध्वज फहराकर कर मिष्ठान का वितरण किया गया। सचिव जयंती प्रसाद, कोषाध्यक्ष आरके गौड़, डॉ. वीबी सिंह, आशू अग्रवाल, मेजर राजेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर आरके सिंह, बीएस पोखरिया, राजीव अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, डॉ. सुनील कुमार शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, एसएल भारती आदि मौजूद रहे।

### मुख्य अभियंता कार्यालय पर ध्वज फहराया



**बरेली, अमृत विचार** : सर्किट हाउस के समीप पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अनिल कुमार तिवारी, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया, अंबा प्रसाद, अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र सोनकर, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं, पुराने बस अड्डे पर भी ध्वजारोहण हुआ। आरएम दीपक चौधरी, एआरएम अरुण कुमार वाजपेई, संजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### डीपीएस में छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**बरेली, अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस पर डीपीएस में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। 2013 बैच के छात्र रहे टीवी अभिनेता मयंक वर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबाल, बास्केटबॉल और बैडमिंटन समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं। प्रधानाचार्य वीके मिश्रा, शिक्षक मौजूद रहे।

### आईएसडब्ल्यूए ने निकाली वॉकथॉन रैली



**बरेली, अमृत विचार**, गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को आईएसडब्ल्यूए डॉक्टर्स यूनियन की ओर से वाकथॉन रैली गांधी उद्यान से महात्मा गांधी को श्रद्धांजली अर्पित कर निकाली गई। ईसाइयों की पुलिया, मालियों की पुलिया, सेटेलाइट होती हुई पीलीभीत बाईपास पर रैली का समापन हुआ। यहां ध्वज फहराकर कर आईएसडब्ल्यूए अध्यक्ष डा. अनीस बेग ने संबोधित किया। सेक्रेटरी डा. शकील अहमद ने महापुरुषों के बलिदान के बारे में बताया। निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. फाजिल ने सद्भाव के लिए प्रेरित किया। डा. नईम सिद्दीकी, डा. शमशाद, डा.फहमी, डा. शादमा, डा. फैज़ चिश्ती, डा. मिराज हुसैन, डा. परवेज, डा. इरफान, डा. तारिक ,डा. ताहिर अंसारी, डा. फरहाना ,डा. लईक अंसारी, डा. अरशद ,डा. स्वाति, डा. खुर्रम, डा. मोइन व अन्य डॉक्टर शामिल रहे।

### वृद्धाश्रम में वृद्धजन ने गणतंत्र दिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार** : बुखारा मोड़ स्थित वृद्धाश्रम में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह पटेल रहे। प्रबंधक एमएस यादव, कांता गंगवार, रचना चौहान, राखी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी समेत कई पुलिसकर्मी सम्मानित


पुलिसकर्मियों को सम्मानित करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डा. राकेश सिंह।

**बरेली, अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में शुक्रवार को भव्य परेड का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को सराहनीय कार्य के लिए पुलिस महानिदेशक का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कई अन्य पुलिस कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। एसएसपी ने प्रदेश में पहली बार दो स्मैक तस्करों पर पिट एनडीपीएस एक्ट लगाकर उल्लेखनीय काम किया है। वहीं, आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह को प्रयागराज में तैनाती के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए गृह मंत्रालय ने उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया। बरेली एसटीएफ यूनिट के प्रभारी सीओ अब्दुल कादिर को डीजीपी के प्रशंसा चिह्न (सिल्वर) से सम्मानित किया गया। एसटीएफ में तैनात इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह चौहान को मुख्यमंत्री प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। फरीदपुर निवासी एवं शहर के ग्रेटर ग्रीन पार्क में रहने वाले एडीजी (एटीएस) मोहित अग्रवाल को डीजी का प्रशस्तिपत्र मिला। यहां तैनात रहीं इंटेलिजेंस इंस्पेक्टर तुलसी ठाकुर, जो इस समय वर्तमान में लखनऊ में हैं। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से उत्कृष्ट सेवा पदक लखनऊ में दिया गया है। तुलसी के पति एसपी सिंह भी प्रेमनगर समेत कई थानों में इंस्पेक्टर रहकर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। दोनों आशीष रॉयल पार्क कॉलोनी में रहते हैं। दरोगा राम सुमिरन सिंह को राष्ट्रपति का पुलिस पदक मिला है। इंस्पेक्टर मदन मोहन, अमर सिंह, सुरेंद्र कटियार को अति उत्कृष्ट सेवा, महिला इंस्पेक्टर लोकेश को उत्कृष्ट सेवा पदक और हेड कांस्टेबल लोकेंद्र कुमार को डीजी का प्रशंसा चिह्न (सिल्वर) दिया गया। आईजी कार्यालय के इंस्पेक्टर गोपनीय पद पर तैनात मोहम्मद शोएब को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न, दरोगा मिलाप सिंह, हेड कांस्टेबल सत्यवीर राणा, अनीस अहमद और आरक्षी चालक रामविलास को भी सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न मिला है। पीएसी के गुल्म नायक जयप्रकाश शर्मा को सिल्वर मेडल दिया गया है।

### बरेली कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य प्रो. ओपी राव ने तिरंगा फहराया। इस दौरान संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रो. पंपा गौतम, प्रो. आलोक खरे, प्रो. एसी त्रिपाठी व अन्य मौजूद रहे।

### अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में प्राचार्य ने फहराया ध्वज

**बरेली, अमृत विचार** : अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. मनीषा राव ने ध्वज फहराया। इस मौके पर प्रो. सन्ध्या सक्सेना, हेमलता, सचिन गिहार, डॉ. रन्जू राठौर, प्रवीण कुमार, डॉ. रवीन्द्र कुमार, पंकज अग्रवाल, डॉ. निशा वर्मा, डॉ. अनुभूति, डॉ. फौजिया खान, डॉ. हिमशिखा यादव, डॉ. अन्नू महाजन, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. भूपेन्द्र कुमार, सुरभि श्रीवास्तव, डॉ. रिंकू कुमार, डॉ. विकास वर्मा पटेलआदि मौजूद रहे।

## भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था


आईएमए के गणतंत्र दिवस समारोह में मौजूद डॉक्टर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार**: आईएमए परिसर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये गौरव की बात है।

सचिव डा. गौरव गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ राजकुमारी मित्तल, कम्युनिटी सर्विस के चेयरमैन व भूतपूर्व डायरेक्टर हेल्थ डॉ. एसपी अग्रवाल,ब्लड बैंक चेयरमैन डॉ. अजय भारती, डा. विमल भारद्वाज, डा. विनोद पागरानी, डॉ. ऋतु , डॉ. दीपिका, डॉ. मोनिका , डॉ. अनूप आर्य , डॉ. परिधि , डॉ. अंजू , डॉ. अतुल , डॉ. अंशु अग्रवाल , डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. हरमीत, डॉ. कोमल, डॉ. हर्षित , डॉ. दिव्या, डॉ. मनीष, डॉ. जितेंद्र , डॉ. पुलकित, डॉ. अरशद , डॉ. शाहिदा, डॉ. इरम व अन्य लोग मौजूद रहे।


ध्वज फहराते संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, एनई नवीन गुप्ता, लक्ष्मण सिंह भंडारी समेत कई और सहयोगी भी मौजूद रहे।

## अमृत विचार कार्यालय पर मनाया गणतंत्र दिवस

**बरेली, अमृत विचार**: पीलीभीत रोड स्थित अमृत विचार कार्यालय पर 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने ध्वज फहराया। कार्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाया और एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संपादकीय प्रभारी नवीन गुप्ता, कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह भंडारी, आईटी हेड हरिओम गुप्ता, एचआर हेड चिंतन राजपूत, विज्ञापन प्रभारी आशीष शर्मा, सुनील संवेदी, अनिल पटेल, महिपाल गंगवार, डिजिटल टीम से विवेक सागर, ज्योति, प्रीति, विशाल, मनोज मौर्य, प्रदीप कुमार, शरिक, मोज्जम, विकास बाबू व हरदीप सिंह टोनी, उमेश शर्मा, पुनीत कुमार और पुष्पेंद्र दीक्षित के अलावा कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



### केशलता अस्पताल में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए देशभक्ति गीत

**बरेली,अमृत विचार** : केशलता अस्पताल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। डा. केशव कुमार अग्रवाल, डा. लता अग्रवाल, डा. चितलांगिया, गोपाल अग्रवाल, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहर बी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा ने ध्वज फहराया। नर्सिंग, फार्मेसी व पैरा मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किये। डा. केशव कुमार अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया और आसपास साफ-सफाई की सलाह दी। डॉ. लता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहने को कहा। संचालन जीएनएम तृतीय वर्ष की सेजल व मोनिका ने किया। प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, डॉ. अरविंद जांगिड़, ऋषभ कुमार, नितिन सहाय, डॉ. सुनील दिवाकर, जीवन पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**बरेली, अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस पर पूजा सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। संस्थान के अध्यक्ष पीपी सिंह ने ध्वज फहराया।

उपाध्यक्ष मालती सिंह, प्रधानाचार्य राखी सागर, सीमा गुप्ता, प्रज्ञा सक्सेना, सपना शर्मा, ज्योति सिन्हा, नीतू गुप्ता, बेबी भारती, रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष राजेश सेठ, गुलशन अरोड़ा, सुनील शर्मा, मोहित सिंह, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहीं।

### बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मना गणतंत्र दिवस


कार्यक्रम में विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व अन्य।

**बरेली, अमृत विचार**: बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, उपकुलपति डॉ. किरण अग्रवाल और प्रधानाचार्य डॉ. शरद सेठ ने ध्वज फहराया। मेडिकल नर्सिंग और पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, नाटक के साथ मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। कुलसचिव डॉ. सुशील कुमार ठाकुर, डॉ. अरुण सिंह, डॉ. ईरम शिफाली, डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. शालिनी चंद्रा, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. दीपक उपाध्याय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान, सीएस कांडपाल आदि मौजूद रहे।



गणतंत्र दिवस समारोह में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### ट्रांसजेंडर समुदाय ने भी मनाया गणतंत्र दिवस

**बरेली, अमृत विचार** : ट्रांसजेंडर राइटस एक्टिविस्ट, लेखिका एवं समाज सेवी डॉ. संजना साइमन के प्रयास से शहर के ट्रांसजेंडर समुदाय ने पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया। रेलवे में इंजीनियर ट्रांस वूमेन सोनिया पाण्डेय, शांति संगम वेलफेयर सोसायटी के प्रेसिडेंट मिराज अंसारी, डॉ. संजना ने समानता के अधिकार पर प्रकाश डाला। संचालन नीति मैसी ने किया। अर्नेस्ट मैसी, अमित कुमार सिंह, विक्की, सोनिया सिंह, दीप्ति, रागिनी, स्माइली, रोहिणी, पियूषी, कैफूल रजा,अनुश्री व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### रेलवे स्टेडियम में बच्चों ने दिखाए हैरतअंगेज कारनामे



**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर डीआरएम रेखा यादव ने रेलवे स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट गाइड, टिकट जांच दल एवं सिविल डिफेंस के सदस्यों की परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) द्वारा संचालित विद्यालयों व केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने पीटी शो एवं योग अभ्यास से सभी को मुग्ध कर दिया। बच्चों ने ताइक्वांडो का भी प्रदर्शन किया।

### बहुरंगी विविधता का प्रतीक है गणतंत्र दिवस : संतोष



**बरेली, अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस के मौके पर सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर ध्वज फहराया गया। सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत की बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मैं उन सभी विभूतियों का स्मरण करता हूं जिनके संघर्ष से हमारा संविधान लागू हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी संतोष सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, मेयर डॉक्टर उमेश गौतम, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, गुलशन आनंद, पूरनलाल लोधी, विष्णु शर्मा, बंटी ठाकुर, डॉ. विनोद पागरानी, डॉक्टर तृप्ति गुप्ता, नीलम जेठा, शिव प्रताप सिंह, प्रभु दयाल लोधी, देवेंद्र जोशी, विष्णु अग्रवाल, अंकित माहेश्वरी, अभय चौहान, मेघनाथ कठेरिया, मनोज कपूर, शिवेंद्र नाथ चौबे, वीरपाल आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार** : त्रिशूल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मनाया गया। एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने एयरपोर्ट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### ओटीएस में बेहतर काम करने वाले कर्मी सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस पर एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत बेहतर कार्य करने वाले जेई और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को फतेहगंज पश्चिमी उपकेंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अखिलेश कुमार ने विद्युत अनुरक्षण, उपभोक्ता सेवा बिलिंग, राजस्व वसूली और ओटीएस में उत्कृष्ट कार्य के लिए अवर अभियंता सुशील कुमार, अजय कुमार, संत कुमार सागर, चंद्रमा प्रसाद आदि कर्मचारियों को सम्मानित किया।



# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Groth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolaction Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
Ala Herbal Pharma

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693


# कोहरे की वजह से देरी से पहुंचीं ट्रेनें

## जंक्शन पर इंतजार में ठिठुरते रहे यात्री



बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रात में घने कोहरे की वजह से ट्रेनों घंटों की देरी से जंक्शन पर पहुंच रही हैं। रात में ट्रेनों को कॉशन से गुजारा गया। दिन में दृश्यता सामान्य होने पर ट्रेनों ने रफ्तार पकड़ी। शनिवार को भी बरेली जंक्शन पर एक दर्जन ट्रेनें पांच से सात घंटे की देरी से पहुंचीं। जिसकी वजह से ठंड में यात्री स्टेशन पर ही ठिठुरते रहे।

शनिवार को 15654 अमरनाथ एक्सप्रेस 7 घंटा, 12370 देहरादून हावड़ा कुंभ सुपरफास्ट पांच घंटा 47 मिनट, 12430 नई दिल्ली लखनऊ एसी सुपरफास्ट एक घंटा 23 मिनट, 13308 गंगा सतलुज तीन घंटा 38 मिनट, 13152 सियालदह एक घंटा 39 मिनट, 15910 अवध असम एक घंटा 23 मिनट, 12230 लखनऊ मेल दो घंटा 10 मिनट, 20503 राजधानी दो घंटा, 13151 सियालदह एक घंटा 11 मिनट, 13307 गंगा सतलुज दो घंटा, 22453 राज्यरानी चार घंटा, 12327 उपासना दो घंटा, 14649 सरयू यमुना पांच घंटा 22 मिनट, 15716 गरीब नवाज तीन घंटा 34 मिनट, 12353 हावड़ा लालकुआं एक्सप्रेस दो घंटा 10 मिनट, 12211 आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस दो घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

## मुख्यमंत्री की जनसभा का लाइव प्रसारण देखा

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बदायूं के दातागंज के सैंजनी में करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास कर जनसभा की। सीएम के संबोधन को सुनने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। मेयर, मंत्री, सभी विधायक कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद रहे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री का भी भाषण जनप्रतिनिधियों ने सुना।

## हार्ट केयर एंड मेडिकल सेंटर की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** 100 फुटा रोड पर हार्ट केयर एंड मेडिकल सेंटर की शनिवार को शुरुआत हुई। डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि यहां ईईसीपी मिशन द्वारा हृदय रोगियों का बिना बाईपास सर्जरी, बिना स्टंट के उपचार संभव हो सकेगा। हेल्थ कंसल्टेंट डॉ. निशा मिश्रा ने बताया कि भागदौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। मुख्य अतिथि विधायक बिथरी चैनपुर डॉ राघवेंद्र शर्मा ने क्लीनिक का आरंभ किया। डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. रवीश कुमार, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रमेश सक्सेना, डॉ. संध्या गंगवार आदि मौजूद रहे।

## इज्जतनगर रेल मंडल ने कमाए 470.85 करोड़

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल मंडल की डीआरएम रेखा यादव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2023 के अंत तक मंडल को 470 .85 करोड़ रुपये की आय हुई है। जो पिछले साल इसी अवधि के मुकाबले 5 .60 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि यात्री यातायात से प्राप्त होने वाली आय में भी 17 .06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि मंडल का कुल माल लदान 1 .208 मिलियन टन रहा जो पिछले साल की तुलना में 32 .74 प्रतिशत अधिक है। मंडल की आय बढ़ाने के लिए यात्री सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। जिसमें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 17 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है। इनमें उझानी, बरेली सिटी और इज्जतनगर रेलवे स्टेशनों पर लगभग 95 प्रतिशत काम पूरे भी कर लिए गए हैं।

## शैक्षिक महासंघ की फिर जिलाध्यक्ष बनीं प्रियंका



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रदेश स्तरीय अनुशासन समिति ने प्रियंका शुक्ला को दोबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में गठित जिला कार्यकारिणी ही वैध है, जबकि सात दिसंबर के बाद हुआ निर्वाचन अवैध है। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेश की अवहेलना करते हुए जिले में फरीदपुर, मझगवां, क्यारा, भुता और भदपुरा ब्लाकों में हुए सभी निर्वाचन तत्काल प्रभाव से प्रदेश पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए निरस्त कर दिए गए हैं। इस संबंध में जिला संयोजक जितेंद्र पाल ने बताया कि जिले में चुनाव संपन्न हो चुका है। अब चुनाव परिणाम के लिए जल्द ही न्यायालय की शरण ली जाएगी।

## इंटर स्कूल ओपन चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले



**बरेली, अमृत विचार :** जिला बैडमिंटन संघ की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में विंटर इंटर स्कूल ओपन जिला चैंपियनशिप के तहत शनिवार को फाइनल मुकाबले हुए। इसमें बालक एकल 15 आयु वर्ग में राम सक्सेना, 17 आयु वर्ग में युवराज जोशी, 19 आयु वर्ग में युवराज जोशी, बालिका एकल 15 आयु वर्ग में अनुष्का चौधरी, 19 आयु वर्ग में आरुषि गर्ग विजेता रहीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर, सचिव अनिल मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष वसंत चतुर्वेदी, राकेश टंडन, हिमांक आदि मौजूद रहे।

## सेपक टाकरा में कांस्य विजेता खुशबू को मिले 75 लाख



**बरेली, अमृत विचार :** एशियाई खेलों में सेपक टाकरा में कांस्य पदक जीतने वाली खुशबू को शनिवार को प्रदेश सरकार की ओर से 75 लाख रुपये की धनराशि दी गई। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुशबू के साथ ही कोच बीए शर्मा को भी 50 हजार रुपये का चेक दिया। इस दौरान सेपक टाकरा संघ के महासचिव डा. सीरिया एसएम ने बताया कि शेष छह खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार की ओर से 50-50 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी।

## चित्रकला प्रदर्शनी का मेयर ने किया उद्घाटन



**बरेली, अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने शनिवार को रिद्धिमा आर्ट गैलरी में बरेली की चित्रकार सुमन वर्मा के चित्रों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सुमन वर्मा युवा चित्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र सिंह पुंडीर ने कहा कि सुमन के चित्रों में जीवंतता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. शशि बाला राठी ने कलाकृतियों की सराहना की। मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने अतिथियों को सम्मानित किया। डॉ. अनुराधा आर्य, डॉ. अजय रघुवंशी, दिवाकर आर्य, कैकेयी नंदन, पूर्वी सिन्हा, कुलदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे। सुमन वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# सार-संक्षेप

## देश को सर्वोपरि रखना ही गणतंत्र का मुख्य उद्देश्य



बरेली,अमृत विचार : गणतंत्र दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में जिला जज विनोद कुमार ने ध्वज फहराया। वहीं, बरेली बार एसोसिएशन सभागार में अध्यक्ष मनोज कुमार हरित ने राष्ट्रध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि देश को सर्वोपरि रखना ही गणतंत्र का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान अधिवक्ताओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मिशन हॉस्पिटल, आंखों के इलाज के लिए राजश्री मेडिकल हॉस्पिटल के साथ अनुबंध किया। वकीलों को सिर्फ दवाइयों का खर्चा ही वहन करना होगा। सचिव वीपी ध्यानी, कमिश्नरी बार एल्डर कमेटी चेयरमैन केसी पाराशरी, शेर सिंह, प्रदीप कुमार यादव, अनुपम, ललित सिंह, जयपाल कश्यप, चमन आरा, रोहित, नसीम, गायत्री, आदित्य कुमार सक्सेना, अजय कुमार मौर्य, अमित सक्सेना, प्रेरणा, मो. आमिर खान आदि मौजूद रहे।

## महानगर कांग्रेस कमेटी ने फहराया तिरंगा



बरेली, अमृत विचार : महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में ध्वज फहराया। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, असलम चौधरी, महेश पंडित, योगेश जौहरी, मुकेश वाल्मीकि, अनिल देव शर्मा, डॉ. सर्वत हुसैन हाशमी, फिरोज खान, मुस्ताक खां, अफसार खान, मुन्ना अंसारी आदि मौजूद रहे।

## निहारिका और अदिति ने काव्य पाठ किया



बरेली, अमृत विचार : गौरव सेनानी संस्था के तत्वाधान में पूर्व सैनिकों ने आरपी इन्क्लेव में ध्वज फहराया। निहारिका शर्मा, अदिति शर्मा ने ओज से भरी कविता सुनाईं। संस्था अध्यक्ष कैप्टन उमेश राठौर ने संबोधित किया। सचिव शिशुपाल मौर्य ने 26 जनवरी के महत्व, संवैधनिक इतिहास, बरेली की भागीदारी के बारे में बताया। कैप्टन एससी गुप्ता ने लाए हैं तूफान से कश्ती निकालकर सुनाकर मुग्ध किया। महाराज सिंह, जयराम श्रीवास्तव, सोमवीर गंगवार, राजाराम पाल, शांति स्वरूप, प्रेमवीर सिंह, ठाकुर दास, रूपलाल शर्मा, प्रेमवीर सिंह, बीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए

बरेली, अमृत विचार : गंगाशील महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने देशभक्ति कार्यक्रम किए। प्राचार्य पंकज कुमार ने उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षा निदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया। महाविद्यालय के निदेशक डा. दुरेश चंद, डा. प्रीति सक्सेना, डा. वीरेंद्र कुमार, डा. शिल्पा जैन, डा. तरुण कुमार पांडेय, डा.स्वाति गुप्ता, डा. दीबा निशात, मो. अशरफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# समन्वय बैठक: लोकसभा चुनाव से पहले जनप्रतिनिधियों का पुराने मुद्दों पर पारा गर्म

### सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और छुट्टा पशुओं के मुद्दे पर हुए मुखर, नाराजगी भी जताई

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

- कैंट विधायक ने कहा, करगैना फाटक तक बसों का स्टापेज हो
- मीरगंज और नवाबगंज के लिए सिटी बस चलवाने का मुद्दा उठाया

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को अधिकारियों के साथ हुई समन्वय बैठक में जनप्रतिनिधियों के तेवरों पर लोकसभा चुनाव का साफ असर दिखा। उन्होंने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, गोवंश को संरक्षित करने समेत कई मुद्दे उठाए। कई समस्याओं पर नाराजगी भी जताई। अधिकारियों ने जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

मेयर उमेश गौतम ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के तहत जिले के इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पात्र बच्चों का दाखिला कराया जाए। उन्होंने योजना के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। मीरगंज विधायक डीसी वर्मा ने मीरगंज से गुलड़िया गौरीशंकर तक सड़क का मामला उठाया। बताया कि 83 करोड़ से सड़क बननी है। प्रस्ताव लखनऊ जा चुका है। हुरहुरी में बरात घर के लिए जमीन उपलब्ध कराने और बजट जारी होने के बाद भी निर्माण शुरू न होने की बात कही। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से कहा कि नवनिर्मित सड़कों के आरंभ और अंत में ठोकरें छोड़ देने से हादसे होते हैं। मिट्टी डाली जानी चाहिए। ये भी कहा कि सेतु निगम कैलाश नदी पर पुल बना रहा है। उसके लिए पड़ोस के खेत से रेत व मिट्टी खोदकर डाली जा रही है। खेत स्वामी को मुआवजा दिया जाए।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि बदायूं की बसों के लिए करगैना फाटक तक स्थान चिन्हित कर स्टॉपेज की व्यवस्था की जाए। विधायकों ने मीरगंज, नवाबगंज और सेंथल के लिए सिटी बस चलवाने का मुद्दा उठाया। छुट्टा पशुओं का मामला भी उठाया गया। रामगंगा के पक्के घाट के मुद्दे पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जमीन का विवाद अभी नहीं सुलझा है। डीएम ने कहा कि विवाद को सुलझाकर जल्द कार्य कराया जाएगा।

बैठक में डीएम ने आश्वस्त किया कि वह खुद समस्याओं को दूर कराएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम, ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर पशुओं को संरक्षित किया जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने कहा कि 30 गोशालाएं पूरी हो चुकी हैं। 27 निर्माणाधीन हैं। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेन्द्र वर्मा, विधायक फरीदपुर डॉ. श्याम बिहारी लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि, सीएमओ विश्राम सिंह, पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### विधायक को मिला जवाब, ठंड की वजह से नहीं बनी सड़क

फरीदुपर विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल ने कहा कि आयुर्वेदिक कॉलेज के लिए तहसील प्रशासन को रजऊ के पास जमीन दिखाई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महमूदापुर और खलपुर में अभी तक रोड नहीं बन पाई है। सम्बंधित अधिकारी ने कहा कि ठंड की वजह से सड़क नहीं बन पाई है। फरवरी तक कार्य पूरा हो जाएगा।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय में जल्द बनेगा इंटरनेशनल ट्रांजिट हॉस्टल



कार्यक्रम में बोलते कुलपति प्रो. केपी सिंह और मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में जल्द ही इंटरनेशनल ट्रांजिट हॉस्टल बनेगा ताकि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों और पढ़ाने वाले शिक्षकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में डिजिटल हब बनाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, ताकि ऑनलाइन पढ़ाई पर ज्यादा जोर दिया जा सके। यह बातें कुलपति प्रो. केपी सिंह ने गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने प्रशासनिक भवन के सामने झंडा रोहण किया। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा को बढ़ावा देकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के 2047 के सरकार के मिशन की जिम्मेदारी को पूरी लगन से पूर्ण करना होगा। उन्होंने पं. दीनानाथ मिश्र स्कूल और दिशा पब्लिक स्कूल में भी झंडा रोहण किया। इस दौरान कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार, प्रो. एके सिंह, सुनीता यादव, डॉ. अमित सिंह मौजूद रहे।

## एसआरएमएस ट्रस्ट में भी हुए कार्यक्रम

बरेली अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम हुए। ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने ध्वज फहराया। आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त), डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, डॉ.जसप्रीत कौर, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनीश चंद्रन मौजूद रहे।

# स्कूल-कॉलेजों में रंगारंग कार्यक्रम पूरे दिन गूंजते रहे देशभक्ति गीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में स्कूलों और कॉलेजों में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज में गूंजे देशभक्ति गीत :** इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर बालिकाओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, नगर आयुक्त निधि वत्स ने छात्राओं को पुरस्कार दिए। प्रधानाचार्य चमन जहां, मोहसिना खान, सबीहा सुल्ताना, जेबा ताज व रेड क्रॉस इंचार्ज सबीहा माजिद, अनमता आसिफ मौजूद रहे।



मॉडल इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### मॉडल इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस की रही धूम

आलमपुर जाफराबाद स्थित प्रकाश मॉडल इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र कश्यप की पुत्री कीर्ति कश्यप, ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश यादव, प्रतिनिधि राजेश मौर्य, कॉलेज प्रबंधक प्रेमप्रकाश मौर्य, शिशुपाल मौर्य, राजेश्वरी मौर्य, उपस्थित रहे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में किया ध्वजारोहण

कैंट। स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में चेयरमैन ब्रिगेडियर राहुल आनंद ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। कर्नल आरपी कर्निलियस, प्रधानाचार्य डा. सरिता सिरोही, नंदकिशोर माथुर व अन्य उपस्थित रहे।



इकरा मॉडल स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

बरेली, अमृत विचार : इकरा मॉडल स्कूल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य रेशमा इरशाद, मो. तस्नीम, मो. शोएब,मो. सईद, मो. सलमान, मो. अरशद तारिक शम्सी उपस्थित रहे।


### ध्वज फहराकर मनाया गणतंत्र दिवस

बरेली, अमृत विचार : सेक्रेड हाटर्स स्कूल में निदेशक राधा सिंह ने ध्वज फहराया गया। एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल, प्रधानाचार्य डॉ. उर्मिला वाजपेयी, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



सेक्रेड हाटर्स में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# लोक नृत्य के साथ नाटक का मंचन



गणतंत्र दिवस पर संजय गांधी कम्युनिटी हाल में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- संजय गांधी कम्युनिटी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला समारोह समिति और ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की ओर से संजय गांधी कम्युनिटी सभागार में 34 वें अखिल भारतीय नृत्य, नाटय एवं संगीत समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों के लोकनृत्य और गायन ने मुग्ध कर दिया।

शाम को सुशील कुमार सिंह लिखित, मानसी रावत द्वारा निर्देशित नाटक सिंहासन खाली है और प्रेमचंद्र लिखित और सादिक खान द्वारा निर्देशित नाटक बड़ा भाईसाहब का मंचन हुआ।

प्रथम सत्र की शुरुआत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने की। पूरन लाल लोधी, पवन अरोड़ा, डॉ. मोहित अग्रवाल, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. विनोद पागरानी मौजूद रहे। द्वितीय सत्र की शुरुआत महापौर उमेश गौतम ने की। उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, विशाल मेहरोत्रा पूर्व पार्षद राजू मिश्रा मौजूद रहे। तृतीय सत्र में पूर्व मंत्री भगवत सरन,सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, मयंक शुक्ला मोंटी, कलीम उद्दीन, रागनी अग्रवाल मौजूद रहे। पंकज गंगवार और देवदत्त गंगवार ने पुरस्कार वितरित किए। संस्था अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने आभार प्रकट किया।

गोविंद सैनी, डॉ. सैय्यद सिराज, देवेन्द्र रावत, मनीष अग्रवाल नाइस, महबूब आलम, दिलशाद, पवन कालरा, प्रदीप मिश्रा, रोहित राकेश, हिमांशु सक्सेना, मोहम्मद नबी, मिराज, शमशाद, हरजीत कौर, इफ्फत सिराज, मोना श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा

## आईसीएआई शाखा ने मनाया गणतंत्र दिवस




बरेली, अमृत विचार : इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया शाखा ने गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया। शाखा के चेयरमैन सीए मोहित टंडन ने ध्वज फहराया। इस मौके पर मास्टर ऑफ सेरेमनी शाखा सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए प्रदीप तिवारी, सीए पवन अग्रवाल, सीए मनोज मंगल, सीए मनोज माहेश्वरी, सीए रवि जौहरी, सीए नवीन अग्रवाल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए अतुल अग्रवाल, सीए अरविंद सिंह, सीए अखिलेश गुप्ता, सीए नीरज अग्रवाल उपस्थित रहे।

## ईपीएफओ कार्यालय में हुए कई कार्यक्रम



बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर क्षेत्रीय आयुक्त अनिल कुमार ने ध्वज फहराया। सहायक आयुक्त एके पालीवाल, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, विजय कुमार, संतोष श्रीवास्तव, रोबिन सिंह, सौरभ रस्तोगी, हैदर अली, राजन हरदहा उपस्थित रहे।

## भारत स्काउट एवं गाइड ने किया रूट मार्च



बरेली, अमृत विचार : भारत स्काउट एवं गाइड जिला संस्था और शिक्षा विभाग की ओर से संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस पर रूट मार्च निकाला गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, जिला स्काउट कमिश्नर एसपी पांडेय, प्रधानाचार्य राकेश कुमार, जिला कमिश्नर हरिलाल शर्मा, कुसुम लता राजपूत, महावीर प्रसाद, राकेश कुमार शर्मा, राजेश राजपूत, श्वेता शर्मा, रश्मि उपाध्याय, जिला संगठन कमिश्नर गौरव पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

## छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा

बरेली, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संचालित त्रैमासिक योग शिविर में ध्वज फहराया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मुग्ध कर दिया। योग प्रशिक्षिका राजवती, प्रधानाचार्य गोविंद पाराशरी, सत्य प्रकाश, दिव्या, भूमिका, ज्योति , राखी व अन्य उपस्थित रहे।

## ध्वज फहराकर बच्चों को गौरवशाली इतिहास बताया



बरेली, अमृत विचार : केशलता इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने ध्वज फहराकर बच्चों को गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष डा. केशव अग्रवाल व एमडी डा. लता अग्रवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर कहा कि विषम परिस्थितियों का सामना भी हिम्मत के साथ अडिग रहकर करना चाहिए। उन्होंने अनुशासन, सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि रमन शर्मा ने भी संबोधित किया। शिवांगी साहनी, शिवानी, शिवांगी गुप्ता, सुमित , माधवी ,रिया , रुचि , प्रदीप, वरुन बत्रा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला



बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर ध्वज फहराया गया। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश अग्रवाल, ओमवीर यादव, हाजी इस्लाम बब्बू, सादिक अंसारी, पंडित राज शर्मा, उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट,दिनेश दद्दा, उल्फत सिंह कठेरिया, पाकीजा खान, कमरुद्दीन सैफी आदि उपस्थित रहे।

## मनमोहक झांकियों के साथ निकाली प्रभात फेरी



बरेली, अमृत विचार : गणतंत्र दिवस पर हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से शुक्रवार को झांकियों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। विकास भवन से विधायक संजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। कोतवाली पर प्रभात फेरी का समापन हुआ। सीओ प्रथम संजीव सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने सलामी ली। डॉ. आंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्रादेशिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना, जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, अलका मिश्रा, अंकुर श्रीवास्तव, वैभव गौड़, मोहम्मद नबी, अभय भटनागर, सुबोध अग्रवाल, एसपी सोरखिया, चित्रा सक्सेना, अदिति सिंह, अवंतिका रानी मौजूद रहीं।



आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली। मो. 8077808309
नि:शुल्क चिकित्सा शिविर बाल रोग विभाग
दिनांक : 29, 30 व 31 जनवरी 2024 | समय प्रातः 09 बजे से सायं 04 बजे तक
यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों/लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 9 में सम्पर्क करें।

(C.P.) CEREBRAL PALSY (मानसिक पक्षाघात)
- बच्चे को दौरे या (मिर्गी) आना
- सुनने में कठिनाई
- दृष्टि और असमान्य नेत्र गति
- चलने में असमर्थता
- बौद्धिक विकलांगता

(DMD) (वंशानुगत मांसपेशी विकार)
- पैरों और कूल्हों की मांसपेशियाँ कमजोर होना
- पंजों पर चलना या ठीक से नहीं चल पाना
- चलते हुए बार-बार गिर जाना
- सीढ़ी न चढ़ पाना
- बैठकर उठने में परेशानी होना।

AUTISM (ऑटिज़्म)
- बच्चे को अपनी बात कहने या बताने में परेशानी होना।
- बच्चे का अन्य बच्चों से मित्रता नहीं करना या अकेले रहना।
- किसी भी व्यवहार या काम को नियमित रूप से करना या बार-बार करना।
- आंखों के संपर्क से बचना या आंख ना मिलाना।
- चेहरे पर किसी हाव-भाव का ना होना

ADHD (ध्यानाभाव या अतिसक्रियता विकार)
- ध्यान लगाने में दिक्कत होना
- किसी भी कार्य को पूरा करने में कठिनाई होना
- बच्चे का अत्यधिक सक्रिय होना
- बच्चे में अधिक उतावलापन रहना
Dr. Priyanka Tripathi
M.D. (Ayu. Paediatric), NIA, Jaipur
नोट : निम्न बीमारियों की चिकित्सा पंचकर्म/आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा की जाती है।

# संवैधानिक विवेक और श्रीराम की मर्यादा


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं।

भारत श्रीराममय हो गया है। यह अव्याख्येय है। दर्शन और मनोविज्ञान के सिद्धांतों से भारत के ताजा उत्साह की व्याख्या नहीं हो सकती। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी उपस्थित थे। अयोध्या में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रित लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति थी। लेकिन कार्यक्रम स्थल के अलावा भी पूरी अयोध्या राममय थी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में अपेक्षित लोगों की सूची में मैं भी था। इसलिए सारा कार्यक्रम निकट से देखने का अवसर मिला। अयोध्या और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मध्य 135 किमी का फासला है। इस लम्बे मार्ग के किनारे किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्रीराम का नारा लगा रही थी। सबके चेहरे पर उल्लास और उत्साह। सब आनंदित और सब प्रसन्न। देश और विदेश के तमाम क्षेत्रों में भी अपने अपने ढंग से उल्लास व्यक्त करने वालों की भीड़ आश्चर्यजनक थी। मूलभूत प्रश्न है कि यह भीड़ किसकी बनाई योजना के अनुसार अनुशासनबद्ध थी? किसने इसे प्रेरित किया? इस महाभीड़ का कारण क्या था? स्पष्ट है कि यह महाभीड़ 'स्वतः स्फूर्त' थी। स्वतः स्फूर्त का अर्थ सीधा और सरल है। यहाँ कोई दूसरा व्यक्ति या संगठन प्रेरक नहीं। कोई लोभ नहीं। कोई भय नहीं। कोई आश्वासन नहीं। सब कुछ अनुभूत विवेक के अधीन अपने आप घटित हो रहा था। ऐसा स्वतः स्फूर्त वातावरण पहले कभी नहीं देखा गया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर समूचे देश में आश्चर्यजनक उत्साह था। यह. वाकई विश्लेषण और विवेचन का विषय है। इसने राम के श्रद्धालुओं को आनंद अतिरेक का खूबसूरत अवसर दिया है। मजेदार बात यह है कि इसी के बहाने छदम् सेकुलरपंथी राजनीति वाले भी अनेक महानुभाव भी वाचाल हुए। उन्होंने श्रीराम के प्रति लोक आस्था को हास्यास्पद ढंग से प्रकट किया। प्राण प्रतिष्ठा सीधी सी बात है। मूर्तियां वस्तु या पदार्थ से बनती हैं। जब तक बाजार में हैं तब तक वे वस्तु हैं। शिल्पी उन्हें तैयार करते हैं। रूप रंग भरते हैं। उनमें सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। लेकिन हैं तो मूर्तियां ही। वैदिक परम्परा में मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की विशेष पद्धति विकसित हुई थी। मूर्तियों में प्राण नहीं होते। इस पद्धति के आलोचक अपने ज्ञान पर प्रसन्न हो सकते हों तो हों। मूर्ति पूजा प्राण उपासना का हिस्सा है। ऋग्वेद में सूर्य को प्राण कहा गया है। वह जगत् का प्राण है ही। सविता सूर्य पृथ्वी के पोषक हैं। श्रीराम सूर्यवंशी हैं। उनके कारण जगत् की गतिविधि चलती है। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं, ''आदित्यो ह वै प्राणो-आदित्य जगत के प्राण हैं।'' छान्दोग्य उपनिषद (1.3.1) में कहते हैं, ''मनुष्यों में प्राण ऊर्द्धव गान है-उद्गीथ हैं।'' प्राण महत्वपूर्ण हैं। प्राण धारण करने से हम सब प्राणी हैं। पत्थर या किसी भी पदार्थ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले साधारण पदार्थ ही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में मूर्ति को निश्चित समय के लिए जल प्रवाह में रखने का विधान है। अन्न में भी प्राण होते हैं। इसलिए मूर्ति को काफी समय के लिए अन्न के भीतर रखते हैं। दूध आदि पदार्थ भी उपयोग में आते हैं। फिर मंत्र आराधन करते हैं। विश्वास करते हैं कि मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। प्राण प्रतिष्ठा की यह विधि सभी मूर्तियों के लिए अपनाई जाती है, लेकिन राम विरोधी तत्व मीडिया में जगह पाने के लिए हास्यास्पद और दयनीय बयानबाजी करते हैं।

ऐसे ही एक नेता कहते हैं कि मुर्दों की प्राण प्रतिष्ठा क्यों नहीं की जाती? शरीर का हलचल में रहना ही प्राणवान होना नहीं है। प्राण जीवन है। भारतीय और बौद्ध परम्परा ने शरीर के बूढा हो जाने पर पुनर्जन्म का सिद्धांत माना है। प्राण अव्यय और अक्षर हैं। भारतीय परम्परा के निन्दक प्राण उपासना नहीं जानते। मार्कण्डेय काटजू भारत के प्रधान न्यायधीश रहे हैं। उन्हें पद पर रहते हुए हम भारत के लोग 'न्यायमूर्ति' कहते रहे हैं। उन्होंने इस विशेषण का विरोध नहीं किया। न्याय भौतिक उपलब्धि है। श्री काटजू भी न्यायमूर्ति कहे जाते रहे हैं। कृपया वे स्पष्ट करें कि वे अभी भी न्यायमूर्ति हैं कि नहीं। अगर वे अभी भी मूर्ति हैं तो क्या उनकी मूर्ति निष्प्राण हैं? कुछ लोग कह सकते हैं कि संविधान न्यायपालिका का मार्गदर्शी है। यह सही भी है। संविधान निर्माताओं का विवेक और विनिश्चय सभी संविधाननिष्ठ भारतवासियों के लिए स्वीकार्य है।

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं। दूसरी छपी हुई अंग्रेजी की प्रति है और तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।'' चित्रमय प्रति में मुखपृष्ठ पर श्रीराम और श्रीकृष्ण, भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल का चित्र है। भाग 3 में मौलिक अधिकारों वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय का चित्र है। नीति निदेशक तत्वों वाले पृष्ठ पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का चित्र है। इस चित्रावली में स्वामी महावीर, बुद्ध, अशोक, गुप्तकाल, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, ओडिशा का स्थापत्य, नटराज, गंगा अवतरण, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, महारानी लक्ष्मी बाई, गाँधी जी की दाण्डी यात्रा, नेता जी सुभाष चन्द्र आदि के अनेक चित्र हैं। संविधान निर्माताओं ने राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर आदि के चित्र सांस्कृतिक उपयोगिता के आधार पर ही निश्चित किए गए थे। भारत का विवेक इसी परम्परा से बना है।

विवेक का विकास लोक और शास्त्र से तथ्य लेकर संभव होता है। किसी को राम काल्पनिक लगते हैं। यह उसका अपना विवेक है। तुलसीदास सजग थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए रामचरितमानस में खूबसूरत चैपाई लिखी है, ''जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखि तिन जैसी।'' लेकिन अब श्रीराम और श्रीकृष्ण को काव्य कल्पना बताने वाले लज्जित हैं। खिसिया गए हैं। उनका सतही अध्ययन हास्यास्पद सिद्ध हुआ है। अयोध्या तथ्य हैं। चित्रकूट तथ्य हैं। दण्डकारण्य तथ्य हैं। गंगा, तमसा और मन्दाकिनी के प्रवाह सत्य हैं। वाल्मीकि, कम्ब व तुलसी सत्य हैं। उनके विवेक सिद्ध सत्य हैं। दो दिन पहले भारत ने अपना गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न किया है। जन गण मन में भारत का विवेक अंतर्निहित है। भारतीय विवेक का विस्तार और निर्माण श्रीराम के शील, आचार और मर्यादा से हुआ है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम इस राष्ट्र का उत्स (मूल) हैं। इसी उत्स से 22 जनवरी को स्वतः स्फूर्त उत्सव प्रकट हुआ है। इसीलिए भारत आदर्श गणतंत्र है। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपवर्:107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आतंरिक संकट बड़ा होता है-''आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्'' वाह्य उतना बड़ा नहीं। यह सावधानी अनिवार्य है।

# रूपांतरण का महीना है माघ

शास्त्रों में आध्यात्मिक दृष्टि से माघ महीने में पवित्र नदियों में स्नान एवं पूजन की जो महिमा कही गई है, उसके बहुआयामी लाभ हैं। जहां शास्त्रों में माघ माह के तप को अश्वमेध यज्ञ एवं पुंडरीक यज्ञ के साथ मोक्ष, विष्णुपद की प्राप्ति वाला बताया गया है। वहीं आधुनिक शोधों में उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वाला महीना कहा गया है। इसी के साथ शीतकाल के इस ऋतु में स्नान एवं पूजन से प्रकृति के साथ तादाम्य बनाने का भी अवसर मिलता है।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण की रचना के पूर्व ही जिन दो महीनों में प्रातःकाल स्नान एवं श्रीहरि के पूजन का चर्चा की है, उसमें पहला माह माघ ही है। दूसरे पर चैत्र स्नान का उल्लेख है। माघ महीने में स्नान के महत्व की एककथा का भी उल्लेख है। राजा सुमति और सत्यवती का पूर्वजन्म दूषित था, लेकिन अनजाने में वशिष्ठ ऋषि के आश्रम पर जाकर स्नान-पूजन से वे अगले जन्म में राजा हुए। आशय स्पष्ट है कि इस महीने में प्रयाग में जुटने वाले संतों के सानिध्य से रूप-स्वरूप तथा आचरण में बदलाव आता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'माघ मकरगत रबि जब होई तीरथपतिहिं आव सब कोई' चौपाई में माघ माह की महत्ता पर पूरा जोर डाल दिया। वैज्ञानिक एवं खगोलीय दृष्टि से देखा जाए तो माघ महीने में प्रयाग के संगम पर सूर्य की किरणों का जल पर अद्भुत असर पड़ता है। जल में अमृत-तत्व की उत्पत्ति होती है। माघ महीने का कृष्ण पक्ष हेमंत तो शुक्ल पक्ष शिशिर ऋतु है। शीतकाल के इस यौवनकाल में स्नान से शरीर के रस-रसायनों में यौवनकाल जैसा तेज प्राप्त होता है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है।

सूर्यनारायण दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मेडिकल साइंस की दृष्टि से इस अवधि में सूर्य की किरणों का सेवन अति लाभकारी है। आध्यात्मिक ऋषियों ने इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए पौष मास की पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान एवं भगवान के पूजन का उल्लेख किया है। प्रयाग में भारद्वाज ऋषि ने इसी अवधि में संगम स्नान के लिए आए याज्ञवल्क्य ऋषि से अपनी अज्ञानता को दूर करने की प्रार्थना की और याज्ञवल्क्य ऋषि ने श्रीहरि स्वरूप भगवान श्री राम की महिमा से उन्हें परिचित कराया था। श्रीराम के प्रति भक्ति का फल ही था कि वनगमन के समय निकले भगवान श्रीराम भरद्वाज ऋषि के आश्रम पर आए थे। ब्रह्मपुराण में 'अरुणोदयमारभ्य प्रातःकालवधि प्रभो, माघस्नानवतां पुण्यं क्रमात्तत्रावधारणा' (स्नान के काल की अवधि अरुणोदय से आरंभ कर प्रातःकाल कही गई है। माघ में माघस्नान करने वालों के लिए विशेष रूप से यह कहा गया है)। इसी पुराण में कहा गया है कि जो भगवान कृष्ण का ध्यान कर इस अवधि में स्नान करता है, वह देवपूजित होता है। पद्मपुराण में कहा गया है कि अशक्त व्यक्ति को भी कम से कम तीन दिन माघ माह में सूर्योदय के समय पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। प्रयाग के संगम में स्नान गंगा-सागर स्नान की तरह फलदायी है। नारद पुराण में होम-हवन का विधान बताया गया है। हवन में तिल के प्रयोग से अग्नि का प्रज्ज्वलन लाभदायी है। इस अवधि में दान की भी महिमा है जिसमें गर्म वस्त्रों आदि के साथ तिल के दान का विशेष उल्लेख है। तिल पदार्थ में एक चौथाई शर्करा (चीनी या गुड़) और तीन चौथाई तिल होना चाहिए। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक की अवधि भी नवरात्र व्रत की तरह है। लौकिक रूप से इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस समय ज्ञान की शक्तियां अज्ञान के महिषासुर का वध करती हैं।

# आधुनिकता के साथ संस्कार भी आवश्यक


डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

शिक्षा संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है।

आधुनिक युग में बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में पाश्चात्य सभ्यता का हावी होना है। हमारा देश तरक्की कर रहा है, डिजिटल रिलेशन के युग में सभी काम मशीन से हो रहा है। यह अच्छी बात है, परंतु हर अच्छे काम के करने के तरीके में बुराई भी छिपी होती है। मशीन का उपयोग करने वाला किस प्रकार का व्यक्ति है, उसका आचरण कैसा है, वह विकास के लिए प्रतिबद्ध है अथवा उसका आचरण गलत है, यह उस पर निर्भर करता है। आज अपने बच्चों में संस्कार भरने की आवश्यकता है।

यह एक बड़ी अजीब सी बात हुई कि गत दो तीन माह में मेरे पास साथी शिक्षकों एवं अन्य साथियों तथा कुछ परिचितों ने दूरभाष पर बात हुई जिसमें उनका प्रश्न था कि हम बच्चों को जो कुछ भी शिक्षा दे रहे हैं, किताबें रटबा रहे हैं। उन सबमें संस्कार विकास कहां हैं? हम लोग बच्चों में संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। चाहें उनका घर हो, परिवार हो या फिर शिक्षण संस्थाएं कहीं भी संस्कार के विकास पर कार्य नहीं कर रहे हैं तो फिर हम शिक्षा से कर क्या रहे हैं?

आज अभिभावक अपने बच्चों से दूर होते जा रहे हैं। उन्हें खुद फुर्सत नहीं मिलती जिस कारण वे अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं कैसी संगति में हैं, उसकी निगरानी अभिभावकों द्वारा नहीं होने के कारण बच्चे संस्कार विहीन हो जाते हैं। बच्चों की प्रवृत्ति गलत कार्यों के प्रति ज्यादा होती है, ऐसे में उन्हें रोकने वाला कोई नहीं मिलता। यही कारण है कि वे बिगड़ते जाते हैं और संस्कार विहीन बन जाते हैं।


संस्कार का अर्थ है अच्छे गुण, अच्छे व्यवहार, अच्छे कर्म एवं अच्छा रहन-सहन। बच्चों को बचपन से प्रारंभ होकर जीवनपर्यंत संस्कार मिलते रहते हैं। बच्चों में संस्कार का गुण विकसित करने के लिए हमें घर में अच्छा माहौल बनाना होगा। बच्चों की प्रथम पाठशाला घर ही होता है और बच्चे के माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। यदि बच्चों में संस्कार डालना है तो बचपन से ही उनमें अच्छे संस्कार डालने होंगे। बच्चे के माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी एवं अन्य परिवार सदस्य, जैसे-बातचीत एक दूसरे के साथ करना। व्यवहार, घर के समान तरीके से रखना, आगंतुक का स्वागत, सब काम तरीके से एवं समय से करना इत्यादि करते हैं। बच्चे भी यह सब देखकर एवं सुनकर उन्हीं चीजों का अनुसरण करते हैं। इसलिए बच्चों में संस्कार की नींव घर परिवार से ही डालनी होती है। समाज, छात्र के संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार, स्कूल, मित्रों, अध्यापकों, आदर्शों और सामाजिक परिवेश द्वारा प्रभावित होकर छात्र के व्यक्तित्व में संस्कारों का निर्माण होता है। एक समाज की मान्यताएं, संस्कृति, धार्मिक मान्यताएं, सामाजिक नीतियां और सामाजिक नियम आदि संस्कारों का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं।

शिक्षा भी संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है। शिक्षा छात्र को सोचने की क्षमता, न्याय और सही गलत का विवेचन करने की क्षमता, सामरिकता, स्वतंत्रता, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान करने की क्षमता विकसित करती है। शिक्षा छात्र को संस्कृति के साथ एक समृद्ध सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए तैयार करती है। संस्कार शब्द संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है सज्जन बनाना या निर्माण करना। इसे हम सामान्यतः शिक्षा, आदर्शों, संगठन, नैतिकता और सामाजिक नियमों के माध्यम से व्यक्ति में अपनाए जाने वाले गुणों का संकेत के रूप में भी जानते हैं। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का महत्व अत्यंत प्रमुख होता है। यह उन गुणों और मूल्यों को सम्मिलित करता है, जो छात्र के व्यक्तित्व का आधार बनाते हैं और उसे समर्पित, सद्भावपूर्ण और सभ्य नागरिक बनाते हैं। संस्कारों के माध्यम से, विद्यार्थी सामाजिक, नैतिक और नैतिकतापूर्णता के मूल्यों को सीखते हैं, जो उन्हें अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संस्कारों का निर्माण सामाजिक और शैक्षिक माध्यमों के माध्यम से होता है, जो छात्र के व्यक्तित्व को स्वर्णिम बनाते हैं। संस्कारों का समावेश छात्र को उच्चतम मान्यताओं, नैतिकता, न्याय, समरसता, सहयोग, समानता, समाज सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की क्षमता प्रदान करता है। ये संस्कार उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक सफलता की ओर ले जाते हैं और एक सद्भावपूर्ण, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसा व्यक्ति कभी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। अपनी कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपने जीवन को तो संवारता ही है। साथ ही दूसरों का भी उद्धार करता है। वह अपनी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज का निर्माण करता है। लोगों में परस्पर प्रेम, सद्भावना एवं परोपकार का भाव जाग्रत करता है।

## साहित्य: रूप परिवर्तन

एक वह युग था, जब लिपि का विकास तो नहीं हुआ था, पर भाषा का विकास हो रहा था, संवाद होता था, साहित्य का एक रूप संवाद था। श्रुति-परंपरा, वाचिक-परंपरा, स्मृति परंपरा थी। लोकजीवन में गीत, कथा, गाथा और कहानियों का प्रचलन संवाद के साथ ही विकसित होने लगा था। नाटक आए। व्याख्यान और शास्त्रार्थ थे। एक युग वह भी आया, जब लिपि का विकास हुआ, लिपि का विकास हुआ तब साहित्य का रूप फिर बदला।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ताड़-पत्रों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे सूत्रग्रंथ लिखे गए। पद्यात्मक रूप प्रधान रहा। वाचिक परंपरा का और विकास हुआ, हस्तलिखित ग्रंथों का विस्तार भी हुआ, किंतु समर्थ लोगों तक ही ग्रंथों की पंहुच थी। लिखिया होते थे। फिर मुद्रणालय आए। तब साहित्य का रूप फिर से बदला। अब गद्य रूप प्रधान होने लगा और उपन्यास-कहानी-निबंध-आलोचना आदि का प्रचार हुआ। ग्रंथों के साथ ही अखबार आए, खबर आई और उनकी पहुंच का व्यापक विस्तार हुआ।

ज्ञानविज्ञान के विभिन्न अनुशासनों को लेकर किताबें छपने लगीं और वे सामान्यजन तक पहुंचने लगीं। फिर रेडियो आया, वार्ता, परिचर्चा, रेडियोनाट्य, रिपोर्ताज जैसे साहित्य रूप आए। फिर मूवी आया। टौकी आया। फिल्म आई, पटकथा और संवाद। साहित्य की विधाओं का और अधिक विस्तार हुआ। दूरदर्शन आने के बाद साहित्य के लिए नाटक और परिचर्चा जैसे रूप मिले। साहित्य और ज्ञान-विज्ञान के दृश्यरूप और अधिक प्रभावी बन गए।

अब जब इंटरनेट आया है, साहित्य का रूप फिर से बदलने को है। ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है। माध्यम बदलने से साहित्य का रूप तो बदलता ही है, साहित्य की अंतर्वस्तु का भी विस्तार होता है। टेक्नोलॉजी किस प्रकार से साहित्य के रूप को प्रभावित करती है? इस विषय पर एक थीसिस लिखी जा सकती है। मुद्रण आने के बाद गद्य की कितनी विधाओं का विकास हुआ? रेडियो आने के बाद कितनी नई विधाएं (रेडियो-नाट्य, रेडियो-रूपक, फीचर, वार्ता आदि) फिल्म आने पर नाट्य रूपों में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ और नौटंकी जैसे आयोजन धीरे-धीरे कम होते चले गए। टी.वी. आने के बाद तो साहित्य-विधाओं के साथ ही पत्रकारिता का भी रूप व्यापक हो गया है। आज इंटरनेट ने फिर से साहित्य और लोकसंवाद के नए-नए रूपों को विकसित किया है। भविष्य में ये सब नए रूप एक साहित्य-पत्रकारिता और संवाद का नया इतिहास बनाएंगे। अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है।

## परम तत्व चिंतन

जिन परमात्मा में श्रेष्ठ बुद्धि वाले विप्रगण अपने मन को लगाते हैं तथा अपनी सब प्रकार की वृत्तियों को भी नियुक्त करते हैं, जिन्होंने अग्निहोत्र आदि समस्त शुभ कर्मों का विधान किया है, जो समस्त जगत के विचारों को जानने वाले और अद्वितीय हैं, उन सबसे महान, सर्वज्ञ परमेश्वर की हमें भूरि-भूरि स्तुति करनी चाहिए।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे मन और बुद्धि, मैं तुम दोनों के स्वामी और समस्त जगत के आदि कारण परब्रह्म परमात्मा को बार-बार नमस्कार करके विनयपूर्वक उनकी शरण में जाकर उनमें संलग्न होता हूं। परमेश्वर की महिमा का जो मैंने वर्णन किया है, वह संपूर्ण जगत में व्याप्त हो जाए। दिव्य लोकों में निवास करने वाले परमात्मा के सभी पुत्र भी उनकी महिमा को भली-भांति सुनें।

परमात्मा की स्तुति के पश्चात ध्यान की स्थिति का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि जिस स्थिति में अरणिमंथन के लिए शरीर को नीचे की अरणि और ओमकार को ऊपर की अरणि बनाकर ओम का जप और उसके अर्थरूप परमात्मा का निरंतर चिंतनस्वरूप मंथन किया जाता है, जहां प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का विधिपूर्वक भली-भांति निरोध किया जाता है, जहां आनंद रूप सोमरस प्रचुर मात्रा में प्रकट होता है, उस ध्यानावस्था में मनुष्य का मन सर्वथा विशुद्ध होकर परमात्मा में संलग्न हो जाता है।

हे साधक संपूर्ण जगत के स्वामी परमेश्वर की इस प्रकार से स्तुति करके उनसे अनुमति प्राप्त कर तुम्हें सबके आदि उन पर ब्रह्म परमात्मा की ही सेवा करनी चाहिए, उन परमेश्वरम में ही आश्रय प्राप्त करना चाहिए। ऐसा करने से पहले किए हुए समस्त संचित कर्म विघ्नकारक व बंधन रूप नहीं होंगे।

# जब तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे।

देश की आजादी के बाद इतने बड़े राष्ट्र को चलाने और आगे बढ़ाने के लिए संविधान सभा में लंबा विचार-विमर्श चला। लोकतंत्र की अवधारणा को अपनाया गया और राज्य को संचालित करने की शक्ति लोक के हाथों में सौंपना तय किया गया। आधी सदी से अधिक समय बीत गया, बीते समय में हम आगे बढ़े, लेकिन समय से पीछे रह गए। समय हमसे तेज चल रहा है, लेकिन हमारी गति कम है, क्योंकि देश में गण और तंत्र अलग-अलग चल रहे हैं। यदि इन दोनों का साथ होता तो टीम-वर्क उभरकर आता और हम समय के साथ कदम ताल मिला लेते।

गणतंत्र के नाम पर हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करने का अधिकार हमें प्राप्त नहीं है, हमें वोट उसे देना है, जो कम बुरा है। गणतंत्र के नाम पर हमें बोलने का अधिकार मिला है, लेकिन उसे तंत्र सुनता नहीं, क्योंकि कुर्सी पर आसीन नेता और अफसर, जनता को मूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि ये बेवजह हल्ला करने वाले नासमझ लोग हैं। वो समझते हैं कि 'ये' करेंगे, ये समझते हैं 'वो' करेंगे और दोनों एक-दूसरे की और संदेह भरी निगाह से देख रहे हैं। जब कुछ हासिल होता दिखाई नहीं पड़ता तो 'ये' 'वो' को गरिया रहा है और 'वो' 'ये' को। दोनों के बीच का पुल संविधानसभा में बनाया गया था, लेकिन पुल पुराना पड़ता गया। सत्ता ने हौले-हौले पुल की नींव हटा दी, पुल भसक कर जमींदोज हो गया। अब प्रजा एक छोर पर खड़ी है और तंत्र दूसरे छोर पर, यही आज का बचा-खुचा गणतंत्र है। दोनों मिलकर गाना गा रहे हैं, 'पुकार लो, तुम्हारा इंतज़ार है।' ऐसा नहीं है कि प्रगति नहीं हुई है। पुलिस का उदाहरण लेते हैं। आजादी के पहले पुलिस के हाथ में डंडा और बन्दूक थे, अब स्टेनगन है उनके हाथों में। ये स्टेनगन लोक की रक्षा के लिए नहीं है, तंत्र की रक्षा के लिए तैनात है। लोक अपनी रक्षा स्वयं करे, तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन तंत्र की रक्षा लोक करे। क्योंकि तंत्र का जीवन लोक के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है। सही तो है तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा? लोक का क्या है? रहे न रहे। न्याय व्यवस्था को देख लीजिए, लोग इस उम्मीद में न्यायालय जाते हैं कि उनके मध्य विवाद का निपटारा होगा, लेकिन वादी-प्रतिवादी निपट जाते हैं, विवाद का समाधान नहीं होता, तारीख पर तारीख मिलती है। न्यायालयों की अढ़धप में फंसे व्यक्ति की जो आर्थिक और मानसिक दुर्दशा होती है उसे वही व्यक्ति जानता है जिसे मुकदमा लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। जज से लेकर मुंशी तक, हर व्यक्ति आमजन को इस कदर अपमानित और तंग करता है कि वह अदालत जाने के नाम से कान पकड़ लेता है। क्या संविधान सभा ने ऐसी निकृष्ट न्याय व्यवस्था की उम्मीद की होगी?

कोई भी पार्टी होसबके नेता नौटंकीबाज हैं। सबको अपनी फिक्र है, गण की नहीं। गण तो उनके ऊपर पहुंचाने की सीढ़ी हैं, ऊपर पहुंच गए, खेल खत्म, पैसा हजम। शासक और प्रशासक आपस में मिलीभगत करके आमजन के जीवन को कष्ट में डालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन गीत जन कल्याण के गाएंगे। ईमानदारी का भजन गाने राजनीतिज्ञ वाले बेईमानी के धन से चुनाव लड़ते हैं और जीतने के बाद वसूली अभियान चलाते हैं, जो हार जाता है वह भुट्टे की तरह जलता-भुंजता-कुढ़ता रह जाता है।

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे। आगे भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता रहेगा, क्योंकि यह संविधान को सम्मान देने का उत्सव है। काश गणतंत्र दिवस की भावना को समझते हुए अपनी शक्ल संविधान के पन्नों में देखें और गलतियों को सुधारने का यत्न करें अन्यथा अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करने वाली।

## बंधन से मुक्ति

ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है।

यदि कोई व्यक्ति अपने को विद्वान की श्रेणी में मानता है तथा जाति का समर्थन करता है या किसी मनुष्य को दलित कहता है तो मूल रूप से वह सनातनी नहीं है। जाति व्यवस्था एवं दलित शब्द मुगलों की देन है। पराजित कोम को दास बना बनाते थे और दास बना करके विक्रय किया करते थे, क्योंकि वे असहाय थे। उनके साथ पशुवत व्यवहार करते थे और आज भी प्रचलन में है। हमारे यहां गरीब ब्राह्मण था जिसकी कोई आजीविका नहीं थी। मात्र भिक्षाटन था। यहां तक की भगवान विष्णु ने बलि को छलने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण करके वावनअवतार लिया था। ब्राह्मण तीनों वर्णों से भिक्षाटन करता था और सारा जीवन राष्ट्र के अभ्युदय में लगता था। गरीब होना हमारे समाज में अपमान नहीं माना जाता था अपितु ब्राह्मण सबसे सम्मानित था। क्योंकि उसके पास विद्या थी तप था समाज एवं राष्ट्र की सेवा थी। इसीलिए ब्राह्मण के पर्यायवाची सभी विद्वान सूचक शब्द है। ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है। इसीलिए हमारे सनातन धर्म की धुरी में महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सूत जी है, जो सभी निम्न वर्ण के थे तथा लगभग सभी सनातन धर्म ग्रंथों की रचना की है। श्रीमद् भागवत गीता महाभारत का अंश है जिसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। वेदों में भी भूमि दास एतरेय, महर्षि सत्यकाम जावाल इसी प्रकार दस अन्य महर्षि निम्न वर्ण के थे। इतना ही नहीं महाराज काशी नरेश मीराबाई संत शिरोमणि रविदास के शिष्य थे। राष्ट्र की प्रगति के लिए सनातनी बने। जातिवादी बनकर के स्वार्थी एवं अवसरवादी न बने स्वार्थी एवं अवसरवादी व्यक्ति कभी विद्वान नहीं होता। वस्तुतः सनातन धर्म आर्य धर्म है, जो जीवन में व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करता है बंधन नहीं। महर्षि वशिष्ठ जब भगवान राम को शिक्षा दे चुके तो उनसे कहा अब तुम मुक्त हो और तुम अपने विवेक से काम करो। सा विद्या या विमुक्त ये। ज्ञान वही है, जो बंधन से मुक्ति प्रदान करें।


रामनाथ द्विवेदी
कानपुर

# अनुष्का ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक



**बरेली, अमृत विचार :** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से शीतकालीन जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । टूर्नामेंट में माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा अनुष्का सिंह ने अंडर 13 और अंडर 15 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रबंध निदेशक डा. सौरभ कुमार अग्रवाल व प्रधानाचार्य प्रियंका संरकार ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अपर मुख्य सचिव एमएसएमई को उद्यमियों ने बताई समस्याएं

**बरेली, अमृत विचार :** एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद को उद्यमियों ने कई समस्याएं बताईं। इस दौरान उद्योगों के विकास के लिए कई सुझाव भी दिए।

जिला उद्योग केन्द्र सभागार में शनिवार को बैठक में उद्यमी दिनेश गोयल ने बीडीए के मास्टर प्लान के अन्तर्गत उद्योगों के लिए चिन्हित भूमि में लॉजिस्टिक्स व वेयर हाउसिंग के चिन्हांकन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा के पास रायपुरा गांव की चकबंदी प्रक्रिया काफी दिनों से चल रही है। अपर मुख्य सचिव ने इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश अफसरों को दिए। एसके सिंह ने फायर एनओसी के लिए वाटर स्टोरेज टैंक को औद्योगिक क्षेत्रों के कॉमन एरिया में स्थापित कराने और औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में यूपीएसआईडीसी की भूमि पर जरी-जरदोजी के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री बनाये जाने की मांग की। अजय शुक्ला ने कहा कि बरेली में यदि फ्लैटेड फैक्ट्री विकसित होती है तो जरी कारोबारियों को काफी लाभ होगा। बहेड़ी फूड पार्क में सामान्य उद्योगों के लिए भी भूमि आवंटन का अनुरोध किया। संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने किया। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन, उद्यमी अभिनव अग्रवाल, सम्भव शील, विमल रेवाड़ी, सतीश कुमार अग्रवाल, सुरेश सुन्दरानी, प्रेम कुमार शर्मा, सुदीप राजगढ़ैया, आशीष गुप्ता, सौरभ अग्रवाल व अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

# पुलिस की चूक से कानूनी दांवपेच में फंसा मानसिक मंदित किशोर

## जीडी में 18 साल उम्र दर्ज की, बाल कल्याण समिति ने सुपुर्दगी में लेने से किया इन्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 14 दिन पहले कड़ाके की सर्दी में नंगे बदन भटकता मिला था एनजीओ को
- सप्ताह भर से कानूनी उलझन की वजह से नहीं हो पा रहा कोई फैसला

**अमृत विचार :** कड़ाके की सर्दी में नंगे बदन सड़कों पर भटकता एक 15 वर्षीय मानसिक मंदित किशोर अनचाहे ही कानून के दांवपेच में ऐसा फंस गया है कि उसे सरकारी आश्रय नहीं मिल पा रहा है। करीब 14 दिन पहले एक एनजीओ ने उसे कोतवाली पहुंचाया था जहां पुलिस ने बगैर परीक्षण कराए उसकी उम्र अपनी जीडी में 18 साल दर्ज कर दी। यही चूक अब एनजीओ और किशोर पर भारी पड़ रही है। बाल कल्याण समिति ने सरकारी कागजों में बालिग दर्ज होने के कारण किशोर को सुपुर्दगी में लेने से इन्कार कर दिया है।

असहाय लोगों की मदद के लिए मनो समर्पण मनो सामाजिक समिति पुनर्वास केंद्र के नाम से एनजीओ चलाने वाले शैलेश को यह मानसिक मंदित किशोर 14 जनवरी को कुतुबखाना इलाके में भटकता मिला था। शैलेश के मुताबिक 112 हेल्पलाइन पर कॉल करने के बाद वह उसे कोतवाली ले गए जहां पुलिस हुलिया देखकर उसे वयस्क माना और जीडी में दाखिल तस्करे में उसकी उम्र 18 साल दर्ज कर उसे शैलेश की ही सुपुर्दगी में दे दिया। शैलेश का कहना है कि पहले तो वह भी किशोर की उम्र का सही अंदाजा नहीं लगा पाए लेकिन बाद में उन्हें उसकी उम्र कम लगी तो चाइल्ड लाइन को सूचना दी। चाइल्ड लाइन ने पुलिस के दस्तावेज में किशोर की उम्र 18 साल दर्ज होने की वजह से उसे सुपुर्दगी में लेने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि ऐसे मामलों में बाल कल्याण समिति ही कोई निर्णय ले सकती है।

इसके बाद मामला बाल कल्याण समिति के पास पहुंचा तो कई और पेचीदगी सामने आ गईं। समिति ने कहा कि बच्चे को पहले उसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए था। बगैर किसी परीक्षण के बच्चे की उम्र जीडी में 18 साल लिखना तो गलत है ही, उसे बिना मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किए एनजीओ के सुपुर्द किया जाना भी नियमों के खिलाफ है। समिति के मुताबिक 18 साल से कम उम्र के बच्चे को पुलिस को समिति के समक्ष पेश करना चाहिए था। अगर उसकी उम्र 18 साल से ज्यादा है और वह मानसिक मंदित है तो उसे सिटी मजिस्ट्रेट के पास ले जाना चाहिए था।

> कानूनी प्रक्रिया का पालन न करने पर मानवता के नाम पर अपराध भी किया जा सकता है। एनजीओ ने किशोर को पांच दिन अवैध हिरासत में रखा। अब उसे सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाना चाहिए, या पुलिस उसे हमारे पास लेकर आए तभी हम उसकी उम्र का परीक्षण करा सकते हैं। उसकी उम्र थाने में 18 वर्ष लिखी जा चुकी है, इसलिए उसे हम सीधे एनजीओ से नहीं ले सकते।
> – **दिनेश चंद्रा**, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति

> हमने किशोर को बहुत दयनीय स्थिति में रेस्क्यू किया था। इतनी ठंड में उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं लग रही थी। मानसिक चिकित्सालय में भी उसे दिखा चुके हैं। पहले उसकी उम्र 18 साल लगी लेकिन बाद में कम लगी। 20 जनवरी को हमने चाइल्ड लाइन को सूचना दी लेकिन वह आए नहीं।
> – **शैलेश**, एनजीओ संचालक

> एनजीओ संचालक के पर्याप्त साक्ष्य पेश किए थे। इसी कारण मानसिक मंदित किशोर को हमने उनके साथ जाने दिया।
> – **दिनेश**, इंस्पेक्टर कोतवाली

### छात्र कक्षाओं में हों उपस्थित

**बरेली :** बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि स्नातक सम सेमेस्टर के छात्र कक्षाओं में उपस्थित हों।

# तुम्हारे बारे में: इश्क के रूहानी पहलुओं का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** विंडरमेयर थिएटर में शनिवार शाम नाटककार एवं फिल्म कलाकार मानव कौल निर्देशित नाटक 'तुम्हारे बारे में' का मंचन हुआ। शो हाउसफुल रहा। प्यार के अनूठे पहलुओं का दस्तावेज बना यह नाटक हर दिल को छू गया। शो से पहले दर्शकों से रूबरू हुईं युवा कवयित्री बाबुषा कोहली ने कविता और जीवन पर चर्चा की। वहीं शुक्रवार को अवेकन्गि नाटक का मंचन किया गया।

दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह ने मानव कौल का स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किया। नाटक तुम्हारे बारे में मानसी भावलकर, प्रियंका चौधरी, सखी गोखले, घनश्याम लालसा, कौसतुभ हरित और ऋषभ कांति ने जबरदस्त अदाकारी से इश्क के रूहानी पहलू को दर्शकों तक पहुंचाया। अरण्य थिएटर के इस नाटक में विक्रांत ठाकर ने लाइट्स, शरद जोशी ने संगीत, पलक लालवानी ने कॉस्ट्यूम और विवेक जाधव ने सेट की जिम्मेदारी संभाली। प्रोजेक्ट हेड अजितेश गुप्ता के नेतृत्व में शिवानी दरबारी, एकांश उपाध्याय और शिवा शर्मा ने प्रोडक्शन मैनेजमेंट का जिम्मा उठाया। डॉ. बृजेश्वर सिंह ने बताया कि विंडरमेयर फेस्टिवल में रविवार दोपहर 12 बजे मानव कौल और सुप्रसिद्ध उर्दू लेखक डॉ. खालिद जावेद प्रशंसकों से रूबरू होंगे और अपनी किताबों पर बात करेंगे।



विंडरमेयर में अवेकिंग नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- विंडरमेयर थिएटर में 'तुम्हारे बारे में' और अवेकिंग नाटक का मंचन
- आज मानव कौल और डॉ. खालिद जावेद प्रशंसकों से होंगे रूबरू

# प्रसूता का हाथ खराब करने का आरोप डीएम से शिकायत

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** प्रसूता का हाथ नीला पड़ने पर परिजनों को बिना बताए डाक्टरों ने आपरेशन कर दिया। इसके बाद प्रसूता का हाथ खराब हो गया। प्रसूता के पति ने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है।

पीलीभीत के रहने वाले वीरपाल ने गर्भवती पत्नी रूपवती को 21 जनवरी को एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया था। बताया कि डिलीवरी के दौरान स्टाफ ने रूपवती के हाथों में कई बार सुई लगाई जिसकी वजह से पत्नी का दाहिना हाथ नीला पड़ गया। इसकी शिकायत प्रबंधन से की तो डाक्टरों ने बिना बताए शनिवार को पत्नी के हाथ का आपरेशन कर दिया जिससे दाहिना हाथ खराब हो गया। आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज का स्टाफ पत्नी को ले जाने का दबाव बना रहा है। वीरपाल ने जिलाधिकारी रवींद्र कुमार से शिकायत की है।

# आरसीसी और ब्रोसिड क्रिकेट क्लब ने जीते मैच

**बरेली, अमृत विचार :** पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब की ओर से आयोजित शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी टी 20 क्रिकेट लीग में शनिवार को दो मैच हुए। पहले मैच में आरसीसी ने पहले खेलते हुए आठ विकेट खोकर 125 रन बनाए, जिसमें शिव राठी ने 41 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि एमएलसीसी के गेंदबाज अर्पित तरफदार ने मात्र 12 रन देकर पांच विकेट लिए। जवाब में उतरी एमएलसीसी 17.1 ओवर में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और आरसीसी ने मैच 17 रनों से जीत लिया।

दूसरा मैच ब्रॉसिड क्रिकेट क्लब और ब्लू स्ट्राइकर के बीच खेला गया जिसमें ब्रॉसिड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 167 रनों का लक्ष्य दिया। ब्रॉसिड के भूवेन्द्र ने 34, मोहसिन ने 31 और कप्तान चेतन ने 29 रनों की पारी खेली। ब्लू स्ट्राइकरके तरुण सिंह और करन जोशी ने 3-3 और विश्राम ने दो विकेट लिए। ब्लू स्ट्राइकर की टीम 14.5 ओवर में 125 रन पर ढेर हो गयी, जिसमें अमित यादव ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। ब्रोसिड की ओर से फरहान ने तीन और विशाल और चेतन ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच चेतन को चुना गया। पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना और सचिव प्रशांत रायजादा मौजूद रहे।



शॉट मारता बल्लेबाज। ● अमृत विचार

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में शकुन्तला देवी मेमोरियल टूर्नामेंट में शनिवार को हुए दो मैच

# महावर वैश्य सभा के अध्यक्ष बने मोहन गुप्ता

**बरेली, अमृत विचार :** महावर वैश्य सभा की ओर से शनिवार को नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कैलाश चंद्र गुप्ता को संरक्षक, मोहन गुप्ता को अध्यक्ष, गौरव कुमार गुप्ता को महामंत्री और मनोज गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, सतीश गुप्ता, डॉ. कन्हैया लाल गुप्ता को संगठन मंत्री, अनूप गुप्ता को प्रचार मंत्री, अर्पित गुप्ता को ऑडिटर चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में महेश गुप्ता, अनिल कुमार वैश्य, रवि ओम वैश्य, पीयूष गुप्ता, दीपक गुप्ता, श्याम सुंदर, मनोज गुप्ता, ऋषि गुप्ता आदि शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### उत्तराखंड महासभा का 16 वां बसंतोत्सव 24 फरवरी से



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से शुक्रवार को विद्युत निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में 24 और 25 फरवरी को 16 वां बसंतोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि बसंतोत्सव में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और बरेली बार एसोसिएशन के सचिव बीपी ध्यानी का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। स्व. डॉ. वीरेन डंगवाल साहित्य सम्मान कवियत्री सिया सचदेव को प्रदान किया जाएगा। अध्यक्षता जेसी काला ने की। महासचिव चंदन सिंह नेगी, केसी जोशी, सुबोध कंडवाल, सतीश नैथानी, अवनीत नेगी, गिरीश पांडे, भुवनेश घिल्डियाल, आनंद रौडियाल, सुभाष, गोपाल, महेश खड़कवाल, गौरव मिश्रा, भास्कर रावत मौजूद रहे।

### कायस्थ महासभा ने मनाया गणतंत्र दिवस

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव सक्सेना के निवास आकाश पुरम में गणतंत्र दिवस मनाया। इसमें सभी धर्मों के 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना, प्रदेश युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना, संयोजक संजीव सक्सेना, आलोक प्रधान, अश्विनी कमठान, अम्बरीश सक्सेना, रवि सक्सेना, आशीष सिन्हा, अमित सक्सेना, आशीष सक्सेना, मनोज सक्सेना, अंतरिक्ष सक्सेना, कमल, सीमा प्रधान, रितेश साहनी मौजूद रहे।

### प्रमोद डागर और रंजीत वशिष्ठ को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह में डीएम रविन्द्र कुमार ने उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा प्रमोद डागर और प्रभागीय वार्डन रंजीत वशिष्ठ को महानिदेशक नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड एवं अग्नि सेवाएं की ओर से जारी डीजी डिस्क एंड कमेंडेशन सर्टिफिकेट 2022 प्रदान किया। उप नियंत्रक राकेश मिश्र, चीफ वार्डन राजीव शर्मा, सहायक उप नियंत्रक पंकज कुदेशिया और डिप्टी चीफ वार्डन दिनेश कटियार आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### गणतंत्र दिवस : आईआईए कार्यालय पर फहराया तिरंगा




**बरेली, अमृत विचार :** आईआईए बरेली चैप्टर कार्यालय पर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन, चैप्टर सचिव मयूर धीरवानी, चैप्टर कोषाध्यक्ष रजत मेहरोत्रा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने ध्वजारोहण किया। सुरेश सुंदरानी, मनोहर लाल धीरवानी, एसके सिंह, चंद्रभूषण सक्सेना, सतीश अग्रवाल, धनंजय विक्रम सिंह, आशुतोष शर्मा, उन्मुक्त संभव शील, शिवांग सक्सेना, सलिल बंसल, राकेश धीरबानी, ऋषभ दीक्षित, जितेंद्र सिंह, सुनीत मूना, तेजेंद्र सिंह, पीयूष अग्रवाल, अतुल सक्सेना आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

### सरकार ऐसा कोई कानून न बनाए जो भेदभाव करे



**बरेली, अमृत विचार :** मदरसा मंजर-ए-इस्लाम में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ की। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मदरसे में ध्वजारोहण के साथ तमाम कार्यक्रम हुए। मस्जिद के इमामों को नववर्ष की डायरी, धार्मिक किताबें और छात्रों को जैकिट, टोपे और मोजे बांटे गए। मुफ्ती सलीम बरेलवी ने कहा कि संविधान देश के हर व्यक्ति को मजहब, तहजीब, जुबान समेत तमाम आजादी देता है। लिहाजा, सरकार ऐसा कोई कानून न बनाए, जिससे किसी समुदाय विशेष को भेदभाव का एहसास हो। मुफ्ती मोइनुद्दीन, मुफ्ती अफरोज आलम, मुफ्ती जमील, मुफ्ती अख्तर, सैयद शाकिर, सैयद जुल्फी, मौलाना कलीमुर्रहमान, कारी अब्दुल हकीम, मुफ्ती अय्यूब खान, मंजूर खान, मौलाना अबरारुल हक आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
(Establishment Under Govt. of U.P. Act 26 of 2016)
VACANCIES OPEN | ASSISTANT PROFESSORS
Bareilly International University invites applications from committed and passionate individuals for Assistant Professors for its constituent Colleges – BIU College of Management and BIU College of Humanities & Journalism in the following domains:

| | |
|---|---|
| BIU College of Management | Commerce |
| BIU College of Humanities & Journalism | Mass Communication |
| Qualification & Experience: As per UGC Norms | |
| Remuneration: Faculty Members will be placed in a suitable pay structure commensurate with their qualifications and experiences. | |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to principal.bcm@biu.edu.in / principal.hj@biu.edu.in
Bareilly International University, RMCH Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
हेल्पलाइन नं०
6398018900




उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पूर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरों पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड,
ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल,
साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
पीलीभीत बाईपास रोड डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 9412898953

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
अनुभवी जैम पोर्टल ऑपरेटर (Part Time) जो जैम पर ठेके डालना जानता हो। आकर्षक वेतन
अतुल गर्ग
सिविल लाइन्स, बरेली। 9837573939

बिकाऊ है
350 वर्गगज प्लाट में, 270 वर्गगज (कवर्ड एरिया) में दो-मंजिला बना हुआ मकान (चारों ओर से खुला) नैनीताल हाईवे से 100 मी. अंदर डिफेंस कॉलोनी इज्जतनगर, बरेली 4-फैमिली के लिए उपयुक्त।
सम्पर्क करें :- 9720413609
3:00 बजे के बाद करें।

विद्याश्री पार्थ महाविद्यालय
चठिया फैजू, बरेली
आवश्यकता है
प्राचार्य, स्नातक स्तर पर कला संकाय में समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला शिक्षण हेतु यू.जी.सी. मानकानुसार शिक्षक मिलें। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों के साथ 7 दिनों में मिलें।
कैंप कार्यालय स्टेशन रोड, फरीदपुर
प्रबंधक-9452003519

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आवश्यकता है
श्री बालाजी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, रजऊ परसपुर, फरीदपुर, बरेली में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विषय के अध्यापकों व अध्यापिकाओं की।
सम्पर्क सूत्र-9627198880

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने पुत्र शोएब को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उससे कोई वास्ता नहीं होगी। भूरे पुत्र नत्थू एवं साजदा पत्नी भूरे निवासी एजाज नगर गौटिया करीम मस्जिद चावल वाली मण्डी गली बरेली।

सूचना
मैं अपने पुत्र तस्लीम के गलत संगति में पड़ने के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किये गये गलत कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। शहीद पुत्र मोहम्मद शफी ग्राम म्यूढ़ी बुजुर्ग तह. मीरगंज जिला बरेली।

सूचना
हमने अपने छोटे भाई/देवर स्व0 मानसिंह के पुत्र यश राठौर पुत्र स्व0 मानसिंह निवासी उपरोक्त से गलत चाल चलन अभद्र व्यवहार करने चोरी चकारी करने, समाज में बेइज्जती कराने विधि विरूद्ध कार्य करने से क्षुब्ध होकर अपने व अपने परिवार के समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का उक्त यश राठौर से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। हर प्रसाद पुत्र सुखलाल एवं नन्ही देवी पत्नी हर प्रसाद निवासी ग्राम खतौआ तहसील नवाबगंज जिला बरेली।

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

सभी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को
**राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर**
Prof Poonam Saxena (Principal), Shri Amit Kumar Singh, Dr. Ratan Lal, Dr. Ved Prakash, Dr. Ravindra Singh Yadav. Shri Abdul Kadir. Dr. Neeraj Kumar Parashari, Dr. Dileep Kumar Chaurasia, Dr, Pragati Chaudhari, Dr. Smt. Shubham, All are Assistant Professor Shri Y. N. Keshav, Shri Ram Kumar, Sri Hariom, All three are Office Staff
की तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मौर्य बिल्डिंग मैटेरियल एवं एम.वी.एम. इस्पात इंडस्ट्रीज**
शेरगढ़ (बरेली)



राजू मौर्य
मो. 9719402482



बृज लाल मौर्य
मो. 9627660764

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**कामेश कुमार**
विद्युत एस.डी.ओ.
आंवला

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज**
फरीदपुर, बरेली



प्रधानाचार्य
दीपा काला



प्रबंधक
अनूप कुमार




गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**OM PUBLIC SCHOOL**
NC to VIII
An English Medium
Smart Learning Education
Better Foundation
for Better Tutor



Sanchit Gupta
Principal



Anoop Kumar Gupta
Manager

Bisalpur Road, Faridpur (Bareilly)

26th January
HAPPY REPUBLIC DAY

# LOTUS
GROUP OF INSTITUTIONS
Affiliated to AKTU, MJPRU, PCI, BTE & Approved by AICTE, New Delhi

**B.Pharm**
(College Code 957)
Eligibility
12th with Physics, Chemistry & Maths/Bio

**MBA**
(College Code 760)
Eligibility
Graduation with 50% Marks (45% SC/ST)

COURSE FEATURES
- 17 Pharmacy Labs
- Lab Material/Equipments worth 50 Lacs for Students
- Well Qualified Faculty

COURSE FEATURES
- Management Education since 2007
- More than 2000+ Alumni in well Placed Companies
- Highly Qualified Faculty.

- Books Bank Facility
- E-Learning
- Industrial Trips
- Placement Facility
- Computer Certification & English Speaking Course
- Air Conditioned Classrooms
- Regular Guest Lectures & Seminars

OTHER COURSES OFFERED
D.Pharm | BBA | BCA | B.Com (Hons.) | B.Com | B.Sc.







WhatsApp Call 6399298888
Campus : 16 KM, Bareilly-Faridpur Road, Rajau, Bareilly

# FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend

फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स्, बरेली की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें






मुकेश गुप्ता, चेयरमेन



ENGINEERING • MANAGEMENT • PHARMACY • MEDICAL SCIENCES
AYURVEDIC MEDICAL SCIENCE • TEACHERS EDUCATION
Campus: Bareilly-Luckow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | visit us: www.futureinstitutions.org

## ठंड से बचाव को जलाया अलाव, वृद्धा की चली गई जान

**बिलसंडा, अमृत विचार :** शीतलहर से बचाव के लिए झोपड़ी में जलाया गया अलाव वृद्धा के लिए काल बन गया। अलाव की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। हादसे में झोपड़ी में सो रही वृद्धा की जलकर मौत हो गई। आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीण एकत्र हुए। दमकल टीम ने आग पर काबू किया। मगर महिला की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पोस्टमार्टम से इनकार करने पर शव पंचनामा भरकर बेटे के सुपुर्द कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया की रहने वाली देवकी देवी (80) के पति लीलाधर की मृत्यु कई साल पहले हो चुकी है। वह गांव में ही झोपड़ी डालकर अकेले रहती थीं। बेटा विजयपाजल अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कुछ दूरी पर रहता है।

# जन्मदिन की पार्टी में चल रहा था अश्लील डांस, 33 गिरफ्तार

## शहर के एक मैरिज लॉन में चल रही थी जन्मदिन की पार्टी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▶▶ **पुलिस ने सभी के खिलाफ दर्ज की अश्लीलता फैलाने की रिपोर्ट कोतवाली से हुई जमानत**

**अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मैरिज लॉन में आयोजित जन्मदिन की पार्टी में अश्लील डांस चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। अश्लील डांस कर रहीं चार महिलाओं से समेत 33 लोगों को हिरासत में लिया। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

शहर के मोहल्ला सोथा निवासी लाल मियां का शुक्रवार को जन्मदिन था। उन्होंने एक मैरिज लॉन में पार्टी का आयोजन किया था। दावत चल रही थी। साथ ही अश्लील डांस किया जा रहा था। आयोजकों ने प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली थी। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह, सोथा पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह, मालवीयगंज चौकी पुलिस बल के साथ मैरिज लॉन पहुंच गए। जहां चार महिलाएं अश्लील डांस कर रही थीं। वहां बैठे लोग इशारे कर रहे थे। पुलिस को देखते ही लोग इधर-उधर भागने लगे लेकिन पुलिस भी पूरी तैयारी के साथ गई थी। अश्लील डांस करने वाली चार महिलाओं समेत 33 लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस सभी को कोतवाली ले आई। सूचना मिलते ही पार्टियों के जिम्मेदार लोगों के पुलिस के पास उन्हें छोड़ने के लिए फोन आते रहे लेकिन पुलिस ने किसी की नहीं सुनी। पकड़े गए सभी लोगों पर अश्लीलता फैलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि अश्लीलता फैलाने के मामले में 33 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## प्रधानमंत्री की एडिट वीडियो वायरल करने में एक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो एडिट करने के बाद उसमें अमर्यादित एवं अभद्र भाषा रिकार्ड कर वायरल करने पर पुलिस ने एक झोलाछाप को गिरफ्तार किया है। वीडियो एडिट कर उसने अपने व्हाट्सएप से वायरल किया था। भनक लगने पर किसी व्यक्ति ने ट्वीट पर शिकायत कर दी। पुलिस हरकत में आई और उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया ,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

26 जनवरी को जब देशवासी गणतंत्र दिवस मना रहे थे उसी समय थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर की मडैया निवासी नाजिम पुत्र मुख्तयार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वीडियो को एडिट कर उसमें अभद्र एवं मर्यादित भाषा रिकार्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। झोलाछाप नाजिम गांव में ही क्लीनिक चलाता है। पुलिस ने उससे वह मोबाइल भी बरामद किया जिससे उसने वीडियो वायरल की थी। नाजिम ने प्रधानमंत्री की वीडियो में एडिट कर अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था। जिसकी सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# हमारा संविधान सर्वोपरि: मुख्यमंत्री



गणतंत्र दिवस पर विधान भवन के सामने से निकलती रामलला की झांकी। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **लखनऊ में परेड समारोह में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल**

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर तिरंगा फहराया और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। शुक्रवार को अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हमारा संविधान हमारे लिए सर्वोपरि है। ये हमें आग्रही बनाता है कि हर कार्य देश के नाम होना चाहिए। दुनिया के इस सबसे प्राचीनतम राष्ट्र के प्रति हम अपने संविधान के जरिए श्रद्धा का भाव प्रकट करते हैं। योगी ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद और संविधान शिल्पी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को भी नमन किया।

दूसरी ओर, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विधानभवन पर तिरंगा फहराया। इस दौरान मुख्यमंत्रीमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। वहीं भारतीय सेना और प्रदेश की सुरक्षा में तैनात विभिन्न सुरक्षा बलों द्वारा राज्यपाल के समक्ष परेड कर सलामी दी गई। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। महिला होमगार्ड्स के मोटरसाइकिल दस्ते ने भी साहसिक प्रदर्शन किया। यूपी पुलिस के घुड़सवार दल और स्वान दल ने भी परेड में हिस्सा लिया। साथ ही फायर ब्रिगेड और डायल 112 ने भी परेड में अपने दम-खम का प्रदर्शन किया। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा राममंदिर की झांकी ने सबका मन मोह लिया। रामलला को समर्पित इस झांकी को देखकर परेड स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# हत्या के मामले में 3 सिपाहियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▶▶ **वर्ष 1999 में पुलिस चौकी में रिक्शा चालक की हत्या का मामला**

▶▶ **सजायाफ्ता दो सिपाही हो चुके हैं रिटायर, एक उन्नाव में है तैनात**

**अमृत विचार :** चोरी के शक में पुलिस चौकी के अंदर रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में 24 साल के बाद फैसला आया है। प्रकरण में दोष सिद्ध होने के बाद प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट की अपर सत्र न्यायाधीश लवी यादव ने दोषी तीन सिपाहियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसमें दो पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि एक सिपाही अरविंद कुमार शुक्ला की तैनाती उन्नाव में है। सजा सुनाए जाने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह के मुताबिक मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी लियाकत ने सदर बाजार थाने में तहरीर देकर बताया था कि 24 अगस्त 1999 की दोपहर 3 बजे रिक्शा चलाने वाले उसके ममेरे भाई मंगल शाह को चोरी के शक में कैंट चौकी के तीन सिपाहियों में सैय्यद अली, शिव कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार शुक्ला जबरन पकड़कर ले गए थे। जहां उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे रात करीब 8 बजे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस कर्मी चौकी से भाग गए थे। तहरीर पर पुलिस ने हत्या में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत में भेजा गया। अदालत में मुकदमा चलने के दौरान गवाहों के बयान और सरकारी वकील संजीव कुमार सिंह के तर्को को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर तीनों सिपाहियों को उम्रकैद व 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अरविंद कुमार शुक्ला जनपद सीतापुर के थाना रामकोट क्षेत्र के गांव नवादा मंसूरपुर का निवासी है।

सैय्यद अली उन्नाव जिले के असीवन थाना क्षेत्र के मीरापुर मरौचा गांव और शिवकुमार शुक्ला प्रतापगढ़ जिले के थाना कंधई के कापा मधुपुर पट्टी का निवासी है।

## पीलीभीत के जंगल नहीं, कानपुर प्राणी उद्यान में रहेगी बाघिन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रेस्क्यू की गई बाघिन अब नया ठिकाना जंगल नहीं, बल्कि कानपुर प्राणी उद्यान होगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद शनिवार सुबह सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ की देखरेख में बाघिन को पीटीआर मुख्यालय से कानपुर के लिए रवाना किया गया। बाघिन की रवानगी के बाद वन अफसरों एवं कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांवों में दो माह तक आतंक मचाने वाली बाघिन को 26 दिसंबर 2023 को गांव अटकोना से ट्रैंक्यूलाइज कर रेस्क्यू किया गया था।

# बदायूं की अजीम हस्ती हजरत गूंगे शाह



बदायूं में हजरत गूंगे शाह की दरगाह।

**ब**दायूं जिले में तमाम मशहूर और मारुफ हस्तियां, सूफी, संत, संगीतज्ञ, कवि, लेखक, शायर, औलिया गुजरे हैं उन्हीं में से एक अज़ीम हस्ती हजरत गूंगे शाह भी रहे हैं । बदायूं से 15 किलोमीटर दूर ग्राम रमजानपुर में ऊंचे टीले पर हजरत गूंगे शाह का मजार है। हजरत गूंगे शाह का असली नाम कल्लन था और इनकी पैदाइश सहारनपुर जिले के रामपुर मनिहारान कस्बे में हुई। आपने इल्म ज़ाहिरी और बातिनी मौलवी मोहम्मद हसन अंसारी चिश्ती साबरी से हासिल किया और उस्ताद के यहां बदायूं आकर रहने लगे थे इन्हें इब्तवा मामला, मुकाशफा, वास्ता रजादारी में उबूर हासिल हो गया था जिसको देखते उसी वक्त उसकी मौत जिंदगी के राज बता दिया करते थे।



सलमान जमीर
सेवानिवृत्त अधिकारी, बरेली

यह बात मशहूर हो गई कि हजरत कल्लन कोई बात पोशीदा नहीं रखते हैं शहर में कई वाक्ये हो चुके थे तभी इनके पीर व उस्ताद ने आपको बुलाया और संदूक का ताला खोलकर आपके मुंह पर सामने रखकर कुंजी लगाकर कुछ पढ़ा और मुंह बंद कर फरमाया कि आज से आप गूंगे रहो बोलना नहीं और हिदायत दी कि बदायूं शहर छोड़कर किसी गांव में चले जाओ। आप पीर व उस्ताद के हुक्म पर बदायूं छोड़कर रमजानपुर गांव की आबादी के बाहर टीले पर बस गए जो जरूरतमंद आपके पास जाता तो हां न का जवाब आप सिर हिला के देते बोलते नहीं थे इस वजह से रमजानपुर और आसपास जिलों के लोग गूंगे शाह कहा करते थे। इनके करामात की खबरें दूर दूर तक फैल चुकी थीं। 03 मोहर्रम 1298 हिजरी यानी 05 दिसंबर 1880 अर्थात माघ के प्रथम रविवार को हजरत गूंगे शाह दुनिया से पर्दा कर गए। हजरत गूंगेशाह को खिरखा खिलाफत भी मौलवी मो. हसन अंसारी चिश्ती साबरी से अता हुआ था।

उनकी विसाल के वाद उनकी गद्दी पर दीना शाह फिर मंसूर शाह, राजू शाह और अब छोटे मियां सज्जादानशीन हैं। सर्दी के मौसम में माघ माह के प्रथम रविवार को हजरत गूंगेशाह की दरगाह से उर्स व मेले में शान ओ शौकत के साथ ठिलिया (गागर) उठने का रिवाज है जिसमें सैकड़ों लोग बेहद अकीदत और श्रद्धा के साथ शिरकत करते हैं। वर्ष 1942 में यू पी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के गठन के बाद औकाफ की संपत्ति की देखरेख सीधे बोर्ड के नियंत्रण में आ गई।

रमजानपुर के जमीदारान दरोगा अखलाक अहमद, जज तुफैल अहमद, जिलेदार कदीरउद्दीन, दरोगा मुश्ताक अहमद ने मिलकर 104 बीघा जमीन वक्फ की जो कि सरकारी तौर पर वक्फ बोर्ड में हजरत गूंगेशाह दरगाह के नाम वक्फ अलल खैर नम्बर 286 से दर्ज है। दरगाह के सामने टीले पर ही दरोगा हबीब अहमद प्रधान ने मस्जिद की तामीर कराई। बदायूं जिले के रमजानपुर का प्राचीन, ऐतिहासिक मेला व नुमाइश और उर्स इसी स्थल पर लगभग 45 दिन तक लगता है इसमें दूरदराज से कालीन व दरियों, ट्रंक, लकड़ी और बांस के सामान के व्यापारी खरीद ओ फरोख्त करने आते हैं। पूर्व वर्षो में पशुओं का नखासा भी लगता रहा है। महिलाओं हेतु भव्य मीना बाजार लगता है। मशहूर कव्वालों की खुद ही आमद होती है जो ठिलिया (गागर) के साथ भी चलते हैं । रमजानपुर का प्राचीन ऐतिहासिक मेला व उर्स धार्मिक और कौमी एकता का प्रतीक है जो 140 वर्षो से अधिक अवधि से लगता आ रहा है। मेले में बदायूं के आस पड़ोस के जनपदों के लोग, जायरीन काफी तादाद में शिरकत करते हैं।

## आंदोलन की मजबूती बचा सकती है खेती : राकेश

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव डिबडिबा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के कार्यक्रम में भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि इस देश और खेती को सिर्फ आंदोलन से ही बचाया जा सकता है। इसलिए किसान आंदोलन को मजबूत रखें और ट्रैक्टर मार्च निकालते रहें। उन्होंने किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले नवरीत सिंह हुंदल के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# मुख्यमंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक गांव में करेंगे प्रवास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **4 से 11 फरवरी तक चलेगा गांव चलो अभियान**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को गांव चलो अभियान की कार्ययोजना तय कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, पदाधिकारी समेत हर कार्यकर्ता को 4 फरवरी से 11 फरवरी तक गांव में 24 घंटे प्रवास करना अनिवार्य होगा। पार्टी ने प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए 26 करोड़ प्रदेशवासियों से सीधा संवाद का लक्ष्य रखा है।

लखनऊ के विश्वैश्वरैया प्रेक्षागृह में शनिवार को गांव चलो अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक में तय हुआ कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेंगें। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजरो, टीलो, चौपालो तथा बूथों पर चर्चा करेंगे। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सहमहामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश ने कहा कि गांव चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर व नगरीय क्षेत्रों में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। सक्षम कार्यकर्ता गांव मे प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए विकसित भारत का विजन तथा देश में परिवर्तन के कारकों के साथ प्रवास के दौरान चर्चा करेंगे।

## उत्तराखंड

## खरगे आज दून से करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

**देहरादून, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज देहरादून से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने प्रेस वार्ता कर बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे बन्नू स्कूल ग्राउंड रेस कोर्स में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महारा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के शंखनाद के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चार धामों की भूमि उत्तराखंड को चुना है।



# हर्ष फायरिंग में निदेशक हुए घायल

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान गार्ड ने हर्ष फायरिंग कर दी। समारोह में गार्ड के ठीक सामने खड़े शुगर मिल के अधिशासी निदेशक पेट में छर्रे लगने से घायल हो गए। निदेशक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि आरोपी गार्ड के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी को सोशल मीडिया पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान एक सुरक्षाकर्मी द्वारा लापरवाही से बंदूक द्वारा फायर होने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के अनुसार, झंडारोहण के समय मिल के सुरक्षा गार्ड (पीआरडी जवान) सुभाष वर्मा ने अचानक हर्ष फायरिंग की। गार्ड की बन्दूक से चली गोली जमीन पर लगकर उसके छर्रे मिल के अधिशासी निदेशक के पेट में जा लगे जिससे वह घायल हो गए।



झंडारोहण के दौरान शामिल गार्ड। ● अमृत विचार

▶▶ **डोइवाला चीनी मिल में झंडारोहण के दौरान हुई घटना**

इस दौरान वहां स्कूली बच्चे, मिल स्टाफ तथा काफी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे घटना और भी ज्यादा गंभीर हो सकती थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बंदूक को लोड करते समय पीआरडी जवान की लापरवाही से यह घटना हुई। इस मामले में कार्यवाही की जा रही है।

## वृद्ध को बाघ ने बनाया निवाला

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्राम चुकुम में रहने वाले 60 वर्षीय गोपाल राम शनिवार की सुबह लगभग पौने सात बजे जंगल में शौच करने के लिए गए थे। इसी बीच जंगल में बाघ ने उन पर अचानक हमला बोल दिया और बाघ मौके से करीब 200 मीटर दूर जंगल में गोपाल राम को घसीटकर ले गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद गोपाल राम के परिजन व ग्रामीणों के साथ ही वन कर्मी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद जंगल के अंदर करीब 200 मीटर की दूरी पर लहूलुहान हालत में गोपाल राम के शव को बरामद किया। घटना के बाद बाघ की दहशत से गांव में दहशत का माहौल है। यह घटना रामनगर वन प्रभाग के कोसी रेंज के अंतर्गत कुनखेत ब्लॉक में हुई है।

# शराब की 750 पेटियां पकड़ीं, दो गिरफ्तार

संवाददाता, गदरपुर

▶▶ **बरामद शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपये**

**अमृत विचार:** पुलिस ने कैंटर में अवैध रूप से ले जायी जा रही अंग्रेजी शराब की 750 पेटियां बरामद की हैं। एसएसपी ने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को थाने में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गुरुवार रात्रि सकैनिया चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह रसवाला के नेतृत्व में सकैनिया चौराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान ग्राम मसीत की तरफ से आ रहे कैन्टर यूपी 22 बीटी 2263 को पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख कैंटर चालक ने वाहन को गदरपुर की तरफ तेजी से भागने की कोशिश की। सकैनिया चौकी के पास पुलिस कर्मियों ने बैरियर लगाकर कैंटर को रोक लिया। पुलिस पूछताछ में चालक ने अपना नाम सोनू पुत्र राम सिंह व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम धर्मपाल पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम-तालनपुर थाना-भोट रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने जब दोनों से कैन्टर में लदे माल के बारे में पूछताछ की तो वाहन चालक सोनू ने बताया कि वाहन में प्लाई बोर्ड लदी है। पुलिस ने जब वाहन चालक से कैंटर लदी प्लाई के बिल की मांग की तो वाहन चालक बिल नहीं दिखा पाया। इस पर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को गत्ते की पेटी लदी मिली। पुलिस ने जब गत्ते की पेटी की पेटियों को खोल कर देखा तो उसमें शराब मिली। पुलिस गाड़ी को और दोनों को थाने ले आयी। थाने में पुलिस ने जब कैंटर से पेटियों को उतारा गया तो उसमें कुल 750 पेटी शराब की मिली। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। पुलिस दोनों के खिलाफ धारा धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

**36 घंटे बाद भी किसी ने नहीं किया पुलिस से संपर्क :** 745 पेटी अवैध शराब पकड़े जाने के 36 घंटे बीतने के बाद भी किसी व्यक्ति ने अभी तक पुलिस से संपर्क नहीं किया। इसका मतलब पुलिस जो कह रही है कि शराब को लोकसभा चुनाव के लिए डंप किया जा रहा था वह बात सच लग रही है।

# विस सत्र 5 से, यूसीसी कानून हो सकता है लागू

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आगामी 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से आरंभ होगा, जिसकी विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की दी है।

विधानसभा के सचिव हेम चंद्र पंत ने बताया कि राज्यपाल ने उत्तराखंड की पंचम विधानसभा को वर्ष 2023 के द्वितीय सत्र के लिए 5 सितंबर 2023 को आहूत किया था, जो 8 सितंबर 2023 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था। इसी क्रम में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने 5 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से सत्र पुनः आहूत किया है। माना जा रहा है कि सरकार इस विधानसभा सत्र में कैबिनेट में पास किए गए प्रस्तावों के साथ ही यूसीसी का कानून लाने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की ड्राफ्ट रिपोर्ट भी पेश कर सकती है। वैसे भी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिछले दिनों कह ही चुके हैं कि यूसीसी के लिए बनाई गई 5 सदस्यों की समिति ने ड्राफ्ट पूरा कर लिया है।

## दुष्कर्म मामले में फरार चल रहा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गिरफ्तार

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे सोबन सिंह जीना परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज कार्की को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। बीते 24 नवंबर 2023 को एक युवती ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी थी, जिसमें युवती ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज कार्की पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस घटना के बाद आरोपी पंकज कार्की फरार हो गया था।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए लें संकल्प

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबोधन दिया कि हमने गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है।

यह अमृत महोत्सव के साथ-साथ अमृतकाल का भी दिन है जो हमें प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार विकसित और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प लें। समारोह में सीआरपीएफ की टुकड़ी परेड में पहले स्थान पर रही जबकि



डीजी सूचना बंशीधर तिवारी व केएस चौहान को सम्मानित करते राज्यपाल व मुख्यमंत्री।

विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित 9 विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम स्थान मिला। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस.चौहान ने यह सम्मान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास और भाजपा प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## हल्द्वानी में नकली पेंट और सीमेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रशासन ने छापेमारी कर रामबाग कॉलोनी में नकली पेंट व सीमेंट बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। फैक्ट्री में समोसम, पुट्टी, बाथरूम एसिड भी बनाया जा रहा था। इसे पहाड़ व भाबर के सुदूर गांवों में आपूर्ति किया जाता था। फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

रामबाग कॉलोनी के दर्जनों लोग शनिवार को मंडलायुक्त दीपक रावत की जन सुनवाई में पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि आवासीय कॉलोनी में ओमप्रकाश तुली की घर में ही पेंट फैक्ट्री है। इस फैक्ट्री से निकलने वाला रसायन भूजल को दूषित कर रहा है। मंडलायुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को जांच के आदेश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट तुरंत मौके पर पहुंची तो दंग रह गईं। फैक्ट्री में नकली पेंट, सीमेंट, समोसम वगैरह बनाया जा रहा था। उन्होंने तुरंत मंडलायुक्त को इसकी सूचना दी। इसी के साथ ही अग्निशमन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, जिला विकास प्राधिकरण, राज्य कर विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग को भी मौके पर बुला लिया।

### खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम बोले अनुराग, कहा- खेलों में भी उप्र होगा सबसे आगे

# दंगों से नहीं, अब दंगल से पहचाना जाता है उप्र: अनुराग ठाकुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश का नाम दंगों के लिए आता था, अब यहां दंगल होते हैं। पहले सड़कों पर गोलियां चलती थीं, लेकिन अब हमारे शूटर ओलंपिक में पदक पर निशाना साधते हैं।

वे शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री ठाकुर ने खिलाड़ियों से कहा कि आपके उड़ान से देश का मान सम्मान बढ़ा है। वह दिन दूर नहीं जब खेलों में भी उप्र देश में सबसे आगे होगा। कहा कि 2014 से पहले देश के अखबारों में अगर हेडलाइन बनती थी तो घोटालों की, अब कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा नहीं होती, मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों



शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक विजेता पारूल चौधरी को डिप्टी एसपी का नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री। साथ में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

का नाम छपता है। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि लगभग एक दशक में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। प्रधानमंत्री ने जहां खेलों का बजट तीन गुना बढ़ाया है तो वहीं उप्र में भी खेलों को प्रोत्साहन मिला है। आज खिलाड़ियों को इतनी सुविधाएं मिल रही हैं कि उन्हें अपने खर्चे पर नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस पर ध्यान देना होता है। यही वजह है कि एशियन गेम्स में खिलाड़ियों ने 107 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। पैराएशियन खिलाड़ियों ने इस आंकड़े को भी पार कर लिया। जितना आप सबने किया, उससे बढ़-चढ़कर सरकारों ने प्रोत्साहन दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, खेल युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, खेल सचिव सुहास एलवाई एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार

● **कांस्य पदक** विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 75 लाख- किरन बालियान, सीमा पूनिया, गुलवीर सिंह, अर्जुन सिंह, अहबाद अली और खुशबू। ● **रजत पदक** विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 1.5 करोड़-अजय कुमार सरोज, कार्तिक कुमार, पुनीत कुमार, नीरज, नीतीश कुमार, अरविंद सिंह, प्राची और वंतिका अग्रवाल। ● **स्वर्ण पदक** विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिले 3 करोड़-पारुल चौधरी, दीप्ति शर्मा, ललित कुमार उपाध्याय, अखिल श्योराण और अर्जुन देशवाल।

#### पैराएशियन गेम्स

कांस्य पदक : 75 लाख
पुष्पेंद्र सिंह व श्रेयांस त्रिवेदी।
रजत पदक : 1.5 करोड़
प्रदीप कुमार, सिमरन, जैनब खातून व सूरज सिंह।
स्वर्ण पदक : 3 करोड़
सुहास एलवाई व प्रवीण कुमार

#### इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

दीप्ति शर्मा, क्रिकेट, डिप्टी एसपी, पारुल चौधरी, एथलेटिक्स, डिप्टी एसपी, अखिल श्योराण, शूटिंग, डिप्टी एसपी, अर्जुन देशवाल, डिप्टी एसपी, पुनीत कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी, प्राची, जिला युवा कल्याण अधिकारी और अर्जुन सिंह, यात्री, माल कर अधिकारी।

## भरण-पोषण देने के लिए अकुशल श्रमिक भी बाध्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज


▶▶ **हाईकोर्ट ने परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि एक पति अपनी पत्नी को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण- पोषण देने के लिए हर स्थिति में बाध्य है। भले ही उसके पास कोई स्थायी आय का स्रोत न हो। इसके अलावा अगर वह खुद को श्रमिक भी बताता है तो भी वह अकुशल श्रमिक के रूप में न्यूनतम मजदूरी के तौर पर प्रतिदिन लगभग 350 से 400 रुपए कमा सकता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने कमल द्वारा परिवार न्यायालय अधिनियम की धारा 19(4) के तहत दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत परिवार न्यायालय, उन्नाव द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में जिला अदालत ने पति को भरण-पोषण के रूप में आवेदन की तिथि से पत्नी को 2000 रूपए प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि पति अपने भरण-पोषण के दायित्व से बच नहीं सकता है। कोर्ट ने परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए रखरखाव बकाया का भुगतान पांच त्रैमासिक समान किश्तों में भुगतान करने का निर्देश दिया। याची के वकील ने तर्क दिया कि पति एक कारखाने में काम करके 10 हजार रुपए प्रतिमाह कमाता है जबकि पत्नी ने कोर्ट को बताया कि पति के पास कृषि भूमि है और वह अपने वेतन आदि से लगभग 50 हजार रुपए मासिक कमाता है।

## सपा विधायक के निधन पर योगी, अखिलेश ने प्रकट किया शोक

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री एवं सपा विधायक डॉ. एस.पी. यादव के निधन पर शोक प्रकट किया है। दोनों ने ही अपनी-अपनी संवेदनाओं को शोक संतप्त परिजनों के साथ जोड़ते हुए परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा से विधायक शिव प्रताप यादव का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार-शनिवार की रात इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।



समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शनिवार को एस.पी. यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा में दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक प्रस्ताव में शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई।

# आतंकी पन्नू के मिशन अयोध्या से परदा उठाने में जुटी एटीएस

### खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेकर एटीएस कर रही है पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **अयोध्या से पकड़े गए थे गैंगस्टर समेत तीन खालिस्तानी समर्थक**

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू के मिशन अयोध्या से परदा उठाने की दिशा में एटीएस जुट गई है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चार दिन पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेकर शुक्रवार से पूछताछ शुरू हो गई है।



एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते का पता लगाने के साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। अदालत ने तीनों खालिस्तानी समर्थको को 26 जनवरी से एक सप्ताह के लिए रिमांड पर दिया है। दरअसल, एटीएस के हत्थे चढ़ने के बाद पूछताछ में गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहाँ रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी।

एटीएस इसी बयान को आधार बनाकर खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास कर रही है कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इस मिशन में और कितने लोग जुटे हुए रहे। साथ ही पकड़े हुए इन समर्थको की पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं।

एटीएस के शुरूआती तफ्तीश में फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है। एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी। इसके अलावा उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों और उनकी जड़ों कहां तक है, इसका पता लगाने की भी कोशिक रही है।

## अतीक के करीबी बिल्डर नियाज गाजी पर एक और प्राथमिकी

**लखनऊ, अमृत विचार :** चौक कोतवाली में अतीक अहमद के बेहद करीबी बिल्डर नियाज गाजी व उसके साथियों पर साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम ने हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट बलवा समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल, प्राथमिकी दर्ज होने पर सभी आरोपी फरार हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के मुताबिक, ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत दौलतगंज निवासी साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम गुरुवार शाम अपने ग्राहक को साड़ी दिलवाने के लिए चौक सब्जी मंडी के समीप निर्मला चिकन उद्योग जा रहे थे। लिखित शिकायत में पीड़ित साड़ी कारोबारी ने बताया कि जहां पर उनके पार्टनर बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं। उनके सहयोगी बिल्डर नियाज गाजी, गुल्फाम, चालक सलीम और नौकर नायाब साथियों के संग उनके पास पहुंच गया। आरोप है कि बिल्डर अपने साथियों के संग पीड़ित से रंगदारी मांगता था।

## अपहरण मामले में अमरमणि की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 साल पुराने एक अपहरण के मामले में पूर्व सपा विधायक अमरमणि त्रिपाठी की जमानत याचिका वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दी है।



गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने दस्तावेजों के बेमेल और आर्डर शीट गलत दाखिल होने के कारण बेहतर विवरण के साथ नया आवेदन दाखिल करने की शर्त पर इस आवेदन को वापस लेने की अनुमति मांगी। आवेदक की ऐसी प्रार्थना पर सरकारी अधिवक्ता ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई। अतः कोर्ट ने आवेदन को उपरोक्त स्वतंत्रता के साथ वापस लिया मानकर खारिज कर दिया। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। गौरतलब है कि वर्ष 2001 को बस्ती जिले के व्यवसायी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था।

व्यवसायी का बेटा सुबह स्कूल जाते समय एक गुप्ता परिवार के घर के सामने से अपहृत कर लिया गया था। इस घटना के चश्मदीद गवाह गुप्ता परिवार के अलावा कुछ और लोग भी थे। लगभग एक सप्ताह के बाद बच्चे को विधायक के लखनऊ स्थित आवास से बरामद किया गया था।


## पत्नी को तीसरी मंजिल से फेंकने में पति गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले में एक व्यक्ति ने नशे की हालत में अपनी पत्नी को मकान की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया गोविंद पुरम इलाके के कृष्णा कुंज इलाके में पार्किंग ठेकेदार के रूप में काम करने वाले विकास कुमार ने शुक्रवार रात को नशे की हालत में अपनी पत्नी शालू (30) के साथ तीखी बहस के बाद उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। महिला बुरी तरह से घायल हो गयी जिसे आरोपी जिला अस्पताल ले गया। बाद में पति अस्पताल से भाग गया।

#### वर्ग पहेली-325

**बाएं से दाएं**
2.1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था
4.1. मुंह
5.1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।
7.1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

**ऊपर से नीचे**
1. देवदार का वृक्ष।
3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।
4.1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।
5. एक से अधिक, अनेक।
6.1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि।(मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।





#### वर्ग पहेली - 324 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ता | ई | ■ | ■ | 2 ब |
| ■ | ■ | ■ | 3 गि | लो | य |
| 4 अ | ड़ | ब | ल | ■ | ना |
| ■ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| 5 स | ह | च | री | ■ | 6 फ़ा |
| मि | ■ | ■ | ■ | ■ | र |
| 7 ध | म | ध | म | ■ | स |

# वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रैक पर पड़े स्लीपर से टकराई, हादसा टला

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

▶▶ **आईओडब्ल्यू निलंबित, डंपर चालक सहित दो गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे ट्रैक पर पड़े स्लीपर से वंदेभारत एक्सप्रेस टकरा गई। चालक ने बड़ी सूझबूझ से तेज रफ्तार में जा रही वंदेभारत को रोककर बड़ा हादसा होने से बचा लिया। सूचना पर आनन-फानन पीछे आ रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को रोका गया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए आईओडब्ल्यू को निलंबित कर दिया गया है। डंपर चालक सहित दो को रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

वाकया 12 बजकर 2 मिनट का है। गांव विचोलिया के सामने रेलवे ट्रैक के समीप बन रही बाउंड्रीवाल के लिए स्लीपर उतारे जा रहे थे। तभी एक स्लीपर छिटकर रेलवे लाइन पर गिया। भारी होने के चलते स्लीपर को मजदूर हटा नहीं पाए। तभी दिल्ली से कानपुर की तरफ जा रही 22416 वंदेभारत एक्सप्रेस को आता देखकर मजदूर किनारे हो गए, लेकिन ट्रेन स्लीपर से टकरा गई। वंदेभारत के चालक ने ट्रेन को रोककर स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ के जवानों ने लोगों के सहयोग से स्लीपर को हटवाया। इसके बाद करीब 17 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। वंदेभारत एक्सप्रेस के खड़े होने से पीछे नई दिल्ली से आ रही 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को 14 नंबर गेट के पास रोक दिया गया था। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मामले में आईओडब्ल्यू को निलंबित कर जांच की जा रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि घटना में डंपर चालक माखन निवासी गांव बैरई थाना कालपी जिला जालौन व सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह निवासी गांव सैदपुर जिला जालौन को रेलवे एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक चारु निगम, सीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी अछल्दा भूपेंद्र राठी व इटावा जीआरपी के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## अयोध्या में 3570 करोड़ से बनेगा ग्रीनफील्ड बाईपास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **राम मंदिर में जुट रही भारी भीड़ से बदलेगी अयोध्या की तस्वीर**

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उमड़ रही भक्तों का अप्रत्याशित भीड के मद्देनजर एनएचएआई ने 68 किमी ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। यह लखनऊ, बस्ती और गोंडा की सड़कों से जुड़ेगा। इसपर 3570 करोड़ खर्च का अनुमान है। इसके लिए नई दिल्ली कार्यालय से ऑनलाइन टेंडर भी आमंत्रित किया गया है। बाईपास चार लेन औक कहीं-कहीं छह लेन होगा।

अयोध्या और आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम करने के अपने प्रयास में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सक्रिय हो गया है। 3570 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 68 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की योजना बनाई गई है। इसकी केंद्र से विशेष मंजूरी मिलने के साथ एनएचएआई ने बाईपास हाइवे के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। अयोध्या बाईपास परियोजना कई जिलों में आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगी।

पीएम गतिशक्ति के तहत अयोध्या बाईपास परियोजना को गति दी जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में 67.57 किलोमीटर लंबी अयोध्या बाईपास परियोजना का क्रियान्वयन पीएम गतिशक्ति के तहत हो रहा है।

#### सुडोकू-42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | 8 | 4 | | 3 |
| | | 6 | 3 | | 2 | | | |
| 8 | | | 6 | | 1 | 9 | | |
| | | | | 5 | | | 9 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 3 | | | | |
| | | 7 | 4 | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | | 3 | 8 | 1 | | | 7 | |

#### सुडोकू - 41 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 1 |

#### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 29 जनवरी 06.10 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

#### आज का पंचांग





मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.18-17.01 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 15.53 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आपकी मन :स्थिति विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाने की योजना बनाएंगे। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों के बोझ तले दब सकते हैं।

**वृष** – आज बीती हुई नकारात्मक बातें पुन : तूल पकड़ सकती हैं। बच्चों को पेट में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। जॉब में आप काफी निष्ठापूर्वक काम करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी।

**मिथुन** – आज विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। मित्रों के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बहुत सुखद रहेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से ज्यादा मेलजोल न रखें। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** – आज समय की अनुकूलता का लाभ उठाएं। बॉस आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** – आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों में एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें।

**धनु** – आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ठ रहने वाला है। समाज में आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में आपकी स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** – आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को ज्यादा तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा भरोसा न करें। आप कहीं घूमने जा सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचें। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देंगे।

**कुंभ** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और गुस्से के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें। परिवार में आपके सद्गुणों की प्रशंसा होगी।

**मीन** – आज परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। घर का माहौल अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है।

#### आज की फिल्में

B4U Movies
शान – सुबह : 11.39
अनाड़ी – रात : 07.00

Sony Max
पानीपत – सुबह : 10.11
पीकू – रात : 09.04

Sony Pix
रेडी प्लेयर वन – सुबह : 09.42
ए मैन कॉल्ड ओटो – रात : 09.00

Zee Cinema
बार बार देखो – सुबह : 10.30
ऑपरेशन रोमियो – रात : 07.30

Colors Cineplex
गोलमाल 3 – सुबह : 09.37
ए दिल है मुश्किल – दोपहर : 03.39

#### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर रात-09.04 बजे

#### जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर –धीरज रखिए, ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की- अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

डॉक्टर-चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बब्लू- टीचर के लिए।
डॉक्टर- पर क्यों?
बब्लू- क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।




नई दिल्ली में शनिवार को लाल किले पर भारत पर्व 2024 के दौरान लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति। ● एजेंसी

## भारतीय सेना में पहली सूबेदार बनीं प्रीति रजक

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में पदोन्नत होने के बाद हवलदार प्रीति रजक शनिवार को सूबेदार का पदल हासिल करने वाली पहली महिला बन गईं हैं। वह एक चैंपियन ट्रैप शूटर हैं। सूबेदार रजक दिसंबर 2022 में सेना की सैन्य पुलिस कोर में शामिल हुई थी। सेना ने कहा- भारतीय सेना के साथ-साथ देश की महिलाओं के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। आज ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसने कहा- सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। उनकी उपलब्धि नारी शक्ति का एक असाधारण प्रदर्शन है।" वह शूटिंग में हवलदार के रूप में सेना में नामांकित पहली मेधावी खिलाड़ी थीं। रजक ने चीन के हांगझाउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों के दौरान ट्रैप में महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

# विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर: प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को किया संबोधित

**मुंबई, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि संसद और राज्य विधायिकाएं 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने सदस्यों के आपत्तिजनक व्यवहार पर अंकुश लगाने के बजाय उनके समर्थन में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह संसद या विधानसभाओं के लिए अच्छी बात नहीं है। क्योंकि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा-वर्ष 2021 में, आपके साथ चर्चा के दौरान मैंने 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के बारे में बात की थी। मुझे खुशी है कि हमारी संसद और राज्य विधानसभाएं अब ई-विधान और डिजिटल संसद मंचों के माध्यम से इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' परियोजना का उद्देश्य सभी विधानमंडलों की कार्यवाही को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर करती है। मोदी ने कहा-एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उसके खिलाफ कार्रवाई होती थी ताकि वह गलती को न दोहराएं।

### मोदी ने युवाओं से कहा-आप विकसित भारत के वास्तुकार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उसने युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाया है और एक विकसित भारत के उनके सपनों को पूरा करेगा। उन्होंने यहां वार्षिक एनसीसी-पीएम रैली में युवाओं से कहा-आप एक विकसित भारत के वास्तुकार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सीमित थीं लेकिन उनकी सरकार ने तीनों सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों को उनके लिए खोल दिया है और वे हर जगह अपनी छाप छोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्रीय सुरक्षा बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है और कहा कि राज्यों को भी इसी तरह के रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एक नजर

### पंजाब में सड़क सुरक्षा फोर्स की शुरूआत

**जालंधर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में यातायात को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष सड़क सुरक्षा फोर्स की शनिवार को शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पंजाब इस तरह की पहल करने वाला पहला राज्य है और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त की। कहा कि राज्य में हर दिन हादसों में 17-18 लोगों की जान चली जाती है।

### हरियाणवी गायक मासूम शर्मा पर मुकदमा दर्ज

**जींद (हरियाणा)।** हरियाणवी गायक मासूम शर्मा पर महिला से छेड़छाड़, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया। जुलाना थाना प्रभारी समरजीत सिंह के मुताबिक, एक महिला ने शिकायत में बताया कि मासूम शर्मा, भाई विकास व दीपक, पिता बालकराम, मां शकुंतला, हरिओम व प्रवीन और 20 अन्य ने उससे मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी।

### मणिपुर में गोलीबारी एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## कार्यवाही को हल्के में लेने की नहीं दी जा सकती अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### घरेलू हिंसा को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी वादी को घरेलू हिंसा की पीड़िता द्वारा शुरू की गई अदालती कार्यवाही को हल्के में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि घरेलू हिंसा (डीवी) अधिनियम उन महिलाओं के संविधान-प्रदत्त अधिकारों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो परिवार के भीतर होने वाली हिंसा की शिकार हैं।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। सत्र अदालत ने एक मजिस्ट्रेट अदालत के जुलाई 2022 के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें उसे अपनी पत्नी को 6,000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का एकपक्षीय निर्देश दिया गया था। अदालत का आदेश घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत (महिला के) पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पत्नी की याचिका पर पारित किया गया था।

## आयुध कारखाने में विस्फोट, कर्मी की मौत

**भंडारा (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी परिसर में शनिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना भंडारा शहर के बाहरी इलाके जवाहरनगर में कारखाना स्थल पर हुई।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई। जब विस्फोट हुआ तब वह ड्यूटी पर था। पीड़ित को तुरंत कारखाने से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कारखाने के अधिकारियों ने विस्फोट के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करके तत्परता दिखाई है।

## लक्ष्मण का भाई दिग्विजय सिंह पर जुबानी हमला, वीडियो वायरल

**भोपाल, एजेंसी**

▶▶ **बिना नाम लिए कहा-पार्टी को दलालों और भितरघात करने वालों से मुक्ति की जरूरत**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने अपने अग्रज एवं वरिष्ठ पार्टी नेता दिग्विजय सिंह पर उनका नाम लिए बगैर हमला किया और कहा कि पार्टी को दलालों और भितरघात करने वालों से मुक्ति की जरूरत है। उन्होंने पार्टी को भी आईना दिखाया है। सिंह का लगभग छह मिनट का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है और इसे भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दिग्विजय सिंह और कांग्रेस को निशाने पर लिया है।

प्रदेश भाजपा ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लगभग 44 सेकंड के वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा है, "आज भी दिग्विजय सिंह क्यों कहे जाते हैं मिस्टर बंटाधार? बता रहे हैं उनके भाई लक्ष्मण सिंह।" दरअसल, दिग्विजय सिंह के अनुज लक्ष्मण सिंह का यह वीडियो गुना जिले के चाचौड़ा का बताया गया है, जिसमें वे कुछ लोगों को संबोधित कर रहे हैं। पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कहा कि आज जो पार्टी की हालत है, वह राज्यसभा सांसदों और नेताओं के आसपास रहने वाले सत्ता के दलालों की वजह से है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय का जिक्र करते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद ने जहां-जहां भी सांसद निधि दी है, वहां पर पार्टी की हार हुई है। इसी तरह आज बीस साल बाद भी भाजपा "बंटाधार" के नाम पर वोट ले रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा बंटाधार का नाम लेती है और वोट भाजपा के खाते में चले जाते हैं। उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाने वाले पार्टी नेताओं को भी एक तरह से जवाब दिया और कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी होगी, तो कुछ मशीनों में हो सकती है। सबमें नहीं। इसके अलावा ईवीएम को कांग्रेस के कार्यकाल में ही लाया गया था और इनके उपयोग को भी लगभग बीस साल हो गए हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि यह समय हमें अपने आप पर ही ध्यान देने का है। सिंह ने कहा कि 1885 में जब कांग्रेस की स्थापना हुई थी, उस समय बंबई (अब मुंबई) की उस बैठक में मात्र 72 लोग ही थे। बाद में इसी कांग्रेस ने देश पर वर्षों राज किया।

# भाजपा ने की राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों, सह-प्रभारियों की नियुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **लोस चुनाव के मद्देनजर 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए दी गई जिम्मेदारी**

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश सह-प्रभारी होंगे। तावड़े बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। भाजपा ने उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी झारखंड के चुनाव प्रभारी होंगे। इसमें कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नियुक्तियां की हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा नेता सुरेंद्र नागर सह प्रभारी होंगे। बिहार के पूर्व मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रभारी मंगल पांडे को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय और आशा लाकड़ा सह प्रभारी होंगे। नड्डा ने उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य और राज्य के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि सतीश उपाध्याय सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब के भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव नरिंदर सिंह को राज्य में चुनाव के लिए सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। रूपणी को चंडीगढ़ का भी चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक मामलों के लिए भाजपा के सह-प्रभारी आशीष सूद को गोवा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के विधायक पूर्णेश मोदी को दमन और दीव का चुनाव प्रभारी और दुष्यंत पटेल को सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी नेता अशोक सिंघल को अरुणाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और अंडमान एवं निकोबार में राजनीतिक मामलों के प्रभारी वाई सत्य कुमार को केंद्र शासित प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ (जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राजनीतिक मामलों के लिए पार्टी के प्रभारी हैं) को दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नामित किया गया है।

### बैजयंत पांडा को बनाया उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में पूर्व सांसद बैजयंत पांडा को लोकसभा चुनाव की संगठनात्मक कमान सौंपी है। उड़ीसा के निवासी पांडा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता भी हैं। उधर, प्रदेश के पांच नेताओं को गैर प्रदेशों का लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया गया है। आरजेडी से लोकसभा सदस्य रहे बैजयंत पांडा 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे। संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूत पकड़ रखने वाले पांडा को यहां मिशन-80 के लिए सत्ता-संगठन में समन्वय बनाकर जमीनी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैजयंत पांडा बीजेडी के टिकट पर 15वीं और 16वीं लोकसभा में उड़ीसा केंद्रपाड़ा से सांसद थे। वह 2000 से 2009 तक दो बार राज्य सभा के सांसद भी रहे। उधर, उप्र. के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत वाजपेई को झारखंड, राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को कर्नाटक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश और सांसद विजयपाल सिंह तोमर को उड़ीसा का चुनाव प्रभारी बनाया गया।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1170 डीएमओ 840।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली. 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**- हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द (दिल्ली) 11800, उड़द साबुत 11600, उड़द धोवा (इंदौर) 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 11900, अरहर पटका मोटा 12400, अरहर कोरा मोटा 12700, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15500, **चीनी**-डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीतारमण

## वित्त मंत्री ने कहा-2027-28 तक जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को करना होगा पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की फेसलेस मूल्यांकन और एकल खिड़की निपटान जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है।

सीतारमण ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ-सबका विकास' की गूंज सुनाई देती है। सीतारमण ने कहा-भारत को 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर साझेदार को सहयोग करने की जरूरत है।

### आयकर लाभ, महिला उद्यमियों को समर्थन की उम्मीद

**कोलकाता।** विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में आयकर छूट सीमा में वृद्धि, महिला उद्यमियों को समर्थन, दीर्घकालिक कराधान नीति और उपभोग तथा बचत को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। अखिल भारतीय कर पेशेवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा-यह एक अंतरिम बजट होगा, लेकिन इसमें पूर्ण-बजट के लिए कुछ संकेत हो सकते हैं। धारा 87ए के तहत व्यक्तिगत करदाताओं को कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके तहत कुल कर छूट सीमा को सात लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा सकता है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों को समान अवसर देने के लिए कंपनियों, साझेदारियों और सीमित देयता साझेदारियों (एलएलपी) के बीच दीर्घकालिक कराधान नीति और कराधान में समानता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर अधिक कर लगाया जाता है जबकि देश की जीडीपी और रोजगार सृजन में उनका बहुत बड़ा योगदान है।

## भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने की अपील

**कोलकाता।** जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने बनाने में हर उद्योग से सहयोग की अपील की है। श्री कांत ने यहां 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा, "मैंने एमआरएआई को एक छोटी संस्था से लेकर चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर कार्यरत एक गतिशील शक्ति के रूप में विकसित होते हुए करीब से देखा है। 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत एक तेज़ी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ सालों में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। इसलिए अब यह महत्वपूर्ण है कि डीकार्बोनाइज़िंग के द्वारा विकास और समृद्धि में भारत दुनिया का सबसे पहला देश बने।

## देश के पहले डिजिटल केंद्र से होगी तेल और गैस कुओं की निगरानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **केंद्रीय मंत्री ने ओएनजीसी दर्पण का किया उद्घाटन**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल निगरानी केंद्र 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार भारत में यह किसी कंपनी का अपनी तरह का पहला डिजिटल केंद्र है, जो ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की पल-पल की निगरानी कर सकेगा। इससे कंपनी के लिए इन कामों के लिए मानवीय हस्तक्षेप और मशीनरी सक्रिय करने के समय को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव (प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस) में मदद मिलेगी।

इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। श्री पुरी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका पर आयोजित चर्चा-एनर्जी स्टार्टअप्स: ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर' में भी भाग लिया। उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना के केजी-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की।

### सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 726 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## भारत में एच-125 हेलीकॉप्टर बनाएगी फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस

**नई दिल्ली एजेंसी**

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस ने सिविल उपयोग के लिए सबसे लोकप्रिय एच-125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण भारत में करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया है। इन हेलीकॉप्टरों की भारत में आपूर्ति के साथ अन्य देशों को निर्यात भी किया जाएगा।

टाटा समूह की सहायक कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टरों के निर्माण के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करेगी। एफएएल का स्थान एयरबस और टाटा समूह द्वारा संयुक्त रूप से तय किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा में 'मेक इन इंडिया' सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी। कंपनी के अनुसार एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने लगेंगे और पहले 'भारत निर्मित' एच-125 की आपूर्ति 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत में एफएएल में प्रमुख घटक असेंबलियों, एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, ईंधन प्रणाली और इंजन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

## हिमाचल में 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एकल खिड़की मंजूरी और निगरानी प्राधिकरण (एसएसडब्ल्यूसी और एमए) ने नए उद्यम स्थापित करने और विस्तार करने के लिए 27 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1,937 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। शनिवार को यहां जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, प्राधिकरण ने 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनसे 2,715 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय प्राधिकरण की 28वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने की।

## जेनरेटिव एआई पर खर्च होगा करीब तिगुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **एशिया प्रशांत क्षेत्र में कंपनियों के लिए इन्फोसिस रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट**




एशिया प्रशांत क्षेत्र में कंपनियां जेनरेटिव एआई (जेन एआई) में निवेश बढ़ा रही हैं। इन्फोसिस रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में इस तकनीक पर खर्च 2024 में लगभग तीन गुना होकर 3.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें कहा गया कि जहां यह खर्च उत्तरी अमेरिका से पीछे है, वहीं एपैक (एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग) में स्वीकार्यता, प्रभावशीलता और वृद्धि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी की शोध इकाई इन्फोसिस नॉलेज इंस्टीट्यूट (आईकेआई) ने कहा-एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कंपनियां जेनरेटिव एआई में तेजी से निवेश बढ़ा रही हैं और परिपक्वता के उच्च चरण में प्रवेश कर रही हैं। जहां एपैक में कंपनियां वर्तमान में जेन एआई पर खर्च में अपने उत्तरी अमेरिकी समकक्षों से पीछे हैं, वहीं शोध में किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में 140 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

इसमें कहा गया कि इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में अनुमानित 3.4 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इन्फोसिस की जेनरेटिव एआई रडार एपीएसी रिपोर्ट में कारोबारी दिग्गजों और एआई का उपयोग करने वालों का साक्षात्कार का विश्लेषण और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर के 1,000 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण शामिल है।

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड, 6 विकेट पर 316 रन बनाए

हैदराबाद, एजेंसी

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के शतक से शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में 6 विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके बस 4 विकेट बचे हैं।पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी।



### भारत के खिलाफ पोप का पहला शतक

पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरिअर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया। फोक्स ने भी दूसरे छोर से उनका पूरा साथ निभाया। यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में स्पिन को बखूबी खेलने वाला दूसरा बेहतरीन खिलाड़ी है। अक्षर पटेल ने नीची गेंद पर फोक्स को बोल्ड किया।

### संयमित बल्लेबाजी कर संभाली लड़खड़ाती पारी

पोप ने आरजीआई स्टेडियम में संयम दिखाया और भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे, जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। ऐसा नहीं था कि पोप ने स्पिनरों पर दबदबा बनाया हुआ था। वह कभी स्पिनरों तो कभी तेज गेंदबाजों की गेंदों से परेशान दिखे। जब वह 110 रन पर थे तो उन्हें जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में वह बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर अक्षर पटेल के हाथों आउट होने से बचे।

### गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो रही पिच

पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न और ग्रिप मौजूद थी और साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग का भी संकेत दिखा लेकिन उन्होंने अपने कौशल से मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (47) को आउट करने में सफलता हासिल की और फिर नीची रहती गेंद से जो रूट (2) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा ने लंच के बाद जॉनी बेयरस्टो (10) को आउट किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं दफा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का विकेट लिया।

# निशानेबाजी में रिदम और उज्ज्वल ने जीता सोना

काहिरा, एजेंसी

रिदम सांगवान और उज्ज्वल की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है। रिदम और उज्ज्वल की जोड़ी ने 580 अंक से अर्मेनिया की जोड़ी से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। अर्जुन और सोनम की जोड़ी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में ब्रिटेन के डीन बेल और सियोनेड मैकिंतोश से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही। अनुराधा ने आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान से फाइनल में जगह बनाई। अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले (छह में से पहला) आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया।

### अनुराधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

भारत की अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुराधा ने विश्व कप में अपना डेब्यू किया है। उन्होंने फाइनल में 24 शॉट्स की सीरीज में 239.9 का स्कोर किया और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन ग्रीक शूटर अन्ना कोराकाकी से पीछे रहीं। कोराकाकी फाइनल में 241.1 अंक हासिल करने में सफल रहीं, जबकि कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा ने 22 शॉट्स में 219.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। रिदम सांगवान ने 20 शॉट्स में 197.3 का स्कोर किया और चौथे स्थान पर रहीं।

# रोहन बोपन्ना बने ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इटली की जोड़ी को हराया

मेलबर्न, एजेंसी

43 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर भारत के रोहन बोपन्ना ने इतिहास रच दिया है। वह इस उम्र में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।



### जूलियन रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ा

इस खिताब के साथ ही बोपन्ना ने डचमैन जीन जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना भारत के लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे। मार्टिना नवरातिलोवा, जिन्होंने 49 साल और 10 महीने की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंडस्लैम जीतने पर रोहन बोपन्ना को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि असाधारण प्रतिभाशाली रोहन बोपन्ना बार-बार यह साबित करते हैं कि आयु कोई बाधा नहीं है। उनकी ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार चैंपियन बनीं



**मेलबर्न।** आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के फाइनल में झेंग क्विनवेन पर शनिवार को 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। सबालेंका ने दूसरे गेम में पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में अपना दबदबा बनाए रखा। सबालेंका 40-0 की बढ़त के साथ सर्विस कर रही थी तब उनके पास तीन चैंपियनाशिप अंक थे।

# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत महिला विश्व कप के फाइनल में

मस्कट, एजेंसी

**आज फाइनल में नीदरलैंड से होगा भारत का मुकाबला**



भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7'), मारियाना कुजूर (11'), मुमताज खान (21'), रुतुजा दादासो पिसल (23'), ज्योति छत्री (25') और अजीमा कुजूर (26') ने गोल किए। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5'), कप्तान टोनी मार्क्स (8') और डिर्की चेंबरलेन (29') ने गोल दागे। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत रक्षात्मक रवैये के साथ की। दक्षिण अफ्रीका की टेशॉन डी ला रे ने गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुए गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारत की मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी। खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक शॉट लिया और स्कोर 6-2 से भारत के पक्ष में कर दिया।

## खेल डायरी

### अलीरेजा से ड्रॉ खेलकर गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए है, जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ शीर्ष तीन स्थान पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया। वह 6.5 अंक के साथ आर प्रज्ञानानंदा, चीन के वेई यी और हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा और अलेक्जेंडर डोनचेंको का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के लियोन ल्यूक मेंडोंका शीर्ष स्थान की दौड़ में बने हुए है।

### हार्दिक पंड्या ने शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

**वडोदरा।** हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं। जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा कि खेल में वापसी करके अच्छा लग रहा है। उनकी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान पर दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद 15 दिसंबर को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

### जगदीशन ने चंडीगढ़ के खिलाफ जड़ा तिहरा शतक



**कोयंबतूर।** नारायण जगदीसन ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद शानदार तिहरा शतक जड़ा, जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी चार विकेट पर 610 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। दिन की शुरुआत 108 रन से करने वाले जगदीसन ने 403 गेंद की अपनी पारी में 23 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 321 रन बनाएं। तमिलनाडु के लिए प्रदोष रंजन पॉल (105) और बाबा इंद्रजीत (123) ने भी शतक जड़े, जिससे टीम ने पहली पारी में 499 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। चंडीगढ़ की टीम 47 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के एक रन बनाया है।

### दीप ग्रेस एक्का ने किया हॉकी से संन्यास का एलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कॅरिअर से संन्यास की घोषणा की। दो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली दीप ग्रेस ने 17 साल की उम्र में 2011 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह बेहद कृतज्ञता और विनम्रता के साथ आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर रही हैं। 2011 से 2023 तक की यात्रा जीवन का मुख्य आकर्षण रही है और खेल के शिखर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो ओलंपिक में भारत को क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की रक्षा पंक्ति में अहम भूमिका निभाई थी, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। एक्का 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की भी सदस्य थी। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। वह 2016 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 एशिया कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों की सदस्य भी थी।

# श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी के क्वार्टरफाइनल में, मनिका हारीं

मापुसा (गोवा), एजेंसी



**टेबल टेनिस**

भारत की श्रीजा अकुला ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया, जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामत हार गईं।

हैदराबाद की अकुला ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर जीत हासिल की। वहीं मनिका को जियाओजिन यांग से हार मिली। अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को पराजित किया था। मानव ठक्कर और मानुश शाह की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के काओ चेंग जुई और चुआंग चिह युआन से हार मिली। महिला युगल के अंतिम आठ में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन और इयोन झि ने सयाली वाणी और तनीषा कोटेचा की जोड़ी को 3-0 से मात दी।

# रेनाता जामरिचोवा और रेई साकामोतो ने जीता जूनियर खिताब

**मेलबर्न, एजेंसी।** रेनाता जामरिचोवा ने शनिवार को 15 वर्षीय एमर्सन जोन्स पर 6-4, 6-1 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर बालिका एकल खिताब जीता। जामरिचोवा ने मुकाबले में जीत से अपना पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीता। 16 साल की इस स्लोवाकियाई खिलाड़ी जामरिचोवा ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में जूनियर युगल खिताब जीता था। लड़कों के फाइनल में जापान के चौथे वरीय रेई साकामोटो ने एक सेट से पिछड़ते हुए चेक गणराज्य के जान कुमस्टाट को दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 7-6(2), 7-5 से मात देकर जूनियर खिताब जीता।

# दक्षिण अफ्रीका को रौंदकर भारत ने बढ़ाया विजय रथ

केपटाउन, एजेंसी

**भारतीय हॉकी टीम ने 3-0 से दर्ज की शानदार जीत**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार रात मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। भारत ने आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और मैच के पहले आधे घंटे में ही एक के बाद एक 3 गोल दागकर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह दूसरे मिनट में गोल दागा, जबकि अभिषेक ने 13वें और सुमित ने 30वें मिनट पर गोल कर टीम को जीत दिलाने में मदद की।

मैच की शुरुआत भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिलने के साथ हुई, जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया। पहले क्वार्टर में कुछ ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा।

मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।

खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की तलाश जारी रखी लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 3-0 से आसान जीत हासिल की। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कंगुवा में सूर्या के साथ नजर आएंगे बॉबी देओल



अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएंगे। बॉबी देओल के जन्मदिन पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा कि निर्दयी ताकतवर, अविस्मरणीय। फिल्म में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

### कार्तिक आर्यन ने शेयर किया चंदू चैंपियन का पोस्टर



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का नया लुक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्तिक इसमें आर्मी की वर्दी में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फाइटर ने दो दिनों में की 65 करोड़ की कमाई

अभिनेता ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर ने दो दिनों में 65 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 41.20 करोड़ का कलेक्शन किया।

# इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी कंगना



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया था। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह ने दिया है। इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।

# सिल्वर-गोल्डन जुबली का जमाना गायब हो गया

30 से 80 तक के सालों में सिनेमा हॉल ठसाठस भरे रहते थे। नब्बे में वीसीआर और पायरेटेड वीडियो कैसेट्स ने सिनेमा जगत में भारी उथल-पुथल मचा दी। सिनेमा देखने वालों की संख्या घटने लगी लेकिन इसके बावजूद मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा ही रहा। उस दौर में सफलता का एकमात्र पैमाना होता था फिल्म का लंबी अवधि तक सिनेमा हॉल में चलना। आठ हफ्ते से लेकर पंद्रह हफ्ते यानी 100 दिन फिल्म चल गई तो समझो पैसा वसूल। लो-बजट की फिल्म हुई तो समझिए हो गई हिट। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मार्किट में स्थापित हो गए और फिर 25 हफ्ते यानी सिल्वर जुबली हो गई। सुपर-डुपर फिल्म का मतलब होता था 50 हफ्ते यानी गोल्डन जुबली। साल में चार-पांच फिल्में ही वास्तविक सिल्वर जुबली तक पहुंचतीं थीं। घिसट-घिसट कर जुबली तो कई मना लेतीं। मुगल-ए-आजम, बॉबी, पाकीजा, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, अंखियों के झरोखों से आदि अनेक फिल्मों की गोल्डन जुबली कई बड़े शहरों में हुई। राजश्री की लो-बजट राजा और रंक ने बनारस और लखनऊ में एक साल तक खूब धूम मचाई। 1943 में रिलीज हुई बॉम्बे टॉकीज की किस्मत कलकत्ता के रॉक्सी थिएटर में 187 हफ्ते चली। इस रिकॉर्ड को 1980 में शोले ने मुंबई के मिनर्वा में लगातार पांच साल तक चल कर तोड़ा। इससे पहले राजकपूर की बरसात 1951 में दो साल तक चली। के आसिफ की मुगले आजम भी तीन साल तक मुंबई के मराठा मंदिर में चल गई। फिल्म को हिट बनाने का श्रेय उन लाखों दर्शकों को जाता था जो फिल्म को बार-बार देखते थे। सुना है कि मशहूर पेंटर दिवंगत फिदा हुसैन ने हम आपके हैं कौन 60 मर्तबा देखी थी। इस शताब्दी के उदय के साथ ही सिनेमाहाल बंद होने लगे तो चार से लेकर सात स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स और सिनेप्लेक्स का जमाना आ गया। फिल्म का रन हद से हद से पांच-छह हफ्ते रहता है। अब तो बस गिना जाता है कि हफ्ते भर का कलेक्शन कितना हुआ। हां, कुछ फिल्में अपवाद भी रहीं, इसमें 1995 में रिलीज हुई दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने मुंबई के मराठा मंदिर में 1009 हफ्ते तक लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया। पिछले साल 20 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते जब सिनेमा बंद कर दिए गए तो यह फिल्म 1251 हफ्ते चल चुकी थी यानी करीब 24 साल। कोरोना हलका पड़ा तो ये फिर रिलीज हुई और 2023 तक चलती रही अगर कुछ छोटी छोटी रुकावटों को नजरअंदाज किया जाए तो यह कुल 28 साल चली।



**– वीर विनोद छाबड़ा**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में टकराव, सभी कार्यवाही पर सुप्रीम रोक, सरकार को नोटिस जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



**आरक्षित श्रेणी प्रमाणपत्र मामला: खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी लगी रोक**

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की ओर से साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ लगाए गए 'कदाचार' के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

दरअसल, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने और एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। एक विशेष सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और मूल याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले में एकल-न्यायाधीश पीठ और खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर सोमवार को विचार करेंगे।

इससे पहले हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी।इसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर राज्य में विशेष राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने बंगाल में सरकारी मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

हालांकि, बंगाल सरकार ने इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ का रुख किया, जिसने एकल पीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। बाद में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने निर्देश दिया कि खंडपीठ के आदेश के बावजूद सीबीआइ की ओर से जांच जारी रहेगी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इसी के साथ अपने आदेश में खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर बंगाल की एक राजनीतिक पार्टी के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## गणतंत्र दिवसः कार्यक्रम में आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने पर दो बर्खास्त


**तिरुवनन्तपुरम।** केरल हाई कोर्ट ने अपने दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया था। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं।

बर्खास्त दोनों अधिकारियों में से एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दूसरा कोर्ट कीपर है। कोर्ट के रजिस्ट्रार ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दोनों बर्खास्त अधिकारियों को सभी सरकारी सुविधाएं, जिनमें उनका आई कार्ड भी शामिल है फिलहाल लौटाने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार विजिलेंस को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

# रयुगु के नमूनों ने किया पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का खुलासा

**वैज्ञानिकों ने कहा-धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की हुई उत्पत्ति**

नैनीताल कार्यालय




क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु, साथ में कार्बनिक अणुओं की तस्वीर।

**अमृत विचार :** पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के रहस्य का आज भी खुलासा नही हो पाया है, लेकिन इस इस रहस्य की कड़िया जुड़ती नजर आ रही हैं। क्षुद्रग्रह रयुगु से प्राप्त नमूनों से यह जानकारी मिली है कि धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी।

इस खुलासे में जापान के हायाबुसा 2 मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। जिसने 2018 में स्पिनिंग-टॉप जैसी अंतरिक्ष चट्टान रयुगु की का अध्ययन करने के अलावा उसकी सतह सामग्री धूल, मिट्टी व पत्थर एकत्र करने में लगभग 18 महीने इस पिंड की धरती पर बिताए थे। एकत्र किए नमूने मिलने के बाद वैज्ञानिको ने आगे का अध्ययन किया। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नमूने अभूतपूर्व हैं और हमारे सौर मंडल के बारे में जानकारी का नया खजाना साबित हुआ है। जिसमें मिले कार्बनिक पदार्थ महत्वपूर्ण सुराग हैं। जिनसे पता चलता है कि धूमकेतुओं द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी। वैज्ञनिकों का दावा है कि कार्बनिक अणुओं ने हमारे ग्रह पर जीवन को जन्म दिया, वही प्राचीन धूमकेतुओं द्वारा यहां लाए गए थे।

### पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है रयुगु

क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु के नाम से जाना जाता है, जो 870 मीटर चौड़ा है। यह पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है। इसमें सुरक्षात्मक वातावरण का अभाव है। इसका मतलब है कि इसकी सतह सीधे अंतरिक्ष के संपर्क में है और अंतरग्रहीय धूल को खुद में समेटने में सक्षम है। तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस के सहायक प्रोफेसर मेगुमी मात्सुमोतो के नेतृत्व में यह खोज हुई है। उनका कहना है कि यह कार्बनिक पदार्थ अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाए गए जीवन के छोटे बीजरूपी कण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की उत्पती बताने में आसान करेगी।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण



**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की 123 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा बरहा क्षेत्र विकास परियोजना के तहत बैतरणी नदी के तट पर बरहानाथ मंदिर के पास बनाई जा रही है। श्रद्धालु लिफ्ट या सीढ़ी से चढ़कर भगवान शिव का दर्शन कर सकेंगे।

### ईरानः बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सीमा के पास 9 लोगों को मारा

**तेहरान।** पाकिस्तानी सीमा के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिणपूर्वी ईरान में नौ विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी। किसी भी व्यक्ति या समूह ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के इलाकों पर हमले के बाद संबंध सुधारने के प्रयासों के बीच यह मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में शुक्रवार को कहा गया कि दोनों देशों के राजदूतों ने एक-दूसरे की राजधानी में गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। बलूच अधिकार ने कहा कि पीड़ित पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक आटो मरम्मत की दुकान पर रहते थे, जहां वे काम करते थे।

# फ्रांस में आपका स्वागत है हमारे दोस्तों

## फ्रांस आने का दिया न्योता, शानदार मेहमान नवाजी के कायल हुए राष्ट्रपति मैक्रों

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को भारत में अपने शानदार स्वागत के लिए भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का भी न्योता दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, इन्हीं आयोजनों के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही। शुक्रवार को इमैनुएल मैक्रों राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए स्टेट डिनर में भी शामिल हुए।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि 'फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा।

इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।' शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके और इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया।

दरगाह निजामुद्दीन औलिया में कव्वाली का आनंद लेते फ्रांसीसी राष्ट्रपति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मैक्रों भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखी। इसके बाद शाम में वह राष्ट्रपति भवन में स्टेट डिनर में शामिल हुए। इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया।



### अंतर्राष्ट्रीय कानून के पालन पर दिया जोर

गुरुवार को जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया। जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

### भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई, तनाव के बीच मुइज्जू का आया बयान

**माले।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मालदीव ने भारत को शुभकामना संदेश भेजा। यह इस मायने में अहम है क्योंकि बीते कुछ हफ्ते से भारत और मालदीव के रिश्ते पहले की तरह सामान्य नहीं हैं। 26 जनवरी को मालदीव की तरफ से जारी बयान में सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना का जिक्र किया गया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की सरकार और जनता की ओर से भारत सरकार और जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंधों की जान सदियों पुरानी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करती है। मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति ने भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग बधाई संदेश भेजे।

## मानहानि मामलाः ट्रंप को झटका, 83 मिलियन डॉलर चुकाएंगे हर्जाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लेखिका ई. जीन कैरोल से दुष्कर्म एवं मानहानि मामले में उनको अब 83.3 मिलियन डॉलर का हर्जाना चुकानाा होगा। दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयार्क की संघीय अदालत में गवाही दी, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के दौरान नाराज हो गए और कोर्ट रूम से बाहर चले गए।



उनका आरोप था कि लेखिका के यौन शोषण के आरोपों का खंडन करने का केवल तीन मिनट मौका दिया गया। हालांकि, शुक्रवार को उनकी इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी थी। ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने कैरोल के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने बताया कि कैरोल ने झूठी कहानी बनाई थी। उनके वकीलों ने कहा कि कैरोल प्रसिद्धि की भूखी थी और अपनी दुश्मनी होने के चलते खिलाफ बोलने के कारण वह समर्थकों का ध्यान आकर्षित करती थी।

# अदन की खाड़ी में ब्रिटिश पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी



लाल सागर में हमले के बाद तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा से उठता धुंआ।

**भारतीय नौसेना ने आईएनएस विशाखापट्टनम किया तैनात, 22 भारतीय थे सवार, सभी सुरक्षित**

अदन की खाड़ी में ब्रिटिश तेल टैंकर एमवी मार्लिन लुआंडा में आग लगने की घटना के बाद भारतीय नौसेना ने आईएनएस विशाखापट्टनम तैनात किया है। नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने एमवी मार्लिन लुआंडा पर अग्निशमन प्रयासों में मदद के लिए एक टीम तैनात की गई।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि एमवी मार्लिन लुआंडा के चालक दल के साथ भारतीय नौसेना के अग्निशमन दल ने छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बता दें, जहाज पर ईरान समर्थित हूती आतंकवादियों ने हमला किया, पोत में 22 भारतीय समेत एक बांग्लादेशी चालक दल सवार था। सभी सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा, अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी। भारतीय नौसेना ने कहा कि 26 जनवरी की रात को एमवी मार्लिन लुआंडा का एक संकट कॉल मिला था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अदन की घाड़ी में आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया।

भारतीय नौसेना के अग्निशमन दल ने छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने कहा, यमन के हूती आतंकियों के मिसाइल हमले के बाद टैंकर में आग लग गई। ब्रिटिश तेल टैंकर के संचालक ने कहा है कि जहाज लाल सागर पार करने के बाद अदन की खाड़ी में एक मिसाइल से टकरा गया था।

## नवाज ने जारी किया घोषणा पत्र, कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले नवाज शरीफ ने शनिवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अन्य वादों के साथ ही भारत से शांति स्थापित करने की कही गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि उसकी पार्टी भारत सहित अन्य देशों को शांति का संदेश भेजेगी। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत को कश्मीर पर अनुच्छेद-370 फैसले को वापस लेना होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही आतंक के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र को 'पाकिस्तान को नवाज' दो नाम दिया गया है।

### सड़क पर उतरे किसान...



**फ्रांस :** 70 हजार से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। किसान आंदोलन में 41 हजार से अधिक ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए थे। बता दें, किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां उन्हें अप्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ● एजेंसी

## नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा देने पर हुआ बवाल यूएन बोला-निर्दयी तरीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलबामा में हत्या के दोषी एक व्यक्ति को नाइट्रोजन गैस से मारने पर हंगामा हो गया है। व्हाइट हाउस ने भी इस तरह से मौत की सजा देने पर चिंता जाहिर की है। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार संगठन ने भी इसे निर्दयी तरीका बताते हुए इसकी तीखी आलोचना की है।

व्हाइट हाउस ने इस पर कहा कि नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल चिंताजनक है। हम इससे बेहद दुखी और व्यथित हैं। अमेरिका में जहर का इंजेक्शन देकर मौत की सजा दी जाती है, लेकिन अलबामा, ओकलाहामा और मिसिसिपी में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा देने का प्रावधान है। अलबामा के अटॉर्नी जनरल स्टीव मार्शल ने केनेथ स्मिथ को नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा देने के फैसले का बचाव किया।

# जरांगे से मिले शिंदे, समाप्त की भूख हड़ताल

**आरक्षण आंदोलन: शिंदे ने कहा जो वादा किया था उसे निभा दिया आपकी जीत हुई**

नई दिल्ली, एजेंसी



मनोज जरांगे पाटिल को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते सीएम एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा विरोध समाप्त हो गया है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे ने शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आरक्षण को लेकर किए जा रहे अनशन को खत्म कर दिया।

जरांगे की सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मैंने जो वादा किया था, वो निभाया है। जरांगे का धरना खत्म होते ही महाराष्ट्र सरकर ने मराठा समुदाय के लोगों के रक्त संबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना उनके लिए लागू होगी जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में मनोज ने सरकार को चेतावनी दी कि 20 जनवरी, 2024 तक आरक्षण दिया जाए अन्यथा वह मुंबई की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी 2024 को अपना मार्च शुरू भी कर किया। 27 जनवरी को सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की और दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने मनोज को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा जो लंबे समय से सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जारांगे पाटिल मूलतः बीड जिले के रहने वाले हैं। मटोरी गांव में जन्मे मनोज ने 12वीं तक पढ़ाई की है। आजीविका के लिए बीड से जालना आ गए। यहां एक होटल में काम करते हुए सामाजिक कार्य शुरू किए।

## चीन ने ताइवान पर बढ़ाया दबाव, 33 विमान किए तैनात

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को धमकाने के लिए 33 लड़ाकू विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने सैन्य दबाव ऐसे समय बढ़ाया है, जब थाइलैंड में अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों की मुलाकात होने वाली है।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह छह बजे तक एसयू-30 लड़ाकू विमान समेत 33 विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा द्वीप और चीन के बीच अनाधिकारिक सीमा मानी जाती है। चीन द्वीपीय क्षेत्र ताइवान को अपना मानता है और इसे धमकाने के लिए लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजता रहता है।

# गाजा नरसंहार : आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

**यूएन की शीर्ष कोर्ट ने युद्ध विराम का आदेश देने से किया इनकार नरसंहार के आरोपों को सही ठहराया**

**द. अफ्रीका के राष्ट्रपति ने कहा- यह न्याय की ओर पहला कदम, कोर्ट के फैसले पर जताई खुशी**

हमास और इजराइल युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंट गई है। दोनों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से आग्रह किया था कि वह इजराइल को हमास आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य कार्रवाई को रोकने के आदेश दें।

हालांकि कोर्ट ने इस तरह के आदेश देने से मना कर दिया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान इजराइल को सैन्य हमले के दौरान मौत और क्षति को कम करने की हिदायत दी गई है। अदालत के फैसले के बाद अफ्रीका ने कहा-इजराइल पर लगाए गए नरसंहार के आरोपों को सही ठहराया हैं। वहीं, इजराइल ने अदालत के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमान जनक बताया है। बता दें, इजराइल पर गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अदालत का रुख किया था। अफ्रीका ने युद्ध विराम की मांग की थी।

### 24 घंटे में 11 आतंकियों को उतारा मौत के घाट


**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दावा किया है कि 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने कहा कि विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना कहा हमास ने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।

**अंकुश** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस करने का लक्ष्य

# एआई से रुकेगी टोल प्लाजा पर हो रही धांधली

नई दिल्ली, एजेंसी

एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) टोल प्लाजा पर हो रही धांधली अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से रोकेगा। अगले महीने से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दर्जन भर से अधिक टोल पर ट्रायल शुरू होने जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस कर दिए जाएं।



मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टोल नाके पर 100 मीटर से अधिक लंबी कतार है तो इस दायरे के बाद खड़े वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके लिए 100 मीटर से पहले एक यलो मार्किंग होती है। दूसरा नियम है कि टोल कटने में 10 सेकंड से अधिक का समय लगता है तो टोल नहीं देना होगा। लेकिन इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। टोल कर्मी बिना टोल के वाहन नहीं जाने देते। इसलिए एआई के जरिए टोल के नियमों का पालन कराया जाएगा।

ग्रीन सिग्नल मिलेगा 100 मीटर से अधिक दूरी पर खड़े वाहन को टोल गेट पर ग्रीन सिग्नल दिखेगा।

ऐसे में वाहन के फास्ट टैग से पैसे नहीं करेंगे। इसी तरह यदि टोल 10 सेकंड में नहीं कटा तो बैरियर स्वयं ऊपर हो जाएगा और ग्रीन सिग्नल वाहनों को मिलेगा। मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि यदि टोल कर्मी बैरियर को मैनुअली डाउन करे तो टोल कटेगा, कटेगा, लेकिन एआई से टोल ट्रांजेक्शन रिवर्ट फाइल में दर्ज हो जाएगा। 12 से 24 घंटे के अंदर टोल रकम, फास्ट टैग वालेट में जमा हो जाएगी।

### टोल के पास घर तो पास की नहीं होगी जरूरत




टोल नाके से 150 मीटर के आसपास जिनके घर हैं, उन्हें टोल से छूट के लिए मासिक पास मिलता है। उन्हें पास की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके वाहन नंबर डाटा में दर्ज हो जाएंगे और उसका भुगतान महीने में एक बार ही कट जाएगा।

# कालापानी-सुस्ता के अतिरिक्त भारत से कोई सीमा विवाद नहीं

काठमांडू, एजेंसी



**नेपाली विदेश मंत्री एनपी सऊद ने कहा सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा सकते हैं मतभेद**

नेपाल और भारत के सीमा विवाद को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने के स्थान पर इसे बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जा सकता है। इसका कारण यह है कि दोनों देश साझी संस्कृति में एक साथ बंधे हुए हैं। यह बात नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने शनिवार को कही। वह भारत के गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेपाल-भारत मैत्री सोसायटी द्वारा आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

सऊद ने कहा, नेपाल और भारत के बीच 1,800 किमी से अधिक लंबी सीमा है, इसलिए दोनों पड़ोसियों के बीच सीमा से संबंधित कुछ विवाद और बहस अपरिहार्य है। लेकिन, दोनों देशों की संयुक्त तकनीकी समिति ने अधिकांश विवादों को सुलझा लिया है। सुस्ता और कालापानी-लिपुलेख ही दो सीमा बिंदु हैं, जिन्हें हल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक साथ बैठकर बातचीत के जरिये मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा सकते हैं। नेपाल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण देश है क्योंकि, यह पांच भारतीय राज्यों सिक्किम, बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी से अधिक की सीमा साझा करता है। काठमांडू द्वारा 2020 में एक नया राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित करने के बाद दोनों देशों में तनाव आ गया था। इस मानचित्र में तीन भारतीय क्षेत्रों लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाया गया था।